VPL

वर्ष 10 अंक 278
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
16 जुलाई 2025
मूल्य: 4 रुपये


# नेशनल एक्सप्रेस


हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in


DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 एलजी मानहानि मामला: दोषसिद्धि के खिलाफ मेधा पाटकर की... | 06 न्याय व्यवस्था : सुधार की पुकार- ऋषभदेव शर्मा | 11 जडेजा बशीर के खिलाफ जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेल सकते थे: कुंबले















# सुधांशु शुक्ला अंतरिक्ष यात्रा से 18 दिन बाद पृथ्वी पर लौटे, देश भर में खुशी की लहर

**नयी दिल्ली,** (भाषा) शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन के प्रवास के बाद मंगलवार को खुशी और मुस्कुराहट के साथ पृथ्वी पर लौट आए। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने का वादा करती है।

लखनऊ में जन्मे शुक्ला और निजी 'एक्सिओम-4' मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री प्रशांत समयानुसार रात 2:31 बजे (भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे) कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के निकट प्रशांत महासागर में उतरे। इस दौरान पूरे भारत में खुशी की लहर दौड़ गई।

भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत रूस मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा की थी। वह ऐसे पहले भारतीय भी बन गए हैं, जिन्होंने पृथ्वी की कक्षा में सबसे लंबे समय (20 दिन) तक रहकर अंतरिक्ष की यात्रा की।

भारत, हंगरी और पोलैंड के लिए इस मिशन ने मानव अंतरिक्ष उड़ान की वापसी को साकार किया है, क्योंकि इन देशों के अंतरिक्ष यात्रियों ने 40 वर्षों से अधिक समय बाद पहली बार अंतरिक्ष की यात्रा की है।

ड्रैगन ग्रेस अंतरिक्ष यान 25 जून को फ्लोरिडा से उड़ा था और 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को आईएसएस पहुंचा था।

कक्षीय प्रयोगशाला में शुक्ला, कमांडर पैगी व्हिटसन तथा पोलैंड के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज़ उज़्नान्स्की-विस्नीवस्की और हंगरी के टिबोर कापू सहित एक्सिओम-4 मिशन दल ने अगले 18 दिन 60 प्रयोगों और 20 संपर्क सत्रों में बिताए।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने 28 हजार किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से यात्रा करते हुए एक्सिओम-4 चालक दल के सदस्यों को लेकर धीरे-धीरे गति कम करने और पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने के लिए कई प्रक्रियाएँ पूरी कीं तथा प्रशांत महासागर में उतरने से पहले तीव्र गर्मी का सामना किया।

कुछ ही मिनटों बाद ड्रैगन अंतरिक्ष यान को स्पेसएक्स के 'रिकवरी शिप शैनन' के ऊपर ले जाया गया, जहां शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्री मुस्कुराते हुए और कैमरों की ओर हाथ हिलाते हुए अंतरिक्ष यान से बाहर निकले।



## भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय हैं

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर तीन सप्ताह तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के साथ तालमेल बिठाने के लिए पैरों के सहारे चलवाने में शुक्ला और तीनों अंतरिक्ष यात्रियों की 'ग्राउंड स्टाफ' ने मदद की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरिक्ष प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौटे शुभांशु शुक्ला को बधाई दी और कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 'एक्सिओम-4' मिशन के संचालन में उनकी भूमिका ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इस मिशन में शामिल सभी लोगों को मेरी बधाई।''

अंतरिक्ष यात्रा से शुक्ला के लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''मैं ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करने में राष्ट्र के साथ शामिल हूं, क्योंकि वह अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं।''

लखनऊ में शुक्ला के माता-पिता ने अपने बेटे के पृथ्वी पर लौटने पर राहत की साँस ली। शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला और माँ आशा देवी की आंखों से खुशी के आँसू निकल आए। उनकी बहन शुचि मिश्रा ने भी नम आँखों और हाथ जोड़कर अपने भाई के पृथ्वी पर उतरने का स्वागत किया।

शंभू दयाल शुक्ला ने कहा, ''वह अंतरिक्ष में गए और वापस आए तथा हम बहुत खुश हैं, क्योंकि इस मिशन का देश के गगनयान कार्यक्रम के लिए अपना महत्व है।''

इसरो ने अंतरिक्ष उड़ान के लिए 550 करोड़ रुपये का निवेश किया था और इस मिशन से प्राप्त सीख से भारत को अपनी मानव अंतरिक्ष उड़ान महत्वाकांक्षाओं - गगनयान परियोजना को पूरा करने में मदद मिलने की उम्मीद है, जिसके 2027 तक प्रक्षेपण की योजना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में शुक्ला ने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।''

हेलीकॉप्टर के जरिए तट पर ले जाए जाने से पहले एक्सिओम-4 के चालक दल को जहाज पर ही कई चिकित्सीय जांचों से गुजरना पड़ा।

चारों अंतरिक्ष यात्रियों के फिर से धरती के वातावरण में गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव के प्रति अनुकूलन के लिए सात दिन पुनर्वास कार्यक्रम में रहने उम्मीद है, क्योंकि पृथ्वी की कक्षा में वे भारहीनता की स्थिति में थे।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि शुक्ला ने सभी सात सूक्ष्म गुरुत्व प्रयोगों और अन्य नियोजित गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिससे 'एक्सिओम-4' मिशन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। इसने कहा कि टार्डिग्रेड्स के भारतीय प्रकार, मायोजेनेसिस, मेथी और मूंग के बीजों का अंकुरण, साइनोबैक्टीरिया, सूक्ष्म शैवाल, फसल के बीज और 'वॉयेजर डिस्प्ले' पर प्रयोग योजना के अनुसार पूरे हो गए हैं।

## शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि ने अरबों सपनों को प्रेरित किया है: प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि शुभांशु शुक्ला ने अपने समर्पण, साहस और अन्वेषण भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिन रहने के बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ''मैं राष्ट्र के साथ मिलकर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं।'' उन्होंने शुक्ला की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और वाणिज्यिक 'एक्सिओम-4 मिशन' के उनके तीन अन्य साथी मंगलवार को पृथ्वी पर लौट आए। ड्रैगन 'ग्रेस' अंतरिक्ष यान दक्षिणी कैलिफोर्निया में सैन डिएगो के नजदीक समुद्र में

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी मानहानि मामले में अदालत में हुए पेश, जमानत मिली

**लखनऊ**, (भाषा) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को अपने खिलाफ मानहानि के एक मामले में यहां एक विशेष एमपी-एमएलए (सांसद-विधायक) अदालत में पेश हुए और उन्हें जमानत मिल गई।

गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल ने यह जानकारी दी। अग्रवाल ने बताया कि यह मामला 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित है। वकील ने बताया कि सांसद-विधायक अदालत के न्यायाधीश आलोक वर्मा ने उन्हें हिरासत में लिया और उनकी जमानत याचिका स्वीकार करने के बाद उन्हें रिहा कर दिया। अदालत के निर्देशानुसार जमानत बांड और जमानत राशि जमा करने के बाद उन्हें जाने दिया गया।



अग्रवाल ने कहा कि अदालत अब अगली सुनवाई में मामले में आगे की कार्यवाही करेगी। विशेष अदालत ने इस मानहानि मामले में उन्हें आरोपी के रूप में तलब किया था। इसके पहले गांधी अपराह्न करीब एक बजे लखनऊ हवाई अड्डे पहुंचे और फिर वहां से पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय और उत्तर प्रदेश के पार्टी मामलों के प्रभारी अविनाश पांडे के साथ विशेष सांसद/विधायक अदालत के लिए रवाना हुए।

राय ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''उनका (गांधी) अदालती सुनवाई में शामिल होने का कार्यक्रम है और वह बाद में दिल्ली लौटेंगे। अगले कुछ दिनों में उनके अपने निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली का दौरा करने के लिए फिर से उत्तर प्रदेश आने की संभावना है।' इस दौरान संबंधित मार्ग और अदालत परिसर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

अदालत ने सीमा सड़क संगठन के सेवानिवृत्त निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव की शिकायत पर गांधी को आरोपी के रूप में तलब किया।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 16 दिसंबर, 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मीडियाकर्मियों और जनता को संबोधित करते हुए गांधी ने नौ दिसंबर (2022) को अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर भारतीय सेना और चीनी सेना के बीच हुई झड़प का ज़िक्र किया तथा कहा कि ''लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में तो पूछेंगे, लेकिन चीनी सैनिकों द्वारा हमारे सैनिकों की पिटाई के बारे में एक बार भी नहीं पूछेंगे।''

## न्यूज ब्रीफ

### अदालत ने इंजीनियर रशीद की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में शामिल होने को लेकर लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद की अर्जी पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रखा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने बारामूला के सांसद रशीद की याचिका पर 21 जुलाई के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया। इंजीनियर रशीद ने इस याचिका में सांसद के तौर पर अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए अंतरिम जमानत या अभिरक्षा पैरोल का अनुरोध किया था। अभिरक्षा पैरोल के तहत किसी बंदी को सशस्त्र पुलिस कर्मियों की निगरानी में (पेशी या निर्धारित कार्य) के लिए ले जाया जाता है। रशीद के वकील विख्यात ओबेरॉय ने दलील दी कि उनके मुवक्किल को अंतरिम जमानत देकर संसद सत्र में शामिल होने की अनुमति दी जानी चाहिए।

# बिहार मंत्रिमंडल ने एक करोड़ नौकरियों और रोजगार के अवसरों के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**पटना**, (भाषा) बिहार मंत्रिमंडल ने अगले पांच वर्षों में 'एक करोड़ नौकरियों और रोजगार के अवसरों' के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में श्रम विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई और इस संबंध में संभावनाएं तलाशने और निर्णय लेने के लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री ने रविवार को घोषणा की थी कि ''अगले पांच वर्षों (2025 से 2030) के लिए, हम एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार के अवसर प्रदान करके 2020-25 के लक्ष्य को दोगुना करने का लक्ष्य रख रहे हैं। इसे प्राप्त करने के लिए, निजी क्षेत्र में विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में नयी नौकरी और रोजगार के अवसर भी पैदा किए जाएंगे। इस उद्देश्य के लिए, एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है।''

मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद, अतिरिक्त मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) एस सिद्धार्थ ने



संवाददाताओं को बताया, ''राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को श्रम विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसके तहत अगले पांच वर्षों (2025-2030) में राज्य के युवाओं को एक करोड़ नौकरियां और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। सरकार ने इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय समिति गठित करने का भी निर्णय लिया है।'' मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों के 30 प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यह फैसला महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा ''मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राज्य में अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और लगभग 39 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है तथा 50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी/रोजगार देने के लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त कर लिया जाएगा।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सात निश्चय' कार्यक्रम के तहत राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अगले पांच वर्षों में युवाओं के कौशल विकास के लिए 'सात निश्चय' के तहत जारी कार्यक्रम को विस्तारित किया जाएगा।

मंत्रिमंडल ने मेट्रो रेल के प्राथमिकता वाले कॉरिडोर के रखरखाव के लिए 179 करोड़ रुपये से अधिक की राशि को भी मंजूरी दी, जो पटना में 15 अगस्त, 2025 से चालू हो जाएगा। मेट्रो रेल प्राथमिकता कॉरिडोर के रखरखाव के लिए लगभग 179 करोड़ रुपये और तीन मेट्रो कार सिंगल सेट किराए पर लेने के लिए 21.15 करोड़ रुपये मंजूर करने के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी। तीन डिब्बों वाली यह ट्रेन मलाही पकड़ी और न्यू आईएसबीटी के बीच 6.49 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड सेक्शन पर चलेगी। यह एक प्राथमिकता वाला कॉरिडोर है जिसे शहर के सबसे व्यस्त यातायात क्षेत्रों में से एक की सेवा के लिए डिज़ाइन किया गया है।

मंत्रिमंडल के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने संवाददाताओं से कहा, ''मुझे लगता है कि सरकार बेहोशी की हालत में है। वे (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) जानते हैं कि आगामी विधानसभा चुनावों में जनता उन्हें उखाड़ फेंकेगी। वे सत्ता गंवाने वाले हैं, यह तय है।'' विधानसभा में विपक्ष के नेता यादव ने कहा, ''लोग जानते हैं कि राजग नेता अपने वादे कभी पूरे नहीं करते। चुनाव से पहले वे कोई भी घोषणा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि एक करोड़ नौकरियों के लिए धन कहां से आएगा। पत्रकारों को यह सवाल पूछना चाहिए।''




# इंदौर मॉडल से प्रभावित हुए देवनानी, राजस्थान में अत्याधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की वकालत




राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इंदौर नगर निगम द्वारा संचालित वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का दौरा करते हुए उसकी सराहना की और इसे देश का सर्वोत्तम मॉडल बताया। अपनी तीन दिवसीय मध्यप्रदेश यात्रा के दौरान मंगलवार को उन्होंने इंदौर के इस अत्याधुनिक संयंत्र की कार्यप्रणाली को समझा और तकनीकी विवरणों की जानकारी ली। देवनानी ने कहा कि यह मॉडल पूरे देश के लिए प्रेरणा है, जो न केवल कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को दर्शाता है, बल्कि शहरी जीवन को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरणीय रूप से संतुलित बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।देवनानी ने कहा कि वे इस मॉडल को राजस्थान के अजमेर नगर निगम सहित अन्य प्रमुख शहरों में लागू करवाने के लिए राज्य सरकार से चर्चा करेंगे। उनका मानना है कि इस दिशा में सार्थक प्रयास किए गए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के अनुरूप "स्वच्छ राजस्थान" का लक्ष्य साकार किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वेस्ट मैनेजमेंट की दिशा में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल समाधान जरूरी हैं, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके।उन्होंने कचरा प्रबंधन की समस्या को एक गंभीर वैश्विक चुनौती बताया और कहा कि खासकर प्लास्टिक कचरा जल, वायु और मिट्टी को गंभीर रूप से प्रदूषित करता है। इस जटिल समस्या के समाधान के लिए आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ जन जागरूकता, सामूहिक भागीदारी और कड़ी निगरानी की आवश्यकता भी बताई। देवनानी ने स्पष्ट किया कि केवल प्रशासनिक योजनाओं से काम नहीं चलेगा, जनता की सहभागिता और जागरूकता से ही इस संकट का समाधान संभव है।इस यात्रा के धार्मिक पक्ष में भी देवनानी सक्रिय रहे। उन्होंने उज्जैन में महाकालेश्वर और काल भैरव मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि भगवान शिव शाश्वत चेतना के प्रतीक हैं और उन्होंने देश व प्रदेश की समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा भी इस मौके पर उनके साथ थे। इसके अतिरिक्त, देवनानी ने श्रावण मास के पावन अवसर पर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में पूजा की और नर्मदा तट पर धार्मिक अनुष्ठान भी किया।देवनानी की यह यात्रा जहां स्वच्छता और पर्यावरण के क्षेत्र में गंभीर प्रशासनिक दृष्टिकोण का परिचायक रही, वहीं धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ाव का भी प्रतीक बन गई। इंदौर मॉडल को राजस्थान में अपनाने की दिशा में उनका यह दौरा राज्य की नगरीय व्यवस्थाओं में परिवर्तन की संभावनाओं को बल देता है।

# छात्र द्वारा प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में 16 जुलाई को बंद

**हिसार,** जिले के बास बादशाहपुर गांव के एक निजी स्कूल में छात्र द्वारा प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में सोमवार को विभिन्न यूनियनों के सदस्य हिसार में एकत्र हुए। इस दौरान प्राइवेट स्कूल संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने एक प्रेसवार्ता कर शिक्षक समाज की चिंता और आक्रोश को सार्वजनिक किया। प्रेसवार्ता में सत्यवान कुंडू ने कहा कि, गुरु और शिष्य का संबंध अत्यंत पवित्र होता है, लेकिन हालिया घटना ने पूरे शिक्षक वर्ग को भयभीत कर दिया है। क्या अब शिक्षक यह सोचकर स्कूल जाएंगे कि वे घर लौट भी पाएंगे या नहीं? उन्होंने कहा कि वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आरोपी छात्र ने चाकू से हमला करने के बाद गाली-गलौज भी की। ऐसी घटना से शिक्षक डरे हुए हैं कि स्कूल जाने के बाद भी क्या घर वापस पहुंच पाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सरकार से अपील करना चाहते हैं कि प्रदेश में शिक्षकों के लिए सेफ्टी एक्ट लागू किया जाए। स्कूल के सामने सुरक्षा के लिए पुलिस का पहरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर बच्चा गलत रास्ते पर जाता है तो हम सब उसके लिए दोषी होते हैं। घर में बच्चों को परिवार के साथ बैठना चाहिए और समय बिताना चाहिए। इससे उनके अंदर अच्छे संस्कार जन्म लेंगे। उन्होंने कहा कि दोषी विद्यार्थियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वहीं, प्राइवेट स्कूल संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा कि हम सरकार ओर प्रशाशन से मांग करते है कि मृतक के परिजनों को सुरक्षा दी जाए।

# श्रीरामचरितमानस का समापन पर विशाल संत भंडारा का आयोजन

*अनन्त श्री विभूषित श्री मत्परमहंस श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महामण्डलेश्वर श्री स्वामी शुकदेवानन्द सरस्वती जी महाराज का 60 वां महानिर्वाण महोत्सव आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा से श्रावण कृष्ण पंचमी तक श्रीरामचरितमानस का षड् दिवसीय सामूहिक संगीतमय अखंड पाठ का समापन*




**ऋषिकेश।** आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा से श्रावण कृष्ण पंचमी तक आयोजित षड्दिवसीय संगीतमय श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ का समापन एक भव्य व भावमय संत भंडारे के साथ संपन्न हुआ। यह पावन आयोजन परम पूज्य अनन्त श्री विभूषित श्रीमत्परमहंस श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महामण्डलेश्वर श्री स्वामी शुकदेवानन्द सरस्वती जी महाराज के 60वें महानिर्वाण महोत्सव के अवसर पर आयोजित किया गया।पूज्य स्वामी शुकदेवानन्द सरस्वती जी महाराज महाज्ञानी संत महापुरूष थे, वे सनातन धर्म की दिव्य परंपरा के एक अद्भुत स्तंभ थे। उनका संपूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति, वेद-वेदान्त और भगवद्भक्ति को समर्पित रहा। आज भी उनकी शिक्षाएं और आशीर्वाद श्रद्धालुओं के जीवन को आलोकित कर रहे हैं। उनका संदेश जल में नाव रहे तो कोई हानि नहीं, पर नाव में जल नहीं रहना चाहिये, इसी प्रकार साधक संसार में रहे तो कोई हानि नहीं, परन्तु साधक के भीतर संसार नहीं रचना चाहिये।श्रीरामचरितमानस के इस सामूहिक अखंड पाठ में बड़ी संख्या में संत, विद्वान और श्रद्धालु एकत्र हुए। संगीतमय पाठ की सुमधुर ध्वनि से पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से युक्त कर दिया। श्रीरामचरितमानस एक महाग्रंथ है जो भारतीय जनमानस की आत्मा है। उसमें भक्ति है, नीति है, नीति में जीवन-दर्शन और जीवन में लोककल्याण का संदेश भी समाहित है।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि श्रीरामचरितमानस, संस्कारों का अमृत है। श्रीरामचरितमानस का पाठ एक दिव्य संस्कार है। मानस हमें मर्यादा, सेवा, प्रेम, त्याग, और संपूर्ण जीवन की शुचिता का संदेश देती है। महानिर्वाण महोत्सव न केवल एक पुण्यस्मरण है, बल्कि उस दिव्य ज्योति को प्रणाम करने का अवसर है, जिन्होंने अनगिनत आत्माओं को आत्मज्ञान और शांति की दिशा दिखाई। इस अवसर पर भव्य संत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने संतों की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। यह भंडारा अन्न सेवा की उस परंपरा का स्मरण था जिसमें अतिथि और संत को नारायण के रूप में सेवा देने की भावना रही है। श्री रामचरितमानस के माध्यम से युवा पीढ़ी में जीवन मूल्य संप्रेषित होते हैं। जब समाज दिशाहीन हो रहा हो, तब श्रीराम जी के आदर्श और मानस का प्रकाश एक अमिट मार्गदर्शक है।श्रीरामचरितमानस का यह भव्य अखंड पाठ और संत भंडारा एक ऐसा पुण्य अवसर बना, जिसमें श्रद्धा, सेवा, भक्ति और आत्मचिंतन की सरिता एक साथ बही। इस आयोजन के माध्यम से पूज्य शुकदेवानन्द जी महाराज को श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को अपनाने और सनातन धर्म की महिमा ये जीवन को प्रकाशित करने का संकल्प लिया। इस पावन अवसर पर परमार्थ निकेतन के व्यवस्थापक आर ए तिवारी जी, श्री हीरालाल जी, आर के दीक्षित जी और परमार्थ निकेतन के ऋषिकुमार उपस्थित रहे।

## फ्लोरेंट पब्लिकेशन का तीसरा वार्षिक उत्सव संपन्न, 39 साहित्यकारों को किया गया सम्मानित

**नई दिल्ली।** हिंदी साहित्य को समर्पित प्रतिष्ठित संस्था फ्लोरेंट पब्लिकेशन ने अपना तीसरा वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह नई दिल्ली में हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया। आओ सपने प्रकाशित करें.. की प्रेरणास्पद टैगलाइन के साथ आयोजित इस समारोह में देशभर से जुटे साहित्यकारों और रचनाकारों ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापिका मीना सिंह 'मीन' द्वारा सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें फ्लोरेंट टीम की सदस्याएं मोनिका सिंह 'मोह', चेतना लवास और प्रियंका गहलौत 'प्रिया कुमार', तथा मुख्य अतिथि अभिषेक शुक्ला शामिल हुए।समारोह में प्रसिद्ध युवा कवि अभिषेक शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रहीं मुस्कान सागर 'सना', श्वेता श्रीवास्तव, कैफ़ी कुणाल, गौरव सकलानी, आनंद मोहन झा और काशिफ़ बेग 'काशिफ़', जिन्होंने अपनी कविताओं व ग़ज़लों से समारोह में रंग भर दिए। हिंदी साहित्य में योगदान के लिए फ्लोरेंट पब्लिकेशन ने तीन प्रमुख श्रेणियों – फ्लोरेंट काव्यशिल्पी सम्मान, फ्लोरेंट कथाशिल्पी सम्मान और फ्लोरेंट साहित्यिक सम्मान के अंतर्गत कुल 39 लेखकों व लेखिकाओं को सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाले प्रमुख रचनाकारों में डॉ. हरदीप कौर 'दीप', विद्या शुक्ला, रमा गुरु, ललित कुमार, बबिता प्रकाश, गगन ढींगरा, रितु रस्तोगी 'कहकशाँ', इंदु वर्मा, अर्चना वर्मा, पूर्णिमा राय, ईशा भारद्वाज, प्रवीण कुमार दुबे, अभिनव अतीक, आशा किरन, श्वेता गुप्ता, अंकिता सिंह 'रिनी' आदि शामिल रहे। जो रचनाकार कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, उन्हें उनके सम्मान डाक द्वारा भेजे गए।दिल्ली-एनसीआर से पधारे लगभग 40 कवि-कवयित्रियों ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इनमें कंचनमाला 'अमर', कवि रितेश, रोमिल, बलराम दाधीच, बेग राज 'बीर', आशु चन्द्रा, हसन तुकबंदी, योगेश कुमार, अनिरुद्ध झारखंडी, संजू सिंगर, हर्ष भटनागर, प्रतिभा सिंह, सुशील कुमार, सुनीता ठाकुर, शिखा खुराना 'कुमुदिनी', वाणी शर्मा, राजेंद्र मिराज, फकीर और शशि महेंद्र जैसे नाम प्रमुख रहे।फ्लोरेंट टीम ने सभी अतिथियों और रचनाकारों का आभार जताते हुए स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का समापन भावभीने धन्यवाद के साथ हुआ, जिसने उपस्थित सभी साहित्य प्रेमियों के मन में एक प्रेरणादायी छाप छोड़ी। फ्लोरेंट पब्लिकेशन ने कम समय में हिंदी साहित्य में अपनी सशक्त पहचान बनाते हुए यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और निस्वार्थ सेवा से भाषा और साहित्य का भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सकता है।

# सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए तंत्र में सुधार करना चाहिए



**बीजिंग, (भाषा)** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने मंगलवार को एससीओ सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों से कहा कि समूह को सुरक्षा खतरों और चुनौतियों का जवाब देने के लिए तंत्र में सुधार करना चाहिए तथा एक ठोस सुरक्षा कवच तैयार करना चाहिए।

विदेश मंत्री एस जयशंकर 10 सदस्यीय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के उन विदेश मंत्रियों और स्थायी निकायों के प्रमुखों में शामिल थे, जिनसे चिनफिंग ने तियानजिन में उनकी बैठक से पहले यहां मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से पिछले 24 वर्षों में, एससीओ ने हमेशा शंघाई भावना को कायम रखा है, एक परिपक्व और मजबूत संगठन के रूप में विकसित हुआ है, और मजबूत जीवंतता का प्रदर्शन किया।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अशांत और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर, एससीओ को केंद्रित और आश्वस्त रहना चाहिए, कुशलतापूर्वक कार्य करना चाहिए तथा विश्व में अधिक स्थिरता और सकारात्मक ऊर्जा लाने में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

चिनफिंग ने कहा कि चीन ने हमेशा अपनी पड़ोस कूटनीति (नेबरहुड डिप्लोमेसी) में एससीओ को प्राथमिकता दी है और संगठन को अधिक ठोस और मजबूत बनाने, क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता की रक्षा करने, सदस्य देशों के विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने और साझा भविष्य के साथ एक करीबी समुदाय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक को लेकर जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया कि एससीओ को सुरक्षा खतरों और चुनौतियों पर प्रतिक्रिया देने के लिए तंत्र में सुधार करना चाहिए, एक ठोस सुरक्षा कवच तैयार करना चाहिए, तथा शांति और स्थिरता के लिए जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना चाहिए।

एससीओ ने पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा और रक्षा से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना (आरएटीएस) नामक एक सुरक्षा तंत्र विकसित किया है। चीन वर्तमान में एससीओ की अध्यक्षता कर रहा है।

इस वर्ष चीन के तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन होना है। इस के मद्देनजर चिनफिंग ने कहा कि वह इस सम्मेलन में अन्य सदस्य देशों के नेताओं से मिलकर एससीओ के भविष्य के विकास पर चर्चा करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और एससीओ के अन्य सदस्य देशों के नेताओं के इसमें भाग लेने की उम्मीद है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने इससे पहले 'तास' समाचार एजेंसी को बताया था कि शिखर सम्मेलन 30 अगस्त से एक सितंबर के बीच तियानजिन में आयोजित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### चीन में एच20 एआई कंप्यूटर चिप की आपूर्ति जल्द शुरू होने की उम्मीद: एनवीडिया सीईओ

**बीजिंग, (एपी)** एनवीडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन्सेन हुआंग ने कहा कि उनकी कंपनी को अपने उन्नत एच20 एआई (कृत्रिम मेधा) कंप्यूटर चिप चीन को बेचने के लिए अमेरिकी प्रशासन से मंजूरी मिल गई है। हुआंग ने सोमवार देर रात कंपनी के ब्लॉग में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया, ''अमेरिका सरकार ने एनवीडिया को आश्वासन दिया है कि लाइसेंस प्रदान किए जाएंगे और कंपनी को आपूर्ति जल्द शुरू करने की उम्मीद है।''हुआंग ने बीजिंग में पत्रकारों से कहा, '' आज, मैं घोषणा कर रहा हूं कि अमेरिकी सरकार ने एच20 की आपूर्ति शुरू करने के लिए लाइसेंस आवेदन को मंजूरी दे दी है।'' उन्होंने कहा, '' दुनिया के सबसे अधिक एआई शोधकर्ता चीन में हैं। चीन में यह इतना नवीन और गतिशील है कि बेहद जरूरी हो जाता है कि अमेरिकी कंपनियां, चीन में प्रतिस्पर्धा करें और बाजार में अपनी सेवाएं दे सकें।''हुआंग ने हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य अमेरिकी नीति-निर्माताओं से मुलाकात की थी। इस सप्ताह वे आपूर्ति श्रृंखला सम्मेलन में हिस्सा लेने और चीनी अधिकारियों से वार्ता करने के लिए बीजिंग में हैं।


### अस्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति पिछले वित्त वर्ष में 9.7 प्रतिशत बढ़ी: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, (भाषा)** देश में काम के आधार पर निश्चित अवधि वाली यानी अस्थायी नौकरियों की तादाद बढ़ी है। इस श्रेणी में कर्मचारियों की संख्या पिछले वित्त वर्ष में 9.7 प्रतिशत बढ़ गई। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। अस्थायी कर्मचारियों की भर्ती करने वाली कंपनियों के शीर्ष निकाय 'इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन' (आईएसएफ) ने वित्त वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट में कहा कि अल्पकालिक काम या परियोजना के आधार पर अस्थायी अथवा ठेके पर रखे जाने वाले कर्मचारियों की श्रेणी में 9.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही मार्च, 2025 तक आईएसएफ के सदस्यों के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी नौकरियां करने वाले अस्थायी कार्यबल की संख्या 18 लाख पहुंच गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर तनाव और व्यापार युद्ध के बीच सतर्क धारणा के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में उद्योग ने 1.39 लाख नए अस्थायी कर्मचारियों को जोड़ा। इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन के अध्यक्ष लोहित भाटिया ने कहा, ''वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों को कार्यबल से जोड़ने वाला 'स्टाफिंग' उद्योग संगठित रोजगार में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बना हुआ है। यह न केवल नौकरी चाहने वालों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रहा है बल्कि कंपनियों की परिचालन दक्षता बनाये रखने में भी मदद कर रहा है।''

### 50,000 रुपये मासिक से कम कमाने वाले 93 प्रतिशत वेतनभोगी करते हैं क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल: रिपोर्ट

**मुंबई, (भाषा)** कम आय वर्ग के लोगों में क्रेडिट कार्ड पर निर्भरता बढ़ रही है। 'थिंक 360 डॉटएआई' के एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। अध्ययन में कहा गया है कि 50,000 रुपये मासिक से कम कमाने वाले लगभग 93 प्रतिशत वेतनभोगी इस 'प्लास्टिक मनी' पर निर्भर हैं। इस अध्ययन के तहत 12 महीने के दौरान भारत में 20,000 से अधिक वेतनभोगी और स्वरोजगार वाले व्यक्तियों के वित्तीय व्यवहार का विश्लेषण किया गया। इसके मुताबिक, 85 प्रतिशत स्वरोजगार वाले व्यक्ति क्रेडिट कार्ड पर निर्भर हैं। मंगलवार को जारी अध्ययन में कहा गया कि 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें' सेवाओं का इस्तेमाल 18 प्रतिशत स्वरोजगार व्यक्ति और 15 प्रतिशत वेतनभोगी व्यक्ति करते हैं। ''भारत के विकसित होते कर्ज परिदृश्य में, क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल अब वेतनभोगी पेशेवरों से लेकर अस्थायी कर्मियों तक, सभी के लिए जरूरत बन गए हैं।''

# बाबा विनोबा ! बांग्लादेश की घटना वर्ष 1971?



शेख मुजीबुर्रहमान ने पूर्व बंगाल की विधानसभा के लिए उम्मीदवार खड़े किए थे। उनमें से 95 प्रतिशत उनके उम्मीदवार चुनकर आए और अंततः उन्हें बहुमत मिल गया। यानी वे पूर्व बंगाल के राजा हो गए। इसका अर्थ हुआ कि पूर्व बंगाल और पश्चिम पाकिस्तान दोनों की सत्ता उनके हांथ में आनी है। जनरल याह्या खान ने कहा था कि मिलिट्री_ रुल जल्द से जल्द हट जाएगा। यहां लोकशाही स्थापित करनी है। लेकिन उन्होंने फिर से वहां मार्शल लॉ जाहिर कर दिया। सूट एट साइट ऐसी आज्ञा दे दी। दस बारह दिन के अंदर पश्चिम पाकिस्तान में पंजाब की फौज लाकर रख दी। इसके खिलाफ शेख मुजीबुर्रहमान ने बड़ी बगावत कर दी। इतना बड़ा असहकार किया जिसकी चर्चा गांधीजी ने जो असहकार किया था उसके समान होने लगी। गांव गांव में असहकार शुरू हुआ। सारा बांगला देश पुलिस और कारखाने के लोग आदि सब उसमें शामिल हो गए। अब इसे दबाने के लिए फिर से मार्शल लॉ लागू किया गया। शेख पर राष्ट्र के टुकड़े करने का आरोप लगाया था। बाबा कहते थे कि यह दुनिया की दृष्टि से बहुत भयंकर घटना थी। सात कोटि लोगों में से जाने कितने लोगों को उन्होंने मार डाला। पंजाबी विरुद्ध बंगाली झगड़ा बन गया। पंजाबी लोग बंगालियों की अपेक्षा थोड़े मजबूत होते हैं। गोलियां तो चल ही रही थीं लेकिन रूथलेस टैंक भी लाए गए। बाबा ने उसे मानव वध की संज्ञा दी थी। 27 मार्च 1971 को याह्या खां ने मार्शल लॉ जारी रखने की घोषणा की। बाबा ने इस दुख में कई दिन भोजन नहीं किया।

यह कठिन समय था कि मार्शल लॉ के रहते अहिंसा कैसे सिद्ध करना यह चुनौती थी। बांगला देश में जो हुआ उससे यह तो सिद्ध हुआ कि लोकतंत्र की रक्षा सेना से नहीं हो सकती। आज अहिंसा की ताकत खड़ी करनी है ,तो गांव के सिवाय दूसरा आधार नहीं है। यह गांव की बुनियाद पर ही हो सकता है। बाबा कहते थे कि मुजीब ने जो काम किया ,वह बहुत बड़ा है फिर भी वह राजनैतिक ही है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा मत प्राप्त किए। बाबा इसलिए कहते कि समाज को राजकारण से मुक्ति मिले और समाज में लोकनीति लानी है। बाबा ने कहा कि बांगला देश के लोगों ने उत्तम असहकार साबित किया।अहिंसा साबित नहीं की। गांधीजी के जमाने में हमने भी अंग्रेजों के राज के खिलाफ असहकार तो साबित किया था,अहिंसा नहीं। अभी बांग्ला देश में तो ऊपर से बम गिरे और प्रतिकार अहिंसक रहा। ऐसी मिशाल दुनिया में नहीं है। वह लाठी बंदूक से लड़े। बाबा को उनकी प्रतिकार की प्रक्रिया का गौरव महसूस हो रहा था। वे वीर हैं वीरता सिद्ध कर रहे थे। बाबा ने कहा कि इंदिराजी कहती हैं कि योग्य समय पर मान्यता देंगे।नहीं देंगे ऐसा कभी नहीं कहा। योग्य समय कौन_सा, यह वही तय कर सकती हैं। बाबा ने कहा कि यह पूरा मामला राजनीति का है लोकनीति का नहीं। इसलिए बाबा का ध्यान उस मसले पर कम ही रहा। हमारे लोग वहां सेवा कार्य कर रहे हैं यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है। इंदिरा जी ने हद दर्जे का धैर्य दिखाया।उन्होंने देखा कि उनकी फौजें बिल्कुल सामने आ गई हैं और हवाई जहाज के हमले शुरू हुए हैं तब उन्होंने कहा कि अब लड़ाई शुरू हो। अब लड़ाई अपना मुख्य उद्देश्य पूरा होने तक जारी रहनी चाहिए और वह उद्देश्य पूर्ण होने के बाद ही शांति से बांगला देश बनाना चाहिए। प्रथम तो भारत को यह लड़ाई जीतनी चाहिए।और लड़ाई पूर्णरूप से जीतने के बाद बांगला देश को सचमुच आजादी देना चाहिए। युद्ध अनिवार्य है, लेकिन युद्धोंमाद नहीं होना चाहिए। इंदिरा जी ने जो बहुत बड़ा काम किया है,वह एकदम एकतरफा सीज फायर (युद्ध विराम)। एकदम दुनिया चुप हो गई। उन्होंने बांगला देश मुक्ति का उद्देश्य पूरा होते ही। भारत ने सीज फायर घोषित किया जबकि दुनिया समझ रही थी, कि इंदिरा जी अब कश्मीर आदि की तरफ बढ़ जाएंगी। बाबा ने 21 दिसंबर 1971 को पवनार में कहा कि बांगला देश को स्वतंत्र कर दिया यह जितनी बड़ी कमाई है,उससे भी बड़ी कमाई है युद्ध विराम। बाबा ने बांगला देश के बारे में कहा कि यह कार्य गीता और रामायण के अनुसार हुआ।रामायण में वर्णन है कि रावण को खत्म किया और राजन उन्हीं लोगों के हांथ में सौंपा। ठीक ऐसा ही भारत ने भी किया। उन्हें सौंपकर अपनी सेनाएं हटा लीं। भारत ने एकतरफा युद्धबंदी घोषित की और शिखरवार्ता के द्वारा मेल करने का प्रयास भी किया । बाबा इसे शांति कार्य ही मानते थे।



# पूंजी बाजार में खुदरा भागीदारी बढ़ी, डीमैट खातों की संख्या 2025 में बढ़कर 19.4 करोड़

**मुंबई, (भाषा)** भारतीय बाजार में खुदरा निवेशकों की उल्लेखनीय भागीदारी देखी जा रही है और डीमैट खातों की संख्या 2019 के 3.6 करोड़ से बढ़कर 2025 में 19.4 करोड़ हो गई। बाजार नियामक सेबी की एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। इस बीच, सूचीबद्ध कंपनियों में घरेलू संस्थागत निवेशकों का स्वामित्व 13 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो गया जबकि विदेशी स्वामित्व 22 प्रतिशत से घटकर 17 प्रतिशत रह गया है।

आईवीसीए नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2025 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की कार्यकारी निदेशक रुचि चोजर ने कहा कि विश्वास निवेश की आधारशिला है और भारत ने वह विश्वास हासिल कर लिया है।

आईवीसीए द्वारा जारी बयान में रुचि चोजर के हवाले से कहा गया, ''सेबी का नियामक दृष्टिकोण पूंजी निर्माण को प्रणालीगत स्थिरता और निवेशक संरक्षण के साथ संतुलित करने पर केंद्रित रहा है। विश्वास निवेश की आधारशिला है और भारत ने वह विश्वास हासिल किया है।''

उन्होंने बताया कि खुदरा भागीदारी 2019 में 3.6 करोड़ डीमैट खातों से बढ़कर 2025 में 19.4 करोड़ हो गई। रुचि चोजर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय कंपनियों ने शेयर एवं ऋण के जरिये करीब 93 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं।

वित्त वर्ष 2024-25 में इक्विटी जारी करने से रिकॉर्ड 4.3 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए जिसमें आरंभिक सार्वजनिक निर्गम से 1.7 लाख करोड़ रुपये शामिल हैं। इस बीच, सूचीबद्ध कंपनियों में घरेलू संस्थागत निवेशकों का स्वामित्व 13 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो गया

उन्होंने कहा, ''यह वृद्धि न केवल नीति और बुनियादी ढांचे से, बल्कि निवेशकों के बढ़ते विश्वास से भी प्रेरित है।''इसके अलावा उन्होंने भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में पूंजी बाजार के महत्व पर भी बात की। उन्होंने कहा, ''भारत के हरित बदलाव की ओर बढ़ने में पूंजी बाजारों और विशेष रूप से वैकल्पिक निवेश कोषों (एआईएफ) की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।''

### हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने वित्त आयोग प्रमुख से मुलाकात की

**नयी दिल्ली, (भाषा)** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया से मंगलवार को मुलाकात की और राज्य की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए आयोग से सहयोग मांगा।

उन्होंने आयोग से पहाड़ी राज्यों के लिए एक निर्धारित वार्षिक आवंटन के साथ एक अलग 'हरित कोष' बनाने का भी अनुरोध किया। राज्य सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक सुक्खू ने कहा कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भी चर्चा हुई है।

## औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने दी स्वीकृति

# पांच कम्पनियों को मिलेगी 104.90 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

*दो कम्पनियों को 7.09 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण भी किया स्वीकृत*



विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मंगलवार को विभागीय प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की। साथ ही दो कम्पनियों को 7.09 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण भी किया स्वीकृत किया।

प्रदेश में निवेश को बढ़ाने, निवेशकों को अधिक से अधिक सहूलियत प्रदान करने एवं उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लिए शुरू की गई उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति के प्रदेश के अलग - अलग जनपदों में स्थापित पांच कंपनियों को 104.90 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मंगलवार को विभागीय प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की। साथ ही दो कम्पनियों को 7.09 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण भी किया स्वीकृत किया। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी द्वारा मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड को 38 करोड़ 14 लाख 92 हजार 360 रूपए, मेसर्स सिल्वरटन पल्प एण्ड पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड को एक करोड़ 86 लाख 16 हजार 406 रूपए, मेसर्स एसीसी लिमिटेड को 17 करोड़ 02 लाख 15 हजार 711 रूपए, मेसर्स वंडर सीमेंट लिमिटेड को 37 करोड़ 74 लाख 82 हजार 199 रूपए एवं मेसर्स मून बेवरेजेज लिमिटेड को 8 करोड़ 55 लाख 29 हजार 197 रूपए के प्रोत्साहन राशि प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई।ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृतऔद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत मेसर्स एसडी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड गोरखपुर को वित्तीय सहायता एवं प्रोत्साहन के रूप में 6 करोड़ 37 लाख 38 हजार रूपए एवं आरएलजे कॉनकास्ट प्राइवेट लिमिटेड चुनर मिर्जापुर को 72.50 लाख रूपए का ब्याज मुक्त ऋण मंत्री नन्दी द्वारा स्वीकृत किया गया।

मंत्री नन्दी ने कहा कि इस प्रोत्साहन राशि से उद्योगों को और बढ़ाने में मदद मिलेगी। मंत्री नन्दी ने कहा कि 2017 से पहले जहां उत्तर प्रदेश से उद्योग धंधों का पलायन हो रहा था। वहीं योगी सरकार में उत्तर प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है। जहां निवेशकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन योजना नीति के तहत विशिष्ट नीतियां घोषित की है. एसजीएसटी प्रतिपूर्ति एवं व्यवसायों के लिए अन्य वित्तीय प्रोत्साहनों का प्रावधान किया गया है. नए भारत का नया उत्तर प्रदेश निवेश का प्रमुख गंतव्य बन कर उभरा है।

# एलजी मानहानि मामला: दोषसिद्धि के खिलाफ मेधा पाटकर की याचिका पर फैसला सुरक्षित




नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने उपराज्यपाल (एलजी) वी के सक्सेना की ओर से दायर मानहानि मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर की याचिका पर अपना फैसला मंगलवार को सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति शालिंदर कौर ने पक्षकारों को 18 जुलाई तक लिखित दलीलें दाखिल करने की अनुमति दे दी।

सक्सेना ने यह मामला 23 साल पहले दायर किया था, जब वह गुजरात में एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के प्रमुख थे।

पाटकर का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पारिख ने किया, जबकि सक्सेना की ओर से अधिवक्ता गजिंदर कुमार ने दलीलें रखीं।

नर्मदा बचाओ आंदोलन से जुड़ी 70-वर्षीय पाटकर ने सत्र अदालत के दो अप्रैल के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। सत्र अदालत ने मामले में मजिस्ट्रेट न्यायालय की ओर से उन्हें दी गई सजा को बरकरार रखा है।

मजिस्ट्रेट अदालत ने एक जुलाई 2024 को पाटकर को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 500 (मानहानि) के तहत दोषी करार देते हुए पांच महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई थी और उन पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

सत्र अदालत ने पाटकर को आठ अप्रैल को 25,000 रुपये का परिवीक्षा बाण्ड भरने पर ''अच्छे आचरण की परिवीक्षा'' पर रिहा कर दिया था और उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना भरने की पूर्व शर्त भी लागू की थी।

उच्च न्यायालय ने अंतरिम आदेश में पाटकर की सजा को निलंबित कर दिया था और उन्हें 25,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी थी।

परिवीक्षा अपराधियों के साथ गैर-संस्थागत व्यवहार और सजा के सशर्त निलंबन की एक विधि है, जिसमें अपराधी को दोषसिद्धि के बाद जेल भेजने के बजाय अच्छे आचरण के बाण्ड पर रिहा कर दिया जाता है। नेशनल काउंसिल ऑफ सिविल लिबर्टीज के अध्यक्ष के रूप में सक्सेना ने पाटकर के खिलाफ 24 नवंबर 2000 को उनके संबंध में अपमानजनक प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के लिए मामला दर्ज कराया था।

मजिस्ट्रेट अदालत ने 24 मई 2024 को माना कि पाटकर के बयान न केवल मानहानिकारक थे, बल्कि सक्सेना के बारे में ''नकारात्मक धारणाओं को भड़काने के लिए तैयार किए गए'' थे। सत्र न्यायालय ने पाटकर की मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका दो अप्रैल को खारिज कर दी थी। उसने कहा था कि पाटकर को ''उचित रूप से दोषी ठहराया गया'' था और मानहानि मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपील में ''कोई दम नहीं'' है।

# न्यायालय में अपील लंबित रहने पर जेल अधिकारी पैरोल और फरलो पर निर्णय ले सकते हैं: उच्च न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अपने एक फैसले में कहा कि जेल अधिकारी पैरोल और फरलो की अर्जी पर तब भी निर्णय ले सकते हैं जब मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हो।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने कहा कि यदि किसी दोषी की दोषसिद्धि के विरुद्ध अपील सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, तो दिल्ली कारागार नियम पैरोल और फरलो पर विचार करने पर रोक नहीं लगाते।

हालांकि, पीठ ने यह भी कहा कि राहत दी जा सकती है या नहीं, यह एक अलग मुद्दा है और प्रत्येक निर्णय मामले के तथ्यों पर निर्भर करता है।

फरलो और पैरोल में दोषी की जेल से अल्पकालिक अस्थायी रिहाई शामिल है।

पीठ ने कहा, ''यह एक बिल्कुल अलग प्रश्न है कि यदि सर्वोच्च न्यायालय किसी विशेष अनुमति याचिका या अपील के माध्यम से मामले पर विचार कर रहा है, तो क्या किसी विशिष्ट मामले के तथ्यों के आधार पर जेल अधिकारियों को पैरोल या फरलो देना चाहिए। गुण-दोष के आधार पर पैरोल और फरलो देना या न देना प्रत्येक मामले के तथ्यों पर निर्भर करेगा।''

पैरोल किसी कैदी को किसी विशिष्ट आवश्यकता को पूरा करने के लिए दी जाती है, जबकि फरलो बिना किसी कारण के निर्धारित वर्षों की सजा काटने के बाद दी जा सकती है।

पीठ ने कहा कि ऐसी स्थिति हो सकती है जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने किसी विशेष दोषी की सजा निलंबित करने या उसे जमानत देने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया हो। उच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसे मामलों में जेल अधिकारियों को इस बात की गहन जांच करने की आवश्यकता होगी कि क्या दोषी को पैरोल या फरलो दिया जा सकता है।

पीठ ने स्पष्ट किया कि अधिकारी अपनी शक्ति का प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि पैरोल या फरलो को अधिकार के रूप में प्रदान किया जाना चाहिए।

# यमुना में अपशिष्ट प्रवाह से निपटने के लिए दिल्ली सरकार छोटे नालों का ड्रोन सर्वेक्षण करा रही



नयी दिल्ली, (भाषा) जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने मंगलवार को कहा कि यमुना नदी की सफाई के प्रयासों के तहत दिल्ली सरकार ने उन छोटे नालों का ड्रोन सर्वेक्षण शुरू कर दिया है, जिनका अशोधित पानी बड़े नालों में गिरता है।

दिल्ली में फिलहाल 22 बड़े नाले हैं, जिनमें सबसे बड़ा नजफगढ़ नाला और शाहदरा नाला शामिल हैं। ये सभी नाले यमुना में जाकर मिलते हैं।

प्रवेश वर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि ऐसे करीब 300 छोटे नाले हैं जो इन बड़े नालों में गिरते हैं और यमुना में प्रदूषण बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा, ''हम उन सभी छोटे नालों का ड्रोन सर्वेक्षण कर रहे हैं जो बड़े नालों में गंदगी मिला रहे हैं। इनके स्रोत, पूरे मार्ग और बहाव की जानकारी हमारे लिए जरूरी है ताकि एक व्यापक नीति बनाई जा सके।''

वर्मा ने बताया कि जब इन नालों के स्रोत और लंबाई की पूरी जानकारी मिल जाएगी, तब आगे की कार्यवाही जैसे कि स्थानीय 'सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट' (जल-मल शोधन संयंत्र) लगाना शुरू किया जाएगा। जल बोर्ड और सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग बड़े नालों की सफाई और उनमें बहने वाले गंदे पानी के उपचार पर काम कर रहे हैं।

# राजद सांसद ने एसआईआर दस्तावेजों में आधार को शामिल नहीं करने पर निर्वाचन आयोग की आलोचना की




नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय जनता दल के सांसद सुधाकर सिंह ने बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए आधार, मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) और राशन कार्ड पर विचार करने के उच्चतम न्यायालय के सुझाव का पालन नहीं करने पर निर्वाचन आयोग की मंगलवार को आलोचना की और कहा कि यह मुद्दा आगामी संसद सत्र में उठाया जाएगा।

राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोकसभा सदस्य ने बिहार में बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा प्रपत्र (फॉर्म) वितरित किए जाने के तरीके में विसंगतियों का भी आरोप लगाया।

उन्होंने दावा किया कि कई लोगों को फॉर्म जमा करने की कोई रसीद नहीं मिली है और प्रक्रिया में कोई पारदर्शिता नहीं है।

सिंह ने कहा, ''निर्वाचन आयोग इन दस्तावेजों को विशेष गहन पुनरीक्षण की अपनी सूची में क्यों नहीं शामिल कर रहा है, जबकि शीर्ष अदालत ने उसे इस पर विचार करने के लिए कहा था?''

उन्होंने कहा कि 2003 से, जब आखिरी एसआईआर कवायद की गई थी, अब तक भाजपा-जदयू गठबंधन ही ज्यादातर सत्ता में रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए लोकसभा सदस्य ने बिहार में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा फॉर्म वितरित करने के तरीके में विसंगतियों का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, ''क्या जदयू और भाजपा ने सूची में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े हैं?''

सिंह ने कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को डर है कि वह आगामी चुनाव हार जाएगा। उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण को मतदाताओं को 'मताधिकार से वंचित' करने का एक प्रयास बताया।

उन्होंने कहा, ''महागठबंधन मानसून सत्र में इस मुद्दे को उठाएगा। हम इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करेंगे।''

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा।

# प्राइम वीडियो ने नए शो 'रंगीन' की घोषणा की, 25 जुलाई को रिलीज होगा

नयी दिल्ली, (भाषा) ओटीटी मंच प्राइम वीडियो ने मंगलवार को अपनी नई कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 'रंगीन' की घोषणा की, जिसमें विनीत कुमार सिंह, राजश्री देशपांडे, तारुक रैना और शीबा चड्ढा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

यह शो 25 जुलाई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा।

यह शो कोपल नैथानी और प्रांजल दुआ द्वारा निर्देशित है और इसका निर्माण कबीर खान व राजन कपूर ने किया है। पटकथा अमरदीप गलसिन और आमिर रिजवी ने लिखी है। निर्माता कबीर खान ने कहा, ''रंगीन के जरिए हम मानवीय रिश्तों के उन जटिल, असमंजस और सच्चे पहलुओं को दिखाना चाहते थे जो अक्सर अनकहे रह जाते हैं।''

'रंगीन' एक सीधे-सादे व्यक्ति आदर्श की कहानी है जिसके जीवन में पत्नी नैना के छल का पता चलने के बाद तूफान आ जाता है।

# पुनरीक्षण के नाम एनआरसी नहीं हो सकती, निर्वाचन आयोग 'मुद्दा भटकाओ योजना' में जुटा: कन्हैया कुमार




नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने मंगलवार को कहा कि नागरिकता प्रमाणित करना निर्वाचन आयोग का काम नहीं है तथा विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) शुरू नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने यह दावा भी किया कि अब आयोग अपने ही तर्कों में फंस गया है और 'मुद्दा भटकाओ योजना' के तहत नेपाल, म्यांमा और बांग्लादेश के लोगों के बिहार में होने की कहानी गढ़ रहा है।

कुमार ने यहां कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में संवाददाताओं से कहा, ''यदि 2003 की पुनरीक्षण की प्रक्रिया गलत थी, तो उसके बाद के सभी चुनाव गलत हैं...क्या नरेन्द्र मोदी जी को म्यांमा और नेपाल के लोगों ने वोट दिया...अगर ऐसा है तो फिर बिहार के सभी 40 सांसदों को अयोग्य घोषित करिए और फिर से चुनाव करवाइए।''

कुमार ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''क्या मतदाता सूची किसी राजनीतिक दल ने बनाया या निर्वाचन आयोग ने बनाया। इसका यह मतलब है कि निर्वाचन आयोग ने माना कि उसने अशुद्ध मतदाता सूची बनाई। बिहार में गंगा बहती है, एक बार मतदाता सूची को उसमें डुबकी लगवा दीजिए, शुद्ध हो जाएगी। यह (आयोग का तर्क) कोई बात होती है। आप अपनी ही प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि अब स्पष्ट हो गया है कि राहुल गांधी जो कह रहे हैं वो सही है, इसलिए आयोग को महाराष्ट्र का डेटा उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि आयोग ने अपनी गलती मान ली है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि निर्वाचन आयोग का काम मतदाता सूची तैयार करने और मतदान तक सीमित है तथा उसका काम नागरिकता प्रमाणित करना नहीं है।

कुमार ने कहा, ''मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर एनआरसी नहीं शुरू करना चाहिए, क्योंकि यह काम गृह मंत्रालय का है।''

उन्होंने दावा किया कि जब निर्वाचन आयोग अपने ही तर्कों में फंस गया, तो खबर गढ़ी गई कि नेपाल, म्यांमा और बांग्लादेश के लोग आ गए हैं।

कुमार ने यह भी कहा, ''सरकार द्वारा जारी कोई भी कागज स्वीकार किया जाना चाहिए।''

उन्होंने कहा, ''बिहार में कितने लोगों का जन्म प्रमाणपत्र होता है। बहुत सारे लोगों के पास दो-दो जन्मतिथि होती है, एक असली और दूसरी कागज वाली। मेरी ही दो जन्मतिथि है।''

कुमार के अनुसार, पुनरीक्षण से किसी को समस्या नहीं है, लेकिन यह दो-तीन महीने में नहीं, बल्कि एक, दो या तीन साल का समय लेकर करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''बिहार के लोगों से कहा जा रहा है कि आप साबित करिए कि बिहारी हैं। बिहार के लोग इस बात पर बता देंगे कि हम पक्के बिहारी हैं।''

# ओडिशा की छात्रा के आत्मदाह मामले में यूजीसी ने चार सदस्यीय समिति गठित की

नयी दिल्ली, (भाषा) ओडिशा के बालासोर में एक छात्रा द्वारा कॉलेज परिसर में आत्मदाह करने की घटना की जांच के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने चार सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

बालासोर स्थित फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज में बीएड की द्वितीय वर्ष की छात्रा (20) ने शिक्षा विभाग के अध्यक्ष समीरा कुमार साहू पर उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था।

प्रोफेसर के खिलाफ कथित तौर पर कोई भी कार्रवाई न किए जाने से आहत छात्रा ने कॉलेज परिसर में शनिवार को खुद को आग लगा ली थी। इस हादसे में वह 95 प्रतिशत तक जल गई थी। घटना के लगभग 60 घंटे बाद सोमवार रात भुवनेश्वर स्थित एम्स में उसने दम तोड़ दिया था।

यूजीसी सचिव सुदीप सिंह जैन ने कहा, ''घटना से जुड़ी परिस्थितियों की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें संस्थागत नीतियों, शिकायत निवारण तंत्र, उत्पीड़न को रोकने के लिए उठाए गए कदम और छात्र सहायता प्रणालियों जैसे कारकों की उपलब्धता और प्रभावशीलता के बारे में जांच की जाएगी।''

उन्होंने कहा, ''समिति घटना से जुड़ी परिस्थितियों की जांच करेगा, निर्धारित नियामक प्रावधानों के अनुपालन का आकलन करेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय सुझाएगा।''

समिति की अध्यक्षता गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और यूजीसी सदस्य राज कुमार मित्तल करेंगे।

समिति के सदस्यों में यूजीसी की पूर्व सदस्य सुषमा यादव, गुजरात विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति नीरजा गुप्ता और यूजीसी की संयुक्त सचिव आशिमा मंगला शामिल हैं।

# उच्चतम न्यायालय ने एएमयू को 11 विदेशी मेडिकल स्नातकों को वजीफा जारी करने का आदेश दिया



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) को निर्देश दिया कि वह विश्वविद्यालय की घटक इकाई जेएन मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप के लिए 11 विदेशी मेडिकल स्नातकों को दो सप्ताह के भीतर वजीफा जारी करे।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने एएमयू को अपने कोष से धनराशि जारी करने को कहा। शीर्ष अदालत ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से कहा कि वह इस तथ्य के आधार पर एएमयू के खिलाफ कोई कदम न उठाए कि उससे कोई पूर्व मंजूरी नहीं मांगी गई थी।

जबीहुल्लाह सहित 11 स्नातकों ने याचिका दायर कर केवल भारतीय चिकित्सा स्नातकों को वजीफा देने की ''भेदभावपूर्ण'' प्रथा पर प्रकाश डाला।

याचिका में कहा गया कि दोनों श्रेणियों के स्नातक राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के नियमों के अनुसार समान इंटर्नशिप कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

पीठ ने कहा कि सभी मेडिकल इंटर्न, चाहे उन्होंने किसी भी देश से स्नातक किया हो, वजीफे के हकदार हैं।

एएमयू ने सुनवाई के दौरान कहा कि वह वर्तमान में केंद्र और यूजीसी के साथ विदेशी स्नातकों के भावी प्रशिक्षुओं को सहायता देने के लिए अतिरिक्त धनराशि पर विचार-विमर्श कर रहा है।

# करोड़ों रुपये के जेवर और नकदी 'चोरी' करने के आरोप में घरेलू सहायक सहित तीन गिरफ्तार



नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में एक घर से 2.25 करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण और 55 लाख रुपये से अधिक की नकदी चोरी करने के आरोप में बिहार से एक घरेलू सहायक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मॉडल टाउन थाने में 27 जून को अनीता झुनझुनवाला की ओर से एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनका घरेलू सहायक अरुण कुमार 55 लाख रुपये नकद और सोने, हीरे और चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गया है।

उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 306 (लिपिक या सेवक द्वारा मालिक के कब्जे वाली संपत्ति की चोरी), 317(2) (चोरी की संपत्ति) और 3(5) (संयुक्त देयता) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता के आवास से जुटाए गए सीसीटीवी फुटेज में कुमार अन्य अज्ञात व्यक्ति के साथ एक बैग और एक ट्रॉली लेकर घर से निकलते हुए दिखाई दे रहा है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह ने बताया, ''डिजिटल साक्ष्यों का पता लगाने और बिहार के बांका में छानबीन करने के बाद पुलिस ने 10 जुलाई को बुद्धिघाट गांव के पास एक जंगल से तीन आरोपियों - विवेक कुमार (22), बीरेंद्र यादव (22) और पीयूष कुमार कापड़ी (29) को गिरफ्तार किया। छापेमारी के समय वे कथित तौर पर चोरी की गई संपत्ति को आपस में बांट रहे थे।''

पूछताछ के दौरान, तीनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया और बताया कि कुमार ने अपने गांव के पांच साथियों के साथ मिलकर चोरी की साजिश रची थी।

डीसीपी ने कहा, ''अरुण कुमार ने पांच अन्य लोगों - बीरेंद्र, कृष्णा, अजय यादव, महेश तांती (सभी उसके गांव के) और विवेक के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के घर से नकदी और आभूषणों की सुनियोजित चोरी को अंजाम दिया।''

सभी आरोपियों ने पहली बार अपराध को अंजाम दिया था और उन्होंने पुलिस को बताया कि जल्दी पैसा कमाने और एक शानदार जीवनशैली जीने के लालच में उन्होंने अपराध को अंजाम दिया था।

बरामद की गई वस्तुओं में सोने और हीरे के आभूषण - हार, अंगूठियां, चूड़ियां - के साथ-साथ 40 से अधिक चांदी के बर्तन और अन्य सामान, एक सोने का बिस्कुट, चांदी की एक शीट और अन्य कीमती सामान शामिल हैं।

पुलिस ने कहा कि कुमार के बाकी साथियों का पता लगाने और चोरी की गई शेष संपत्ति बरामद करने के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने कहा कि अन्य आपराधिक गतिविधियों से संभावित संबंधों की जांच के लिए संदिग्धों के वित्तीय लेन-देन और बैंक खातों की भी जांच की जा रही है।

## वायरल वीडियो में तमंचे से हवा में गोली चलाने वाला आरोपी उत्तर-पूर्वी दिल्ली से गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में देसी तमंचे से हवा में गोली चलाते हुए नजर आ रहे एक व्यक्ति को उत्तर-पूर्वी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से अवैध हथियार और कारतूस जब्त किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

## सूचना

मेरी पत्नी विनिता गलत संगत में पड़ गई है, जो आए दिन लड़ाई झगड़े, विवाद करती रहती है। विनिता के गलत व्यवहार व कृत्यों से आजिज आकर मैं उसे अपनी चल, अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। विनिता के किसी भी कृत्य, लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं है, तथा अपनी सम्पत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल करता हूं। **-इन्द्रपाल सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी ग्राम देहरा चक, थाना व तहसील धनौरा, जनपद अमरोहा।**

# अरविंद केजरीवाल ने अस्पताल में झारखंड के मुख्यमंत्री से मुलाकात की, शिबू सोरेन का हालचाल जाना



नयी दिल्ली, (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यहां सर गंगा राम अस्पताल में मुलाकात की और वहां इलाज करा रहे उनके पिता शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संरक्षक शिबू सोरेन (81) पिछले तीन दिनों से निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। एक सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह कोई नियमित जांच नहीं है।

केजरीवाल ने 'एक्स' पर कहा, ''आज दिल्ली स्थित सर गंगा राम अस्पताल जाकर झारखंड के मुख्यमंत्री और मित्र श्री हेमंत सोरेन जी से मुलाकात कर उनके पिता एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिबू सोरेन जी का हालचाल जाना। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह जल्द स्वस्थ होकर घर लौटें।''

झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन ने पहले कहा था कि उनके पिता को लंबे समय से अस्पताल में नियमित इलाज चल रहा है। वरिष्ठ आदिवासी नेता शिबू सोरेन ने 38 वर्षों से अधिक समय तक झारखंड मुक्ति मोर्चा का नेतृत्व किया और उन्हें पार्टी का संस्थापक संरक्षक माना जाता है।

# एडीएचडी से प्रभावित लोगों की जीवन गुणवत्ता में कमी का एक कारण अनिद्रा हो सकती है: अध्ययन



नयी दिल्ली, (भाषा) ध्यान अभाव अतिसक्रियता विकार (एडीएचडी) से उत्पन्न अनिद्रा या नींद की गड़बड़ी, एडीएचडी के लक्षणों वाले वयस्कों के जीवन की गुणवत्ता में कमी का कारण हो सकती है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है।

आमतौर पर बचपन और किशोरावस्था में सामने आने वाले एडीएचडी में बेचैनी, अतिसक्रियता और कम ध्यान जैसे लक्षण होते हैं। यह एक तंत्रिका-विकासात्मक विकार है जो मस्तिष्क के 'प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स' के देरी से परिपक्व होने से जुड़ा है, जो ध्यान और एकाग्रता के लिए महत्वपूर्ण है।

ब्रिटेन के साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय और नीदरलैंड इंस्टीट्यूट फॉर न्यूरोसाइंस के अनुसंधानकर्ताओं के नेतृत्व में, शोधकर्ताओं ने पाया कि वयस्कों में ध्यान न देने और अतिसक्रियता के एडीएचडी संबंधी लक्षण अधिक गंभीर अनिद्रा, नींद की कम गुणवत्ता और देर से सोने और देर से जागने की आदत से जुड़े थे। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (बीएमजे) 'मेंटल हेल्थ' में प्रकाशित इस अध्ययन में 'नीदरलैंड स्लीप रजिस्ट्री' के आंकड़ों का अध्ययन किया गया, जो दस हजार से अधिक वयस्क प्रतिभागियों का एक ऑनलाइन सर्वेक्षण था। एडीएचडी के लक्षणों, नींद की गड़बड़ी, अवसाद और जीवन की गुणवत्ता से जुड़े सवालों पर 1,364 मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध वयस्क प्रतिभागियों के जवाबों का विश्लेषण किया गया।

साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर, वरिष्ठ लेखिका सारा एल चेलप्पा ने कहा, ''हम जानते हैं कि नींद में व्यवधान तंत्रिका व्यवहार और संज्ञानात्मक प्रणालियों को प्रभावित कर सकता है, जिसमें ध्यान और भावनात्मक विनियमन शामिल हैं। साथ ही, नींद में व्यवधान एडीएचडी से संबंधित आवेगशीलता और अतिसक्रियता से उत्पन्न हो सकता है, जो नींद संबंधी विकारों और एडीएचडी के बीच एक मजबूत चक्र का संकेत देता है।'' लेखकों ने कहा कि एडीएचडी से ग्रस्त लोगों में सामान्य आबादी की तुलना में लगभग आठ गुना अधिक नींद संबंधी विकार का पता चलता है, जो नींद में देरी, सोते समय अधिक हिलना-डुलना, दिन में नींद आना या रात में कम नींद के रूप में प्रकट होते हैं।

साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय के सह-लेखक सैमुएल कॉर्टेस ने कहा कि अपनी समझ में सुधार करके, हम ऐसे उपचार विकल्प खोज सकते हैं जो एडीएचडी से ग्रस्त लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करें।



### संवेदनशील होते जा रहे पति-पत्नी के रिश्ते, कहीं पति तो कहीं पत्नी की बेवफाई में हत्या

# पति ने पत्नी की गला काटकर की हत्या

● पति मौके से हुआ फरार, पुलिस जांच में जुटी

**नेशनल एक्सप्रेस**





बरेली। लगातार पत्नियों द्वारा पति की हत्या की घटनाओं के बाद गला काटकर पत्नी की हत्या का सनसनी खेज मामला बरेली से संज्ञान में आया जहां इज्जतनगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर में पति ने अपनी पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। महिला का शव उसके किराए के मकान में बेड पर पड़ा मिला। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चले।प्राप्त जानकारी के अनुसार, फतेहगंज पश्चिमी निवासी राजीव अपनी पत्नी दीपा उर्फ दीपमाला के साथ 11 जुलाई को सिद्धार्थ नगर में किराए के मकान में रहने आया था। दीपमाला नगर निगम में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थी।

दंपत्ति के दो छोटे बच्चे उत्तराखंड के एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।मंगलवार सुबह जब बिजली बिल निकालने वाले कर्मचारी आए, तो मकान मालिक रजनी ने दरवाजा खटखटाया। काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर पड़ोस की छत से झांक कर देखा गया तो दीपमाला का शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की छानबीन की और पाया कि मकान में केवल पति-पत्नी ही रहते थे। पति राजीव घटना के बाद से फरार है जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

**अवैध संबंधों का संदेह**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, हत्या के पीछे अवैध संबंधों का शक जताया जा रहा है, हालांकि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद दीपमाला की बहन मौके पर पहुंची और उससे पूछताछ की जा रही है।

**जांच जारी, आरोपी की तलाश में पुलिस टीम सक्रिय:** पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी गई है। इज्जतनगर थाने के प्रभारी के अनुसार, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर घटना की पूरी सच्चाई सामने लाई जाएगी।

## तालीम लेने आए छात्र की मदरसे के कमरे में मिली लाश

● 22 वर्षीय मोहम्मद ओवैस की मौत से हत्या और आत्महत्या के एंगल पर उलझी जांच

● कमरा नंबर 87 में मिला शव, मौके पर पहुंची पुलिस ने जुटाए साक्ष्य जांच प्रारंभ

**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। सीबीगंज थाना क्षेत्र स्थित सेंटर ऑफ इस्लामिक स्टडीज जामीतुर रजा मदरसे में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।पुलिस के अनुसार, ओवैस मदरसे के हॉस्टल में कमरा नंबर 87 में रहकर पढ़ाई करता था। मंगलवार सुबह मदरसे प्रबंधन को सूचना मिली की ओवैस ने आत्महत्या कर ली है। तुरंत सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद सीओ और थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है, जो बिहार से बरेली के लिए रवाना हो चुके हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

**हत्या या आत्महत्या पुलिस जांच में उलझा मामला**





मृतक के कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ऐसे में पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस आसपास के छात्रों और मदरसा प्रबंधन से पूछताछ कर रही है।मृतक की पहचान 22 वर्षीय मोहम्मदओवैस के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और यहां अलमियत का कोर्स कर रहा था। घटना की खबर मिलते ही मदरसे में अफरा-तफरी मच गई। अन्य छात्रों में दहशत का माहौल है। प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और छात्रों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।सीबीगंज थाना प्रभारी के मुताबिक, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल सभी तथ्यों की गहराई से जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## अधिशासी अधिकारी दीपालिका यादव ने वितरित की पोषण किट





**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

बछरायूं। नगरपालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी दीपालिका यादव ने पोषण किट वितरण करते कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं रहे। मंगलवार को विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मंडलायुक्त अन्जनेय कुमार पोषण किट वितरण किया। इसी क्रम में नगरपालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पालिका की अधिशासी अधिकारी दीपालिका यादव ने स्थानीय स्तर पर कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरण कर कहा कि प्रदेश सरकार ने कुपोषित के विरुद्ध अभियान चलाया है। जिसके तहत कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरण की जा रही है। कहा कि सरकार की मंशा है कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं हो। उन्होंने कहा कि कुपोषण की स्थिति में सुधार लाना एवं बच्चों को पोषक तत्वों से युक्त सामग्री उपलब्ध कराकर उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुदृढ़ बनाना है। कार्यक्रम के दौरान पालिका के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, अभिभावक, बच्चे मौजूद रहे।

### शिक्षक ने पढ़ाया कांवर ले जाना जरूरी नहीं का पाठ...अब नौकरी के पड़ रहे लाले, जांच शुरू

# शिक्षक के आपत्तिजनक बयान पर बवाल, कांवड़ियों की भावनाएं आहत, कार्रवाई की मांग

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली।थाना बहेड़ी क्षेत्र के रामलीला मैदान निवासी शक्ति गुप्ता ने एमजीएम इंटर कॉलेज बहेड़ी के शिक्षक रजनीश गंगवार के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायती पत्र सौंपा है। शिक्षक रजनीश गंगवार ने विद्यालय परिसर मेंछात्र-छात्राओं को एकत्रित कर कांवड़ यात्रा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस बयान से शिवभक्तों और कांवड़ियों की भावनाएं आहत हुई हैं।

**ट्विटर पर शिकायत होते ही मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान:** शक्ति गुप्ता ने आरोप लगाया कि जहां एक ओर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं कांवड़ यात्रा को प्रोत्साहित कर रहे हैं, वहीं रजनीश जैसे शिक्षक समाज में नफरत और भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मानसिकता समाज में जहर घोलने का कार्य करती है और ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।यह समाचार एक धार्मिक भावना को आहत करने वाले बयान को लेकर दर्ज की गई है।

पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और वीडियो की सत्यता समेत सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि जांच के उपरांत आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## शराब के नशे में तीन मंजिला इमारत से गिरा युवक, दोनों पैर टूटे, हालत नाजुक

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली।उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के सितारगंज के लामा खेड़ा गांव निवासी 28 वर्षीय खेम सिंह राणा की हालत उस समय गंभीर हो गई जब वह सोमवार देर शाम आईवीआरआई बरेली में काम के दौरान तीन मंजिला इमारत से गिर गया। बताया जा रहा है कि खेम सिंह शराब के नशे में था, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ा।

खेम सिंह के पिता परमेश्वर सिंह राणा ने बताया कि उसका बेटा आईवीआरआई (भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान) में मैश (चारा) से संबंधित कार्य करता है। हादसे के बाद आईवीआरआई स्टाफ ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर घायल को जिला अस्पताल भिजवाया और परिजनों को सूचना दी।

डॉक्टरों के अनुसार, गिरने से खेम सिंह के दोनों पैरों में गंभीर फ्रैक्चर हो गया है और उसकी हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है। परिवार और संस्थान के कर्मचारी उसके इलाज में जुटे हुए हैं। घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है।

### पत्नी का क्लेश पड़ रहा पतियों की जिंदगी पर भारी, परिणाम स्वरुप आ रहे मौत के रिजल्ट

## ससुराल में पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने निगला जहर, जिला अस्पताल में तोड़ा दम

**नेशनल एक्सप्रेस**




बरेली। बारादरी थाना क्षेत्र में एक युवक ने घरेलू विवाद के चलते अपनी ससुराल में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मलपुर गांव निवासी प्रेमपाल (35) पुत्र रामदुलारे इन दिनों बारादरी के गोंसाई गौटिया मोहल्ले में किराए पर रह रहा था। सोमवार सुबह वह अपनी ससुराल देवरनिया के बकैनियां गांव गया था। वहां पत्नी मंजू से कहासुनी हो गई। बताया जा रहा है कि प्रेमपाल नशे की हालत में था और पत्नी को अपने साथ ले जाने की जिद कर रहा था। बात बिगड़ने पर उसने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। ससुराल पक्ष के लोग उसे आनन-फानन में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने प्रेमपाल को मृत घोषित कर दिया। प्रेमपाल की शादी वर्ष 2014 में मंजू से हुई थी। दंपति के दो छोटे बच्चे हैं—एक पांच वर्षीय बेटी और तीन साल का बेटा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि मामला पारिवारिक विवाद का है, लेकिन सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## लायंस क्लब ने गौशाला पहुंच गौवंश को खिलाया गुड़ व हरा चारा



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

धनौरा। मंगलवार को लायंस क्लब धनौरा द्वारा आनंद धाम आश्रम में एक हैल्थ चेकअप कैंप व गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लायंस क्लब धनौरा ने दलिया, हरा चारा, गुड़ व अन्य सामान गायों को खिलाकर उनकी सेवा की तत्पश्चात हैल्थ चेकअप के दौरान डॉक्टर एमपी शर्मा ने क्लब के सभी सदस्यों का शुगर और बीपी चेक किया। इस मौके पर कल्पना शर्मा, सीमा यादव, रेनू अग्रवाल, सुधा शर्मा, सिम्मी अग्रवाल, कंचन दत्त आदि मौजूद रहे।

## कांवड़ यात्रा से लौटते समय सड़क हादसा युवक घायल

● दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने से भिडंत घायल युवक बरेली जिला अस्पताल में भर्ती

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली।थाना किला क्षेत्र के नवदिया स्वाले नगर निवासी 30 वर्षीय प्रदीप रविवार को बाइक से कांवड़ लेने के लिए कछला घाट गए थे। जल भरकर लौटते समय उझानी के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदीप को तत्काल बदायूं जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, युवक की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और उसका उपचार सोमवार से चल रहा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद क्षेत्र में कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बकरियों के नीचे कीचड़ फेंकने का विरोध करने पर मां- बेटी के साथ मारपीट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला। अपनी जगह में बंधी बकरियों के नीचे पड़ोसी महिलाओं ने कीचड़ उठाकर फेंक दी। विरोध करने पर महिला की पिटाई कर दी। पीड़िता ने दो महिला सहित चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव ठार गोला निवासी सरवती देवी की अपनी खाली जगह में बकरियां बंधी थी। रविवार शाम चार बजे वह अपनी बकरियों को लेने गई, तो पड़ोस की महिला सत्तो देवी व गंगा देवी ने उसकी बकरियों नीचे कीचड़ उठाकर फेंक दी। विरोध करने पर आरोपी महिलाओं ने अपने पतियों को बुला लिया। पीड़िता की चारों आरोपियों ने मिलकर पिटाई कर दी। मारपीट होता देख बचाने आई उसकी पुत्री निर्मला देवी को पीट दिया। मारपीट में पीड़िता की पुत्री गंभीर घायल हो गई। आरोपी गांव वालों को आता देख जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता सरवती देवी ने उक्त चारों लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## कुपोषित बच्चों को चेयरपर्सन व ईओ ने वितरित कीं पोषण किटें

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**




गजरौला। नगर पालिका परिषद के सभागार में चेयरपर्सन राजेंद्री उर्फ उमा देवी द्वारा 15 कुपोषित व अर्द्ध कुपोषित बच्चो के पोषण के लिए बॉर्नविटा, चना परमल, रामदाना, पीनट बटर, दलिया व आदि पोषक तत्व से तैयार पोषण किट वितरण की गई। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुपोषित व अर्द्ध कुपोषित बच्चो के लिये विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य, लेखाकार आदेश कुमार, लिपिक ललित कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अक्षय शुक्ला, कंप्यूटर ऑपरेटर रविंद्र सिंह, अध्यक्षा पुत्र प्रमोद सिंह, दीपू कुमार, योगेश चौधरी, आकाश सिंह, मोहल्ले की आशा/दीदी व आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।






## मांगों को लेकर भाकियू शंकर का विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



धनौरा। ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन शंकर के धरने को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि मोदी, योगी सरकार किसान व आवाम के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। परंतु विभागीय भ्रष्टाचार के कारण योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिल पा रहा है। सरकार ने गत एक अप्रैल से किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 5 लाख कर दी है, परंतु आज तक भी यह सर्कुलर जारी नहीं किया गया है । किसान हित में तत्काल सर्कुलर जारी किया जाए, वेव शुगर मिल धनौरा चीनी मिल बंद होने के 3 माह बाद भी किसानों का लगभग 38 करोड़ रूपया अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान नहीं दे रही है। चीनी मिल से 15 प्रतिशत ब्याज सहित पैसा भुगतान कराया जाए अन्यथा की दशा में वैधानिक कार्रवाई करते हुए उक्त चीनी मिल का उतने प्रतिशत गान्नाक्षेत्रफल काटकर दूसरी चीनी मिलों को देने का काम किया जाए, जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों व तेंदुए का आतंक से ग्राम वासी रातों-रात पहरा देकर रहे हैं पुलिस प्रशासन इस भय के माहौल से निजात दिलाए, प्रशासन की नीति के कारण अहसलाधरको को कारतूस नहीं मिल पा रहे हैं को तत्काल 25-25 कारतूस आधार कार्ड और लाइसेंस देखकर दिए जाएं, प्रदेश प्रवक्ता प्रिंसिपल सत्यवीर सिंह ने कहा कि मध्य गंगा नहर फेस टू जो मुरादाबाद मंडल के 5 लाख किसानों को लाभान्वित कर रही है जिसमे पानी नहीं छोड़ा जा रहा है जिस कारण किसानों में भारी रोष है तत्काल मुख्य ब्रांच में पानी छोड़ा जाए विद्युत निजीकरण का घोर विरोध करता है।

उप जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को मांग पत्र सौपा,अंत में संगठन की एक कार्यकारिणी ने निर्णय लिया की कावड़ यात्रा के चलते श्रावण मास के सभी कार्यक्रम स्थगित किए जाते हैं आज प्रदर्शन में प्रदेश प्रवक्ता प्रिंसिपल सत्यवीर सिंह ,शेर सिंह राणा ,राकेश रतनपुर ,संजय चौहान ,गजराम चौहान, मोनू चौधरी,साबिर सैफी ,सुंदर सिंह नरेश पप्पू ,रवि सैनी ,राजवीर सिंह, साहब सिंह ,डूंगर सिंह, युवराज चौधरी, जितेंद्र चौधरी, चंद्रभान सिंह, नरेश चौधरी, आफताब रवि चौधरी देवेंद्र सिंह रेशम सिंह, जोगिंदर सिंह, रवि पाल कपिल कुमार मंजू चौधरी बबीता रानी संगीता रानी संध्या शर्मा मीनाक्षी ग्रेवाल पूनम चौधरी कुसुमलता, रतन शर्मा रश्मि यादव रीनापाल मीनाक्षी धारीवाल आदि हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## अवैध चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

संभल पुलिस अधीक्षक रेलवे, मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला क्ढर के कुशल निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, मुरादाबाद अनील कुमार वर्मा के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना जीआरपी चन्दौसी पर को 01 नफर अभि० समीर पुत्र मोबिन हसन निवासी वार्ड नं0-16 मौ0 सौकारा थाना पूरनपुर कोतवाली जनपद पीलीभीत को सम्बन्धित मु0अ0सं0 07/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट को गिरफ्तार कर न्यायालय 30नि0 नीरज कुमार मातोड़कर ,सहायक उप निरी० उदय सिंह राणा आरपीएफ पोस्ट चन्दौसी,हे0का0 सुखबीर सिंह आरपीएफ ,हे0का0 रजनीश कुमार,का0 कुलवन्त सिंह के द्वारा भेजा गया है।

### सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक वीडियो बनाना पड़ा भारी

# तीन युवती समेत एक युवक को भेजा न्यायालय

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल । पुलिस ने सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा और अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोप में तीन युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इन सभी पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट कर बच्चों और महिलाओं पर बुरा प्रभाव डालने का आरोप है।पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि यह मामला संभल के चौकी क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला से सामने आया था। यहां दो युवतियां और एक युवक अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से अभद्र भाषा और अश्लील वीडियो पोस्ट कर रहे थे। ग्रामीणों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा था कि ऐसी सामग्री से बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। लगातार




विरोध के बावजूद, ये लोग इस तरह की पोस्ट वायरल करते रहे, जिससे गांव और क्षेत्र में नकारात्मक माहौल बन रहा था।ग्रामीणों की शिकायत पर संभल पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों युवतियों और युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवतियों की पहचान महरूल निशा उर्फ परी और महक, निवासी चौकी मंसूरपुर माफी, जनपद संभल के रूप में हुई है। वहीं, गिरफ्तार अन्य युवती हिना और युवक जर्रार आलम जनपद अमरोहा के थाना डिंडोली के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, इन सभी ने 'परी और महक' के नाम से आईडी बनाकर अभद्र भाषा, गाली-गलौज और अश्लील इशारों वाले वीडियो अपलोड किए थे। असमोली थाना की चौकी के चौकी इंचार्ज मोहित चौधरी की लिखित तहरीर के आधार पर इन सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 296बी और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने जनपद के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म चलाने वालों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस तरह की कोई भी आपत्तिजनक वीडियो या पोस्ट न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई ऐसा करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने वर्षों से बंद पड़े पुस्तकालय का किया पुनर्निर्माण



नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी

चंदौसी नगर पालिका की एक और नई पहल वर्षों से बंद पड़े पुस्तकालय का पुनर्निर्माण कर संचालित किया गया बताते चले कि पूर्व में स्टेशन रोड पर नगर पालिका द्वारा पुस्तकालय का निर्माण किया गया था परंतु जो विगत कई वर्षों से बंद पढ़ा हुआ था वर्तमान अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के संज्ञान में आते ही उक्त पुस्तकालय को पुनः निर्मित कर संचालित किया गया है जिससे नगर के नागरिक /छात्र शांत व स्वच्छ वातावरण में अध्ययन कर सके उक्त पुस्तकालय में सभी प्रकार की पुस्तके उपलब्ध हैं । पुस्तकालय का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी द्वारा फीता काटकर किया गया कार्यक्रम में सभासद तरुण नीरज, प्रियंका सिंह, सुनील कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, ऋषभ कुमार ,चंद्र मोहन आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्म के दो आरोपियों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास व अर्थदण्ड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कनविक्शन₹ के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में मंगलवार को मु0अ0सं0 465/2017 धारा 376डी/452/506 भादवि थाना रजपुरा जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त सत्यपाल , ओमपाल निवासीगण सैंडोरा थाना रजपुरा जनपद सम्भल को न्यायालय एडीजे/विषेश न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) सम्भल स्थित चन्दौसी द्वारा उपरोक्त अभियुक्तों को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए प्रत्येक को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास व 20-20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में हरिओम प्रकाश सैनी एडीजीसी तथा कोर्ट मोहर्रिर है०का0 रामकुमार सिंह व कोर्ट पैरोकार का० अमित कुमार थाना रजपुरा का सराहनीय योगदान रहा ।

### एसपी के आदेश पर शिवांगी ट्रेडर्स के मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। ब्रह्म बाजार निवासी ललित कुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने 10 किलोवाट का सोलर प्लांट शिवांगी ट्रेडर्स के स्वामी अंशुल गोयल को 5 लाख 60 हजार रुपये का अगस्त 2024 में एडवांस चेक देकर लगवाया था। सोलर इन्वर्टर एक महीने में 3 बार खराब हो गया, जबकि तय हुआ था कि सर्विस तत्काल मिलेगी, मगर ऐसा नहीं हुआ। जबकि उसे नवंबर 2024 में सोलर प्लांट का फर्जी बिल उपलब्ध करा दिया गया। जबकि वह बार-बार असली बिल मांग रहा था। जबकि उसे असली बिल जनवरी 2025 में उपलब्ध कराया गया। दोनों बिलों में काफी अंतर होने के बाद जीएसटी की रकम भी अलग-अलग अंकित है। उसने अंशुल गोयल पर कूटनीति रचना के तहत फर्जी बिल काटने व उपलब्ध कराने, टैक्स चोरी करने तथा 2-2 बार इन्वर्टर के पैसे लेकर का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अंशुल गोयल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### किशोरी के साथ गांव के युवक ने किया दुष्कर्म, मुकदमा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/बनियाठेर( थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया ' थाना क्षेत्र के एक गांव एक महिला ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी गांव में करीब रात 8 बजे घर से दूध लेने निकली थी तभी गांव के एक युवक ने युवती को बुरी नियत से दबोच लिया और कड़े बिटोरे में ले गया जहां उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया ' युवती ने घर पहुंच पूरी घटना अपने परिजनों को बताई । जिसके बाद परिजनों ने डायल 112 को फोन कर सूचना दी मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस को देखकर आरोपी युवक घर से फरार हो गया। पीड़िता की मां ने मंगलवार को किशोरी के साथ थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक मेघपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है ' जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का किया वर्णन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव असदपुर की धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्म लीला कथा हुई। कथावाचक विजय कुमार तिवारी ने कहा कि भगवान दुष्टों के संगहार और भक्तों की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की.. से कथा स्थल गूंज उठा। उन्होंने माखन चोरी, मिट्टी खाना और गोवर्धन पूजा जैसे प्रसंग की कथा सुनाई। झांकी दर्शन में श्री गोवर्धन महाराज और बाल्यकाल लीला को दर्शाया गया।इस दौरान उमाकांत शर्मा, योगेंद्र सिंह यादव, महेश चंद्र, राम किशोर, दामोदर, मनोज खन्ना, मनीष तिवारी, गुड्डन आदि रहे।

### सांप के डसने से बालक की मौत, कोहराम

नेशनल एक्सप्रेस/बिजनौर। पैजनियां निवासी सुनील कुमार मेहनत मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उसका करीब 10 वर्षीय पुत्र रितिक घर के आंगन में चारपाई पर सो रहा था इसी दौरान उसे जहरीले सांप ने डस लिया। हड़बड़ाहट में रितिक ने अपनी मां से एक गिलास पानी मांगा और पानी पीकर बेहोश हो गया। परिजनों के मुताबिक बेहोशी की अवस्था में वह ऋतिक को नूरपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में चौकी प्रभारी सोहनलाल शर्मा ने बताया कि रितिक का पंचनामा करा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# मृतक आश्रित की रिक्त दुकानों का आवंटन यथाशीघ्र की जाए सुनिश्चित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा, रिक्त दुकान,खाद्य विपणन एवं मंडी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम राशन की रिक्त लंबित दुकानों को लेकर विकासखंड वार चर्चा की गयी। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते कहा कि जो दुकान रिक्त है और दो माह से उसे दुकान को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी की जाए। लंबित दुकानों की कार्रवाई को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं



संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

परियोजना निदेशक डीआरडीए स्तर पर लंबित दुकानों की पत्रावलियों को लेकर जिलाधिकारी ने सचेत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी किसी भी दुकान की पत्रावली 7 दिन से अधिक किसी भी अधिकारी के स्तर पर लंबित रहती है तो जिला आपूर्ति अधिकारी, अपर जिलाधिकारी के साथ बैठकर समीक्षा बैठक करें।मृतक आश्रित की रिक्त दुकानों का आवंटन यथाशीघ्र सुनिश्चित की जाए। जिला पूर्ति अधिकारी ने राशन कार्डों के सत्यापन के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया जिसको लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत से राशन कार्ड बनाने के लिए जो प्रस्ताव आए हैं उन प्रस्तावों का गहनता से अवलोकन किया जाए एवं पात्रता की पुनः जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मॉडल शॉप को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि जो मॉडल शॉप निर्माणधीन है उनको यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए हैंडोवर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिन मॉडल शापों का भूमि चिन्हाकंन नहीं किया गया है जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित उप जिलाधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराएं और उन्होंने कहा कि अगले माह समस्त उप जिलाधिकारी बैठक में उपस्थित रहें अपनी समस्त सूचनाओं के साथ। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने दुकानों की संकरे रास्ते के विषय में जानकारी दी जिसको लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि शासनादेश के अनुसार स्थान परिवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, तथा समस्त पूर्ति निरीक्षक, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवक ने खाई सल्फास, मौत

## 3 लाख जुआ जीत के बाद चार लोगों पर लूट व मारपीट का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस कपिल वार्ष्णेय

सम्भल। धनारी थाना क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद निवासी वीरेश पुत्र रिशिपाल उम्र 23 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में सल्फास खाने से मौत हो गई। युवक के परिजनों व प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वीरेश बहजोई घरेलू सामान खरीदने गया था, लेकिन लौटते समय वह धोखे और तनाव में आकर आत्मघाती कदम उठा बैठा।वीरेश रविवार सुबह 11 बजे अपने घर से बहजोई सामान लेने गया था और दोपहर लगभग 1 बजे वापस लौटा। इसी दौरान उसके मोबाइल पर एक कॉल आई, जिसके बाद वह घर से चांदी का महिला का एक गुच्छा तथा 16,000 रुपए नगद लेकर दोबारा बहजोई की ओर चला गया। बताया जा रहा है कि बहजोई पहुंचकर वीरेश ने सरार्फा कारोबारी नरेश को 7,000 रुपए में चांदी का गुच्छा गिरवी रखा और बाकी पैसे लेकर जुआ खेलने पहुंचा। वीरेश ने जुआ में 3 लाख की भारी रकम जीत ली थी, लेकिन लौटते समय ग्राम औरंगाबाद निवासी शेर सिंह पुत्र सियाराम, अजीत पुत्र इंद्रपाल निवासी छपरा, ऋषिकेश पुत्र अतराम निवासी अफजलपुर, तथा सूरजपाल उर्फ बिल्टू पुत्र चंद्रकेश निवासी सेमराभूड़ द्वारा कथित रूप से मारपीट कर उक्त रकम लूट ली गई। घटना से आहत वीरेश देर रात्रि गांव लौटा और गांव के बाहर रहने वाले भीमसेन पुत्र सत्यराम को आवाज दी। भीमसेन को देखते ही वीरेश फूट-फूटकर रो पड़ा और बताया कि उसने सल्फास की दो गोलियां खा ली हैं। यह सुनते ही भीमसेन ने तत्काल वीरेश के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर धनारी थाना पुलिस देर रात्रि युवक के घर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मृतक युवक ने अपने मामा को दी घटना की जानकारी


मृतक का फाइल फोटो

सूचना पर पहुंचे वीरेश के मामा अवधेश ने पूछताछ की तो वीरेश ने पूरी घटना विस्तार से बताई। युवक ने बताया कि मैं घर से जेवरात ले जाकर बहजोई में गिरवी रख कर आया हूं और मैं जुआ खेलने गया था जिसमें मैं लगभग 3 लाख रुपए जीता था जिसके बाद उपरोक्त चारों युवकों ने मुझे 3 लाख रुपए छीन लिए इसके बाद मैं परेशान होकर सल्फाज खाली है इसके बाद परिजनों ने तत्काल उसे निजी चिकित्सक के पास छपरा ले जाया गया, जहां से उसे बहजोई रेफर कर दिया गया। बहजोई के डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए सम्भल के हसीना बेगम अस्पताल रेफर कर दिया। सम्भल से भी गंभीर अवस्था में युवक को मुरादाबाद भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही वीरेश ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उपरोक्त चारों आरोपियों ने मारपीट कर युवक से जीते हुए पैसे छीन लिए थे, जिससे आहत होकर उसने जहर खा लिया।

# धनारी में सरकारी हैंडपंप बने शोपीस, प्यास से बेहाल लोग

नेशनल एक्सप्रेस

गुन्नौर/धनारी। धनारी थाना परिसर और ग्राम पंचायत क्षेत्र में लगे सरकारी हैंडपंप बदहाली की तस्वीर बन गए हैं। थाना परिसर में आने वाले फरियादियों के लिए पीने का पानी तक नहीं है। हेडपंपों की हालत यह है कि इनमें से अधिकांश या तो पूरी तरह खराब हैं या फिर नाम मात्र का पानी देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना धनारी में जब कोई पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर पहुंचता है, तो प्यास बुझाने तक के लिए उसे इधर-उधर भटकना पड़ता है। हालांकि थाना परिसर में एक प्याऊ भी लगा है लेकिन बिजली की पूर्ति न होने के कारण कभी-कभी उसमें भी पानी खत्म हो जाता है जिसकी वजह से भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है थाने के भीतर लगा हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़ा हैं। वहीं, ग्राम पंचायत उधरनपुर अजमत नगर में ग्राम प्रधान विमलेश के कार्यकाल में लगाए गए अधिकांश हैंडपंप भी अब उपयोग लायक नहीं बचे हैं। ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान विमलेश, उनके पति और पुत्र से इस समस्या को लेकर शिकायत की, लेकिन किसी ने अब तक सुध नहीं ली। हाल यह है कि पूरे उधरनपुर अजमतनगर धनारी क्षेत्र में जगह-जगह लगे सरकारी हैंडपंप या तो बंद पड़े हैं या पानी बहुत कम देते हैं। या फिर उन हेडपंपों से कीचड़ की तरह काला पानी निकलता है ऐसे में




आमजन, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे तक पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ग्राम प्रधान को जनसुविधाओं से कोई सरोकार नहीं है। भीषण गर्मी में जब पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब सरकारी हेडपंपों की यह हालत सरकारी मशीनरी की लापरवाही की खुली तस्वीर पेश करती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खराब पड़े सभी सरकारी हैंडपंपों की मरम्मत करवाई जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# एक पेड़ मां के नाम पर किया वृक्षारोपण

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चन्दौसी । किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने मंगलवार को लक्ष्मी देवी हर प्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर शांत मिल बहजोई रोड पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें ग्रुप की अध्यक्ष डॉ नीलम मास्टर ने बताया कि पेड़ों से हमें ताजा हवा बा स्वस्थ रहने के लिए जीवन मिलता है पर असल पड़ता हैजिसमें ग्रुप की महिलाओं ने शीशम के पेड़, नीम के पेड़,जामुन के पेड़, पाखंड के पेड़ गुलाब के फूल के पेड़ लगाएं व समस्त स्टाफ ने मिलकर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया



इसमें रामपाल जी,हदेश, डॉ नीलम वार्ष्णेय, इन्दू, रूबी, पलक, भक्ति, भूमि, आदि लोग उपस्थित रहे।

# पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे समाजवादी के सांसद आदित्य यादव

## सांसद आदित्य यादव ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों को दी सांत्वना, बोले हर पल साथ हैं समाजवादी पार्टी के लोग

- बोलेरो में सवार 10 लोग, 9 की मौत, हादसे में सिर्फ डेढ़ साल का मासूम अकेला बचा

नेशनल एक्सप्रेस कपिल वार्ष्णेय

गुन्नौर। गुन्नौर तहसील के जुनावई ब्लॉक स्थित ग्राम हरगोविंदपुर में दो हफ्ते पहले हुए भीषण सड़क हादसे की पीड़ा अब तक लोगों के मन से नहीं मिटी है। 2 जुलाई की रात हुए इस हादसे में बोलेरो गाड़ी में सवार 10 लोगों में से 9 की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चा चमत्कारिक रूप से जीवित बच गया।

इस हृदयविदारक हादसे में हरगोविंदपुर निवासी सुखपाल पासी के पुत्र की शादी की बारात बोलेरो गाड़ी से निकली थी, लेकिन रास्ते में गाड़ी तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर एक





दीवार से जा टकराई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और दूल्हा सहित 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। केवल एक मासूम बच्चा ही इस हादसे में जीवित बचा, जिसने न सिर्फ अपने माता-पिता बल्कि पूरे परिवार को इस हादसे में खो दिया।

**हरगोविंदपुर पहुंचे सांसद आदित्य यादव, शोक में डूबे परिजनों को दिया ढांढसः** आज इस दुखद घटना के पीड़ित परिवारों से मिलने बदायूं लोकसभा के सांसद और समाजवादी पार्टी नेता आदित्य यादव हरगोविंदपुर पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर यह दौरा किया गया, जिसमें समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल भी साथ मौजूद रहा। सांसद आदित्य यादव ने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा एक शुभ दिन को ऐसी काली छाया निगल जाए, यह कल्पना से परे है। दूल्हे से लेकर अन्य परिजन, सभी खुशियों से भरे थे। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।

समाजवादी पार्टी हर घड़ी में जनता के साथ खड़ी रही है और इस परिवार के साथ भी हमेशा खड़ी रहेगी।

**एक मासूम का बच जाना, भगवान का चमत्कार गांव वालों की प्रतिक्रियाः** गांव के लोगों के अनुसार, बोलेरो में सवार सभी दस लोगों में केवल एक डेढ़ साल का बच्चा जीवित बचा, जिसे मामूली चोटें आईं। उसका जाना लोगों के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं। यह बच्चा अब पूरे गांव की ज़िम्मेदारी बन गया है। कई लोग इस बात से आहत हैं कि वह मासूम आज अनाथ हो गया।

### हर स्तर पर मदद का आश्वासन, समाजवादी पार्टी परिवार के साथ

सांसद ने आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी की ओर से न सिर्फ सांत्वना दी जा रही है, बल्कि प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव स्वयं इस घटना से मर्माहत हैं और उन्होंने इस परिवार के साथ हर कदम पर खड़े रहने के निर्देश दिए हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के इस प्रतिनिधिमंडल में सैकड़ो की संख्या में नेता तथा जनप्रतिनिधि सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता आदित्य यादव सांसद, श्री जावेद अली खान सांसद राज्यसभा, जियाउर्रहमान बर्क सांसद, राम खिलाड़ी सिंह यादव विधायक, इकबाल महमूद विधायक, पिंकी यादव विधायक, असगर अली अंसारी जिलाध्यक्ष, प्रदीप यादव पूर्व मंत्री, राजेश यादव, पूर्व विधायक, कृष्ण मुरारी शंध्रधार जिला महासचिव, नईम उल हसन उर्फ लड्डन मियां नेता समाजवादी पार्टी, अमित यादव विधान सभा अध्यक्ष गुन्नौर आदि समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सांसद ने जताई चिंता, सड़क सुरक्षा पर उठाए सवाल

सांसद आदित्य यादव ने प्रशासन से मांग की कि इस हादसे की गंभीर जांच कराई जाए, और सड़क निर्माण, गति नियंत्रण और वाहनों की जांच व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसे यह संकेत देते हैं कि स्थानीय प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

## संपादकीय

# सुशासन की जगह अपराध का बोलबाला

बिहार की वर्तमान स्थिति को देखकर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि राज्य एक बार फिर 'जंगल राज' की गिरफ्त में है। जिस शासन को कभी 'सुशासन बाबू' की सरकार कहा जाता था, वह अब खुद ही अपराध और अव्यवस्था के साए में दिख रहा है। जिस सुशासन के नाम पर वर्षों तक सत्ता में टिके रहने की राजनीति की गई, उसी राज में अब हर 10 घंटे में एक हत्या हो रही है। बीते 10 दिनों में 30 से अधिक लोगों की हत्या कर दी गई है, और राजधानी पटना सहित सीवान, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, बेगुसराय, पूर्णिया और नालंदा जैसे जिलों में हत्या अब सामान्य सी बात बन गई है ।यह सब तब हो रहा है जब नीतीश कुमार दो दशकों से अधिक समय से मुख्यमंत्री हैं और साथ ही गृहमंत्री का जिम्मा भी उनके पास है। बावजूद इसके, इन हत्याओं पर उनका कोई ठोस बयान या संवेदना तक नहीं आई है। न ही अपराध रोकने के लिए कोई सख्त कदम सामने आए हैं। राज्य में बालू माफिया, शराब माफिया, और जमीन माफिया जैसे संगठनों की गतिविधियाँ पहले भी सक्रिय थीं और अब और अधिक उग्र होती जा रही हैं। लगता है कि सरकार ने इनसे निपटने का प्रयास ही छोड़ दिया है ।राजनीतिक बयानबाजी भी चरम पर है। भाजपा के पास राज्य सरकार में दो उपमुख्यमंत्री हैं, लेकिन जब उनके ही एक नेता की हत्या कर दी जाती है, तब भी केवल बयान देने तक ही सीमित रहते हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का यह तर्क कि ये हत्याएं आपसी रंजिश का नतीजा हैं और इसमें सरकार क्या कर सकती है, यह दर्शाता है कि राज्य में सरकार का क्या औचित्य रह गया है। क्या यही सुशासन है? क्या सरकार केवल चुनाव जीतने और बयानबाजी तक ही सीमित है?राज्य की सामाजिक और आर्थिक स्थिति भी चिंताजनक है। आज भी बिहार देश का सबसे गरीब राज्य बना हुआ है। लगभग 52 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय करीब 60 से 65 हजार रुपए है, जो राष्ट्रीय औसत 2.5 लाख रुपए से कहीं नीचे है। स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति बदहाल है। अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, और जो हैं वे सुविधाओं के अभाव में काम नहीं कर पा रहे। स्कूलों में दो अध्यापक एक ही कक्षा में दो ब्लैकबोर्ड पर पढ़ाने का नाटक करते हैं। बच्चे ज़मीन पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं ।राज्य में आधारभूत ढांचे की हालत यह है कि मामूली बारिश या बाढ़ में पुल ढह जाते हैं और गांव-शहर का संपर्क टूट जाता है। कोई बड़ा उद्योग नहीं है और रोजगार के अवसर भी नगण्य हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बजट में बिहार को कुछ राहत दी गई है, लेकिन यह समर्थन भी राजनीतिक समीकरणों की देन है, क्योंकि जदयू के 12 सांसद केंद्र सरकार के लिए महत्वपूर्ण हैं ।राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2022 में बिहार में 9200 से अधिक हत्याएं दर्ज की गईं। इसके बाद का डेटा उपलब्ध नहीं है, जो इस बात को भी दर्शाता है कि अपराध पर पारदर्शिता की कमी है। वर्तमान हालात लालू-राबड़ी शासन के उस दौर से कुछ अलग नहीं हैं, जिसे कभी 'जंगल राज' कहा गया था। फर्क केवल इतना है कि तब अपराधों की प्राथमिकी तक दर्ज नहीं होती थी, जबकि अब दर्ज होती है और कभी-कभार गिरफ्तारी भी होती है। लेकिन क्या यही पर्याप्त है?आज की स्थिति में पुलिस के पास अपराधियों की पूरी जानकारी है, उनका इतिहास भी है, लेकिन फिर भी अपराध रुक नहीं रहे। विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और राजनीतिक अस्थिरता के बीच अपराध बढ़ना चिंता का विषय है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि लालू यादव की पार्टी राजद इन अपराधों की पृष्ठभूमि में है, लेकिन सरकार के पास यदि कोई ठोस साक्ष्य है, तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?स्थिति यह है कि बिहार में कानून का राज नहीं, बल्कि अपराधियों का शासन चलता दिख रहा है। जनता भयभीत है और सरकार मूकदर्शक। सुशासन की जगह जंगल राज ने ले ली है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे रोकने के कोई सशक्त प्रयास नहीं हो रहे। यदि इसी तरह हालात बने रहे, तो बिहार की छवि और अधिक धूमिल होगी और लोगों का विश्वास शासन व्यवस्था से पूरी तरह उठ जाएगा।

# स्वास्थ्य बनाम स्वाद: समोसा और जलेबी से सावधान!



ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर देशवासियों को न केवल सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का भी आह्वान किया है। हाल ही में उन्होंने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए देशवासियों से खाद्य पदार्थों में तेल की मात्रा कम करने और मोटापे जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचने की अपील की है।

भारत जैसे विविधताओं वाले देश में जहां हर नुक्कड़ पर समोसे की महक और जलेबी की मिठास लोगों को आकर्षित करती है, वहीं यह स्वादिष्ट व्यंजन अब स्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी बनते जा रहे हैं। हमारी परंपराओं और खानपान में गहराई से जुड़े समोसा, कचोरी और जलेबी जैसे तली-भुनी और अत्यधिक मीठी चीजें अब मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का प्रमुख कारण बन गई हैं। इन्हीं कारणों से देशभर में एक जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए जनजागृति अभियान शुरु हुआ है। तले हुए व्यंजनों के उपभोग को कम करने की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय एवं बढ़ती स्वास्थ्य चिन्ताओं को देखते हुए क्रांति का शंखनाद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया अभियान के तहत तेल और चीनी का उपभोग कम करने का आह्वान किया था। केन्द्र सरकार की सक्रियता से जैसे सिगरेट के पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी होती है, ठीक वैसी ही चेतावनी इन तैलीय और मीठे खाद्य पदार्थों के बारे में जारी होगी। बड़े पैमाने पर इस बात का प्रचार रेडियो एवं अन्य टीवी चैनलों के माध्यमों से किया जा रहा है कि तैलीय या जरूरत से ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थों के उपभोग से दूर रहा जाए।



मोटापे एवं अन्य असाध्य बीमारियों की गंभीर स्थिति से जुड़े चौंकाने वाले तथ्य चिन्ताजनक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चीनी और ट्रांस वसा को मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के मुख्य कारणों में गिनते हैं। भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति मोटापे का शिकार है, और इसके पीछे मुख्य कारण अत्यधिक तला-भुना भोजन है। दुनिया में मोटापे के मामले में भारत दूसरे नम्बर पर है। डब्लूएचओ के अनुसार, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 2045 तक 13.4 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो दुनिया में सबसे अधिक होगी। बच्चों में बढ़ती मोटापे की दर का एक बड़ा कारण स्कूलों के आसपास मिलने वाले समोसा, कचोरी, बर्गर जैसी चीजें हैं। समोसा और कचोरी जैसी चीजों को बार-बार एक ही तेल में तला जाता है, जिससे उसमें ट्रांस फैट और कैंसरकारी तत्व (ऐक्रिलामाइड) पनपने लगते हैं। ये हृदय की धमनियों को सख्त कर देते हैं और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं। जलेबी को चीनी के गाढ़े सिरप-चासनी में डुबोया जाता है, जिससे शरीर में तुरंत ग्लूकोज की मात्रा बढ़ती है। यह स्थिति इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप-2 डायबिटीज और फैटी लिवर जैसी बीमारियों को न्योता देती है। समोसा और कचोरी में मैदा का अत्यधिक उपयोग होता है, जो पाचन को धीमा करता है। इससे गैस, कब्ज, अम्लपित्त और मोटापा जैसे विकार उत्पन्न होते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर देशवासियों को न केवल सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का भी आह्वान किया है। हाल ही में उन्होंने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए देशवासियों से खाद्य पदार्थों में तेल की मात्रा कम करने और मोटापे जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचने की अपील की है। मोदी ने इस बढ़ती स्वास्थ्य समस्या पर चिंतन करते हुए कहा हमें अपने खान-पान में बदलाव करना होगा। कम तेल, कम नमक और कम चीनी- यही स्वास्थ्य की कुंजी है।' मोदी का आह्वान - तेल कम करें, जीवन स्वस्थ बनाएं है। क्योंकि अति तेल में तंदुरुस्ती नहीं, बीमारी का प्रवेश द्वार है। ध्यान रहे, देश में मोटापा बढ़ रहा है और इसके खिलाफ जागरूकता भी बढ़ रही है। यह भी कहा गया है कि लोग अपने भोजन में तेल को कम करके विकसित भारत बनाने में सहायक हो सकते हैं। इसी कड़ी में समोसे, जलेबी और स्वास्थ्य के लिए घातक व्यंजनों को अगर आधिकारिक रूप से निशाने पर लिया गया है, तो अचरज की बात नहीं, बल्कि वक्त की बड़ी जरूरत है।

भारत में रसोई का अभिन्न हिस्सा है तेल। परंतु आज जिस प्रकार से हर व्यंजन में अत्यधिक तेल का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, इससे मोटापा भारत की बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन गयी है, उसने अन्य अनेक बीमारियों को प्रोत्साहन देते हुए स्वास्थ्य संकट को जन्म दे दिया है। तले-भुने खाद्य पदार्थ जैसे समोसा, कचोरी, पकौड़ी, पूड़ी, जलेबी, फास्ट फूड, आदि मोटापा, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों का कारण बनते जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य संस्थानों को कैफेटेरिया और सार्वजनिक स्थानों पर साफ तौर पर 'तेल और चीनी के चेतावनी बोर्ड' लगाने का निर्देश दिया गया है। ये सूचनात्मक पोस्टर खासे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों में वसा और चीनी की मात्रा को उजागर करेंगे। तले हुए और चीनी से भरपूर खाद्य पदार्थों को हतोत्साहित करने का समय आ गया है। इसकी शुरुआत अस्पतालों में चल रहे लापरवाह रेस्तरां से होनी चाहिए। तमाम रेस्तरां और मिष्ठान भंडारों पर इस चेतावनी को लटकाना आवश्यक है। ऐसा नहीं है कि लोग समोसा या जलेबी खाना छोड़ देंगे, पर उनमें सजगता आएगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बिमल छाजेड़ पिछले तीन दशकों से 'जीरो ऑयल' की खानपान पद्धति के माध्यम से हृदय रोगियों का प्रभावी इलाज कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली के सूत्र प्रस्तुत करते हुए जनता से आह्वान किया है कि तेल का सीमित उपयोग करते हुए पकवानों को तलने के बजाय भूनें, उबालें या भाप में पकाएं। शारीरिक गतिविधि बढ़ाने के लिये रोज़ाना योग, प्राणायाम, टहलना या व्यायाम करें। घर में जंक फूड बंद करें, बच्चों को ताजे फल, सूखे मेवे, अंकुरित अनाज दें। रोगों से नहीं, आदतों से लड़ें। खानपान में नियंत्रण सबसे बड़ा उपचार है। अतः बचाव के उपाय जरूरी हैं। पिछले दिनों, हर व्यक्ति से अपने भोजन में तेल की खपत को दस प्रतिशत तक कम करने की अपील की गई है। कुछ लोग अवश्य सुधार की ओर बढ़े होंगे और अब जब समोसे, जलेबी जैसे खाद्य पदार्थों पर चेतावनी रहेगी, तो खानपान में सुधार की गति को और बल मिलेगा। मोदीजी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'फिट इंडिया मूवमेंट' सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का संदेश है। यह देश को बीमारियों के बोझ से मुक्त करने की दिशा में उठाया गया क्रांतिकारी कदम है। इस आंदोलन में लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि स्वस्थ व्यक्ति ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है।

फिट इंडिया अभियान में ज्यादा ईमानदारी की जरूरत है और साथ ही, शुद्ध भोजन के लिए जिम्मेदार सरकारी महकमों को ईमानदारी से ज्यादा सचेत एवं सावधान होना पड़ेगा। आज अनेक प्रकार के विदेशी व्यंजन भी बाजारों में उपलब्ध हैं, इनमें से ज्यादातर व्यंजनों में मैदा, तेल, कृत्रिम रंग और रसायन का खतरनाक उपयोग हो रहा है। ऐसा कतई नहीं लगना चाहिए कि केवल भारतीय व्यंजनों को निशाना बनाया जा रहा है। दूसरी अहम बात, खाने और बनाने वालों, दोनों को जागना होगा। अनेक हलवाइयों की दुकानों पर एक ही तेल का बार-बार प्रयोग, खराब या गलत सामग्रियों का इस्तेमाल तत्काल रुकना चाहिए।

आज ज़रूरत है कि हम सिर्फ स्वाद के गुलाम न बनें, बल्कि अपने शरीर की सुनें। एक जिम्मेदार समाज वही है जो अगली पीढ़ी को स्वाद के नाम पर बीमारियां नहीं, स्वस्थ आदतें सौंपे। एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो रही है, जो स्वाद के पीछे स्वास्थ्य को त्याग रही है। यह चेतावनी नहीं, चेतना का संदेश है कि यदि अब भी नहीं सुधरे, तो आने वाली पीढ़ियाँ बीमारियों से जूझती रहेंगी। तो आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि तेल कम करेंगे, चलना बढ़ाएंगे, जीवन को लंबा और स्वस्थ बनाएंगे! विशेषतः व्यापारियों, रेस्टोरेंट मालिकों एवं हलवाइयों के लिये सरकार को कड़े प्रावधान बनाने होंगे। पैसा कमाने के चक्कर में देश के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को खुला नहीं छोड़ना चाहिए। जब दूध और पनीर की गारंटी न हो, तब हमें सोचना पड़ेगा कि केवल चेतावनी से सुधार नहीं आने वाला। गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले महकमों और अधिकारियों को युद्ध स्तर पर सक्रिय होना पड़ेगा, तभी हम फिट इंडिया के ख्वाब को साकार कर पाएंगे।

## इतिहास के दर्पण में 15 जुलाई: परिवर्तनकारी आंदोलनों का दिन

नी चंद्रगुप्त महान के दौर से लेकर चंद्रयान-3 के ताज़ा उपलब्धियों तक, 16 जुलाई का दिन विश्व इतिहास में कई ऐतिहासिक घटनाओं, खोजों, उत्थानों और पतनों का साक्षी रहा है। प्राचीन युग से लेकर आधुनिक अंतरिक्ष युग तक, इस दिन ने इतिहास की धारा को कई बार दिशा दी है ।सबसे पहले, 622 ईस्वी में पैगंबर मुहम्मद की हिजरत यानी मदीना की ओर उनकी प्रस्थान यात्रा हुई, जिसे इस्लामी कैलेंडर की शुरुआत माना जाता है । यह यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इस्लामी इतिहास और सांस्कृतिक पहचान की आधारशिला भी मानी जाती है। इसी तिथि को 1054 ईस्वी में पाप और पूर्वी ग्रीक चर्चों के बीच विभाजन की शुरुआत हुई, जब हेड ऑफ हेगिया सोफिया में तत्कालीन पोप ने भिक्षा स्थलों को बहिष्कार का नोटिस चिपका दिया—जिससे ईसाई धर्म का बड़ा विभाजन शुरू हुआ ।1212 में यूरोपीय क्रुसेडर्स ने स्पेन में लास नवास दे टोलेसा की लड़ाई में अहम जीत हासिल की, जिससे मुस्लिम सत्ता पर यूरोपीय राज्यों का प्रभुत्व मजबूत हुआ । 1661 में यूरोप में पहली बैंकनोट स्वीडिश बैंकों ने जारी की, जो प्रकटन में आर्थिक विकास के नए युग का संकेत था Wikipedia+1The Fact Site+1 ।1769 में, मक्सपूल क्षेत्र में मिशन सैन डिएगो डे अल्काला की स्थापना हुई, जिसने आगे चल कर सैन डिएगो शहर को आकार दिया । 1779 में



अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनरल एंथनी वेन ने स्टोनी पॉइंट किले पर बहादुरी से हमला किया, जो अमेरिका को ब्रिटिश सत्ता से मुक्ति दिलाने की दिशा में एक निर्णायक कदम था ।1790 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने पोटोमैक नदी तटीय क्षेत्र को स्थायी राजधानी घोषित किया, जिसके फलस्वरूप वाशिंगटन डी.सी. का जन्म हुआ । 1809 में बोलीविया के लॉ पाज़ ने स्पेन से स्वतंत्रता का ऐलान किया, और 1849 में क्लेयरटयन्स नामक धार्मिक मिशन की स्थापना की गई ।दूसरे विश्व युद्ध की सर्वाधिक निर्णायक घटना 16 जुलाई 1945 को घटित हुईः अलामोगोर्डो, न्यू मैक्सिको में पहला परमाणु बम परीक्षण कराया गया, जिसे ट्रिनिटी टेस्ट कहा जाता है। इस परीक्षण ने 'परमाणु युग' की शुरुआत की और अगली महाशक्ति में एक नए हथियार की शक्ति सामने लाई । उसी दिन यूएसएस इंडियानापोलिस ने तिनियन द्वीप पर 'लिटिल बॉय' बम के घटकों को भेजने के लिए प्रस्थान किया ।1941 में, न्यूयॉर्क यांकीज़ के महान खिलाड़ी जो डीमैजियो ने लगातार 56वें गेम में भी हिट कर MLB रिकॉर्ड की एक लकीर खींची, जो वर्त्तमान में भी अप्रतिम है। अमेरिकी मरीन जनरल जॉन ग्लेन ने वाउगोट एफ8यू क्रूसेडर जेट उड़ाकर कैलीफोर्निया से न्यूयॉर्क तक 3 घंटे 23 मिनट 8 सेकंड में यात्रा की, जो एक अंतरमहाद्वीपीय उड़ान रिकॉर्ड था । 1969 में नासा ने अपोलो–11 मिशन की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य था मानव को पहली बार चंद्रमा पर स्थापित करना—इसकी ऐतिहासिक लॉंच 16 जुलाई को फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से हुई ।1979 को इराक में हसन अल-बकर ने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया और सद्दाम हुसैन सत्ता में आए । उसी साल न्यू मैक्सिको में चर्च रॉक यूरेनियम मिल के डैम टूटने से भारी रेडियोधर्मी रिसाव हुआ, जो अमेरिकी इतिहास में एक गंभीर पर्यावरणीय आपदा में से एक समझी जाती है ।1999 में जॉन एफ. केनेडी जूनियर, उनकी पत्नी कैरलिन और उनकी बहन लॉरेन, एक छोटे विमान दुर्घटना में मारे गए, जब वे मार्था'स विनयार्ड की ओर जा रहे थे।

## समसामयिक

# न्याय व्यवस्था : सुधार की पुकार



ऋषभदेव शर्मा

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई ने हाल ही में हैदराबाद की नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के दीक्षांत समारोह में भारतीय न्याय व्यवस्था की चुनौतियों पर गंभीर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत है। साथ ही यह भी जोड़ा कि वे फिर भी आशावादी हैं कि देशवासी इन चुनौतियों का सामना करेंगे। यह बयान न केवल न्यायिक प्रणाली की गहरी समस्याओं की ओर इशारा करता है, बल्कि सुधार की दिशा में एक सकारात्मक दृष्टिकोण की ज़रूरत को भी उजागर करता है। दरअसल, भारतीय न्याय व्यवस्था लंबे समय से कई संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक कमियों से जूझ रही है। सबसे बड़ी चुनौती है मुकदमों में होने वाली असहनीय देरी। सीजेआई गवई ने स्वयं इस ओर ध्यान दिलाया कि कुछ मामले दशकों तक लटके रहते हैं। इसके परिणामस्वरूप कई विचाराधीन कैदी वर्षों जेल में बिताने के बाद निर्दोष साबित होते हैं। यह न केवल न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है, बल्कि मानवाधिकारों पर भी गंभीर सवाल उठाता है। आँकड़े बताते हैं कि भारत की जेलों में 74 प्रतिशत से अधिक कैदी विचाराधीन हैं। इसे न्याय प्रणाली की धीमी गति का जीता जागता लेकिन दुखद सबूत न कहें, तो क्या कहें? इसके अलावा, अदालतों में लटके मुकदमों की गिनती लाखों में है। इससे न्यायिक ढाँचे पर भारी दबाव का सहज अनुमान लगाया जा सकता है ।मुख्य न्यायाधीश के इस बयान को कई स्तरों पर समझा जा सकता है कि सुधार की सख्त ज़रूरत है। एक तो यही कि, इससे न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी लाने की ज़रूरत का पता चलता है। बेशक, तकनीकी नवाचार (जैसे कि ई-कोर्ट और डिजिटल केस मैनेजमेंट सिस्टम) इस दिशा में कारगर हो सकते हैं। लेकिन इनका कार्यान्वयन अभी भी अपर्याप्त है। दूसरा कि, यह न्यायाधीशों और अदालती कर्मचारियों की कमी की ओर इशारा करता है। उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में रिक्तियाँ लंबे समय से एक गंभीर समस्या रही हैं। तीसरा कि, यह कानूनी शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर ध्यान देने की माँग करता है। मुख्य न्यायाधीश ने युवा कानूनी पेशेवरों से नैतिकता और ईमानदारी के साथ काम करने की अपील की। मतलब साफ है कि सुधार केवल संरचनात्मक नहीं, बल्कि नैतिक और मूल्य-आधारित भी होने चाहिए। ऐसा हुए बिना न्यायप्रणाली लोगों का विश्वासपात्र नहीं हो सकती। जब तक ऐसा नहीं होगा, सही अर्थों में लोकतंत्र की प्रतिष्ठा परिपूर्ण नहीं होगी न! इस जटिल यथार्थ को स्वीकार करते हुए भी मुख्य न्यायाधीश का यह कहना किसी तरह तक मन को समझाने की युक्ति लग सकता है कि वे आशावादी हैं! (हमको मालूम है जन्नत की हक़ीक़त लेकिन/ दिल के ख़ुश रखने को ग़ालिब ये ख़याल अच्छा है!) सवाल उठता है कि यह आशावाद वास्तविकता पर आधारित है या केवल प्रेरणात्मक बयानबाजी? भारत में न्यायिक सुधारों का इतिहास मिश्रित रहा है। यहाँ तक कि न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार कॉलेजियम प्रणाली भी लंबे समय से विवादों में है। इसकी पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठते रहे हैं। इसके अलावा, सरकार और न्यायपालिका के बीच समय-समय पर तनाव ने सुधारों की गति पर विपरीत प्रभाव डाला है। उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को रद्द करने के बाद सुधारों की दिशा में कोई ठोस विकल्प सामने नहीं आ सका। ऐसे में, यह आशावाद तब तक दिवास्वप्न जैसा लग सकता है, जब तक कि ठोस नीतिगत कदम और संसाधनों का खुलासा न हो! फिर भी, कुछ आधार आशावाद के लिए हैं। डिजिटल तकनीक का बढ़ता उपयोग, जनहित याचिकाओं के माध्यम से सामाजिक न्याय को बढ़ावा, और युवा कानूनी प्रतिभाओं का उदय सकारात्मक संकेत हैं। सीजेआई गवई ने स्वयं इस बात पर ज़ोर दिया कि नई पीढ़ी की प्रतिभाएँ इन चुनौतियों का समाधान खोज सकती हैं। (लगता है, लोकतंत्र के अन्य स्तंभों की तरह न्यायपालिका की भी वर्तमान पीढ़ी को नई पीढ़ी के लिए जगह बनाने की ज़रूरत है!)

# बिहार में चौकाने वाले आंकड़े आए 3.5 लाख मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकतंत्र पर्व की चर्चाएं पूरी दुनियाँ में होतीरहती है,जो भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाती है, परंतु मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि, इस प्रतिष्ठा में निखार लाने के लिए इसकी त्रुटियां, लीकेजेस, जाली मतदाताओं को पहचान कर सुचियों का पुनरीक्षण,शुद्धिकरण करना समय की मांग है, जिसका क्रियान्वयन बिहार से शुरू हो चुका है जहां 2025 के अंत तक चुनाव होने की चर्चाएं चल रही है वैसे तो, इस तरह के बड़े पुनरीक्षण अभियान पहले भी कई बार हो चुके हैं,1950 के दशक से लेकर 2004 तक कई बार।

लेकिन इस बार काअभियान दो वजहों से अलग है-पहली बार पहले से रजिस्टर्ड वोटर से ही दोबारा दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, और दूसरी बार आयोग ने खुद अपनी पुरानी वोटर लिस्ट की वैधता पर सवाल खड़ा कर दिया है। कुल मिलाकर, आने वाले दिनों में देशभर में वोटर लिस्ट को लेकर बड़ा बदलाव होने जा रहा है,और आम लोगों को फिर से खुद को साबित करने के लिए तैयार रहना होगा। चुनाव आयोग का कहना है कि शहरों मेंपलायन बढ़ा है, लोग एक जगह से दूसरी जगह बस जाते हैं, लेकिन पुराने पते से नाम नहीं हटवाते। इससे एक ही व्यक्ति के नाम दो जगह आ जाते हैं। इसी को ठीक करने के लिए वोटर लिस्ट को साफ किया जा रहा है। राजनीतिक दलों ने भी कई बार फर्जी वोटिंग की शिकायत की है। कांग्रेस नेता ने महाराष्ट्र में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाया था।

आयोग का कहना है कि इस तरह की समस्याओं को खत्म करने के लिए ही ये अभियान जरूरी है। बिहार में अब तक वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए 11 तरह के दस्तावेज मांगे जा रहे थे। इनमें आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल सर्टिफिकेट, जाति प्रमाण पत्र और कुछ सरकारी पहचान पत्र शामिल थे। लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि ज्यादातर लोगों के पास सिर्फ आधार,राशन कार्ड और वोटर आईडी ही हैं।

इसलिए सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर अब आयोग ने तीन दस्तावेज-आधार, वोटर आईडी और राशन कार्ड,को भी शामिल करने पर विचार किया है। ये दस्तावेज ज्यादातर लोगों के पास हैं,खासकरबिहार जैसे राज्यों में ।बिहार में चुनाव आयोग ने हाल ही में मतदाता सूची का 'विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया है, जिसे लेकर काफी विवाद खड़ा हो गया है। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है ।लेकिन इसी बीच आयोग ने एक बड़ा कदम उठाते हुए देश के बाकी सभी राज्यों को भी ऐसी ही तैयारी करने का निर्देश दे दिया है।

आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि वे 1 जनवरी 2026 को आधार बनाकर मतदाता सूचियों को दोबारा खंगालने की तैयारी शुरू करें। यानी उस दिन तक 18 साल के हो चुके सभी नागरिकों का नाम वोटर लिस्ट में होना चाहिए। हालांकि, इस पूरे अभियान की टाइमलाइन अभी तय नहीं हुई है चूँकि बिहार में 2003 की मतदाता सूचि को प्रमाणिक आधार मानकर संभावित 2.93 करोड़ वर्तमान मतदाताओं पर असर पड़ने की संभावना है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,पूरे भारत में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण होगा, बिहार में चौक़ाने वाले आंकड़े आए हैं,35.5 लाख़, मतदाताओं के नाम संभव तो हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संभवतः करोड़ों मतदाताओं के नाम मृत्यु, एक से अधिक सूचियां में नाम दर्ज, जाली प्रमाण व आधार के कारण हटाने से पारदर्शिता बढ़ेगी।

साथियों बात अगर हम बिहार में चल रहे एसआईआर की करें तो 14 जुलाई 2025 को देर रात आई जानकारी के अनुसार, बिहार में चुनाव आयोग की ओर से जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत 35.5 लाख मतदाताओं के नाम हटाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव आयोग के ताजे आंकडों के मुताबिक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान अब तक 1.59 प्रतिशत मतदाता मृत पाए गए हैं जबकि 2.2 प्रतिशत मतदाता स्थायी रूप से अन्य स्थानों पर जा चुके हैं।

इसके साथ ही 0.73 प्रतिशत व्यक्ति एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत पाए गए हैं। जिनका कुल योग 4.52 फीसदी है। जो कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में 35.5 लाख हैं ।सोमवार को चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार इस अभियान के तहत अबतक 83.66 प्रतिशत मतदाताओं के गणना फॉर्म जमा किए जा चुके हैं। कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में से 6,60,67,208 मतदाताओं के गणना फॉर्म जमा किए गए हैं। इस प्रकार, 88.18 पेर्सेंट मतदाताओं ने या तो गणना फॉर्म जमा कर दिया है, या मृत पाए गए हैं, या फिर एक स्थान पर नाम बरकरार रखा गया है अथवा स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं ।अब केवल 11.82 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा गणना फॉर्म जमा किया जाना शेष है। इनमें से कई ने आने वाले दिनों में दस्तावेज़ों के साथ फॉर्म जमा करने के लिए समय मांगा है। 25 जुलाई तक फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख है।

इसके बाद ड्राफ्ट रोल प्रकाशित होगा। इसी सूची के आधार पर 2025 के चुनावों की मतदाता सूची तय होगी ।चुनाव आयोग द्वारा विकसित किए गए प्लेटफॉर्म पर अब तक 5.74 करोड़ से अधिक फॉर्म अपलोड हो चुके हैं। प्लेटफॉर्म जो पहले की 40 चुनावी ऐप्स को समाहित कर एकीकृत किया गया है ।अब ऑनलाइन फॉर्म भरने, नाम खोजने, और दस्तावेज सत्यापन के लिए उपयोग हो रहा है। अब तीसरे चरण में लगभग 1 लाख बीएलओ एक बार फिर घर-घर जाएंगे ।सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.5 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलओ) भी पूरी ताकत से लगे हुए हैं। प्रत्येक बूथ लेवल एजेंट प्रतिदिन 50 गणना पत्र तक जमा और प्रमाणित कर सकता है। 261 नगर निकायों के 5,683 वार्डों में विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र शहरी मतदाता सूची से बाहर न रहे ऐसा पूरा प्रयास हो रहा है।

साथियों बात अगर हम पूरे भारत में एसआईआर लागू करने की करें तो,फिलहाल जो संकेत मिल रहे है, उनमें अगले दो सालों में इसे चरणबद्ध तरीके से सभी राज्यों में लेकर वह जाएगा। जिसकी शुरूआत अगले महीने से पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और केरल सहित पांच राज्यों से हो सकती है। इन सभी राज्यों में अगले साल विधानसभा के चुनाव भी है। इस पूरे अभियान को लेकर सबसे ज़्यादा डर हाशिए पर जी रहे लोगों में है। ईबीसी, दलित, मुसलमान और गरीब तबके के लोग डरे हुए हैं कि कहीं उनका नाम ही न कट जाए। कुछ इसे "पीछे से लाया गया एनआरसी" कह रहे हैं। मतलब बिना सीधे कहे नागरिकता की जांच की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में इस प्रक्रिया को रोकने से तो मना कर दिया, लेकिन चिंता जताई कि कहीं चुनाव से पहले किसी का नाम लिस्ट से हट गया, तो उसका वोट देने का अधिकार ही छिन जाएगा। कोर्ट ने आयोग को सुझाव दिया कि दस्तावेज़ी प्रक्रिया को आसान बनाया जाए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि पूरे भारत में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण होगा-बिहार में चौकाने वाले आंकड़े आए 3.5 लाख मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया शुरूबिहार में 2003 की मतदाता सूची को प्रमाणिक आधार माना- संभावित 2.93 करोड़ वर्तमान मतदाताओं पर असर पड़ने की संभावना?पूरे भारत की मतदाता सूचियों में संभवतःकरोड़ों मतदाताओं के नाम मृत्यु, एक से अधिक सूचियां में नाम दर्ज, जाली प्रमाण व आधार के कारण हटाने से पारदर्शिता बढ़ेगी।

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

## खबरें फटाफट

### परिवर्तन फोरम' संस्था के सदस्यों ने मेट्रो राइड का लिया आनंद



कानपुर। 'परिवर्तन फोरम' संस्था के सदस्यों ने आज कानपुर सेंट्रल से आईआईटी तक मेट्रो में गेट टुगेदर और जॉयराइड का आनंद लिया। इस दौरान सदस्यों ने 'मेट्रो से जाओ, जाम हटाओ' और 'धुआं नहीं, मेट्रो चुनो' जैसे संदेशों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को मेट्रो अपनाने के लिए प्रेरित और जागरूक किया। कानपुर मेट्रो के अधिकारियों ने संस्था के सदस्यों को कानपुर मेट्रो की विशेषताओं, कार्यप्रणाली और विश्व स्तरीय सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। पर्यावरण हितैषी होने के साथ साथ कानपुर मेट्रो का रूट शहर के महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, कार्यालयों, यातायात स्थलों और बाजारों को जोड़ता है। इससे लोगों को ट्रैफिक जाम और बढ़ते कार्बन फुटप्रिंट से राहत मिलती है। मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में, कार्बन उत्सर्जन रहित मेट्रो की टेक्नॉलोजी पर्यावरण के अनुकूल है और पर्यावरण के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मेट्रो के नेशनल कॉमन मोबिलिटी गोस्मार्ट कार्ड से प्रत्येक बार यात्रा पर 10 प्रतिशत छूट का लाभ भी मिलता है। कानपुर मेट्रो के अंदर जन्मदिन, सालगिरह, किटी पार्टी, गेट टुगेदर आदि आयोजनों के लिए कम शुल्क पर बुकिंग की सुविधा भी है।

### मछुआरा समुदाय ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार नीलामी रद्द करने की मांग



कानपुर, निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी जिला अध्यक्ष राज निषाद के नेतृत्व जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा ।ज्ञापन के दौरान बताया कि जनपद कानपुर नगर के तहसील घाटमपुर ते तमाम मछुआरा समुदाय के लोग मत्स्यजीवी तहकारी समिति बनवाने का काम किये । दिनांक 14/07/2025 को मत्स्य नीलामी के दौरान तमाम ऐसे कई समितियों को नीलामी में भागीदारी नहीं दी गयी आगे कहा कि अधिकारी गरीब मछुआरों से पैसे की मांग कर रहे थे और पैसा न देने पर पूंजीपतियों, माफियाओं को पट्टा आवंटित कर दिया गया और तो और गरीब किसानों को बोली लगने का मौका भी नहीं मिला नीलामी को रद्द कराकर आगे तारीख बढ़ा करके पट्टे आवंटित किये जायें। ज्ञापन के दौरान जिला अध्यक्ष राज निषाद वीर सिंह गुलाब राजा भैया अंकित अजय राम क्रांति अल्पेश कल्लू जीतू निषाद, आदि लोग रहे।

# डीएम ने 11 टीबी मरीजों को लिया गोद

## टीबी को हराने के लिए जन सहभागिता एवं जागरूकता जरूरी:डीएम

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**



कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 11 क्षय रोगियों को गोद लिया साथ ही उन्हें पोषण पोटली प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने टीबी को समाप्त करने का राष्ट्रीय लक्ष्य वर्ष 2025 तक निर्धारित किया गया है और इसे केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जन सहभागिता और व्यापक जागरूकता से ही पूरा किया जा सकता है।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि क्षय रोग का समुचित इलाज संभव है और यह कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर पूरी दवा लेने और पौष्टिक भोजन से मरीज स्वस्थ जीवन की ओर लौट सकता है। यह केवल एक व्यक्ति का नहीं, पूरे समाज का लाभ है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। आम नागरिकों के साथ-साथ निजी चिकित्सा संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों और स्वयंसेवी संगठनों को आगे आना चाहिए। जितने अधिक लोग टीबी मरीजों को गोद लेंगे, उतनी ही तेज़ी से यह बीमारी नियंत्रित होगी। उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों को सलाह दी कि वे नियमित रूप से दवा लें और डॉक्टर की सलाह का पालन करें। पोषण पोटली में चना, दाल, गुड़, तेल, चिउड़ा और ड्रायफ्रूट्स जैसी सामग्री दी गई है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होगी। डीएम आगामी छह माह तक गोद लिए टीबी मरीजों को निजी खर्चे से पोषण पोटली देंगे।

उन्होंने ने मरीज़ों को जानकारी प्राप्त करने के लिए निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1800-11-6666 के बारे में बताया और जरूरत पड़ने पर संपर्क कर सकते हैं। जिलाधिकारी द्वारा गोद लिए गए सभी मरीजों ने आभार व्यक्त करते हुए दवा का कोर्स पूरा करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुबोध, एनटीईपी टीम के सदस्य, संबंधित अधिकारीगण एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

टीबी मरीजों को 2.33 करोड़ रुपये की सहायता राशि हुई हस्तांतरित जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुबोध प्रकाश ने बताया कि निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत जनपद के 14,546 क्षय रोगियों को दो माह की किश्त के रूप में कुल 2.33 करोड़ रुपये की धनराशि उनके बैंक खातों में भेजी गई है। प्रत्येक मरीज को छह माह की उपचार अवधि में एक हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती है, जिससे वह पौष्टिक आहार प्राप्त कर सके।

### निगोहा स्थित 50 शैय्या आयुष चिकित्सालय का जिलाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर नगर के जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आज विकास खंड चौबेपुर के ग्राम निगोहा में स्थित 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सालय में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, औषधियों की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया गया, जिसमें 120 नए मरीज तथा 39 पुराने मरीज, कुल 159 मरीजों की प्रविष्टियाँ पाई गईं। चिकित्सालय में कुल 34 स्टाफ तैनात पाए गए, जिनमें 7 चिकित्सक (आयुर्वेद, होम्योपैथिक एवं यूनानी पद्धति के) सम्मिलित हैं। सभी चिकित्सक अपने-अपने पद्धति अनुसार मरीजों का उपचार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिनका आज का वेतन रोकने की निर्देश दिया ।

### पनकी में सीवर सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आकर सफाई कर्मचारी की मौत



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

पनकी में सीवर सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आकर सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। नाला सफाई के दौरान कर्मचारियों को ठेकेदार की ओर से सुरक्षा उपकरण नहीं मुहैया कराए गए थे, जिस कारण हादसा हुआ। वहीं सफाई कर्मचारी के दो साथी बाल–बाल बच गए। हादसे की जानकारी पर परिजन रोते–बिलखते हुए हैलट पहुंचे।

विजय नगर, अंबेडकर नगर निवासी रामदयाल के तीन बेटे छेदीलाल, सोनू और अनिल उर्फ पप्पू (35) थे। भाई छेदीलाल ने बताया कि अनिल बीते एक साल से जल संस्थान में ठेकेदार कमलेश व सुपरवाइजर सौरभ के साथ काम कर रहा था। उसके परिवार में गर्भवती पत्नी संतोषी और ढाई साल की बेटी परी है। आज अनिल जरौली निवासी सफाई कर्मी छोटेलाल व विजय नगर निवासी बिरजू के साथ काम पर जाने के लिए निकला था।

पनकी सुंदर नगर में 10 फीट गहरे नाले में अनिल बिना सुरक्षा उपकरणों के उतरा था, जबकि छोटेलाल और बिरजू बाहर खड़े थे। इस दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से अनिल बेसुध हो गया। छोटेलाल और बिरजू ने कई बार आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। जिस पर उन्होंने नाले में उतर कर अनिल को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने अनिल को मृत घोषित कर दिया।

अनिल की मौत की सूचना पर पत्नी बेहोश हो गई। सफाई कर्मचारी की मौत की सूचना पर ठेकेदार मौके से फरार हो गया, परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

## विश्व युवा कौशल दिवस पर जिलाधिकारी ने वितरित किये ऑफर लेटर, सर्टिफिकेट

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। जिसमें दिनांक 14 जुलाई 2025 को आईटीआई अकबरपुर में हुए रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर के साथ जनपद के दो प्रतिष्ठित अधिष्ठान फ्रंटियर स्प्रिंग लिमिटेड रनियां, कानपुर देहात एवं अमूल डेयरी माती कानपुर देहात को अधिकतम अप्रेंटिसशिप प्रदान करने हेतु सम्मानित किया गया तथा इनमें कार्यरत तीन-तीन अभ्यर्थियों को भी जिलाधिकारी द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया, जिनमें श्याम सुंदर, पवन कुमार, सुमित कुमार एवं राज यादव, अर्पित, आलोक कुमार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 15 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर भी जिलाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। नोडल प्रधानाचार्य भोगनीपुर द्वारा बताया गया कि अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत शॉर्ट टर्म कोर्स, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, तथा आईटीआई में संचालित ट्रेडिशनल कोर्सो जैसे फिटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर प्लंबर, टर्नर मशीनिष्ट के अलावा टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से आईटीआई अकबरपुर एवं रसूलाबाद में लैब संचालित की जा रही है, जिसमें आधुनिक मशीनों के साथ रोबोटिक्स, मोटर मेकैनिक डबल्यू, 3डी प्रिंटिंग डिज़ाइनिंग फ्यूचर कोर्स भी संचालित किए जा रहे हैं, साथ ही यह भी बताया गया कि जनपद में संचालित उद्योगों के अनुरूप प्रशिक्षण संचालन को बढ़ावा देने हेतु उद्योगों से एक ज्वाइंट वैंचर कर कौशल विकास प्रशिक्षण कराया जा सकता है। इस अवसर पर जिला

### उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने अपनी पहली तिमाही की रिपोर्ट जारी

कानपुर। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने अपनी पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2025) की रिपोर्ट जारी कर दी है। कानपुर सम्भाग के प्रवर्तन दलों द्वारा वितीय वर्ष 2025-26 के माह जून में प्रवर्तन के समस्त अभियोगी में प्रशमन शुल्क 478.00 लाख के सापेक्ष रू 502.87 लाख प्राप्त किया, जो लक्ष्य का कुल 105.20 प्रतिशत है। इसी प्रकार वर्तमान वित्तीय वर्ष में अप्रैल से जून तक मण्डल संभाग में प्रशमन शुल्क लक्ष्य रू 1656.00 लाख के सापेक्ष रू 1716.87 लाख प्राप्त किया, जो लक्ष्य का कुल 103.68 प्रतिशत है।

प्रवर्तन दलों के अथक प्रयास से राजस्वहित में कानपुर सम्भाग पूरे प्रदेश में मासिक एवं क्रमिक दोनों में ही प्रथम स्थान रहा। वितीय वर्ष 2025-26 की उक्त अवधि की उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि कानपुर सम्भाग लक्ष्य प्राप्त करने व विभागीय प्रदर्शन में सबसे आगे रहा है।

### संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान अन्तर्गत व्यापक जन जागरूकता के दिये निर्देश




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर देहात, जनपद में संचारी रोगों के रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य से जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान को और भी गंभीरता एवं व्यापकता से चलाये जाने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, दस्त, हैजा, स्वाइन फ्लू, जापानी इंसेफेलाइटिस आदि से बचाव के लिए जन-जागरूकता ही प्रमुख हथियार है। इसके लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को रोगों से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार नियमित फॉगिंग कराई जाए, एन्टीलार्वा का छिड़काव सुनिश्चित कराया जाये तथा गली-मोहल्लों, नालियों की सफाई एवं कचरा निस्तारण नियमित सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, जल निकासी तथा नियमित साफ सफाई कराई जाए। आशा, एएनएमं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सफाई कर्मियों के माध्यम से घर-घर जाकर जनजागरूकता फैलाई जाए। उन्होंने बीमारियों से बचाव व साफ साफाई हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक, रैली, प्रचार वाहन, पोस्टर-पंपलेट वितरण, एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु जोर दिया। उन्होंने विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों, एवं पंचायत भवनों पर भी प्रचार सामग्रियों का प्रदर्शन किये जाने के निर्देश दिए।

## अलीगढ़ के पशु व्यापारी से लूट करने वाले 11 पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुर में अलीगढ़ के पशु व्यापारी से लूट करने वाले 11 पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस कर्मियों ने शनिवार को बर्रा हाईवे पर अलीगढ़ निवासी पशु व्यापारी से मारपीट की थी। 500-500 रुपए नहीं देने पर व्यापारी की आंख पर डंडा मारा। फिर गाड़ी से खींचकर जकि ओ एमएन सभी सिपाही पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) में तैनात हैं। एडीसीपी साउथ की जांच में सभी दोषी मिले। रिपोर्ट के आधार पर सभी को सस्पेंड किया गया था और अलीगढ़ निवासी पशु व्यापारी मो. उजैर शनिवार को सरसौल से मवेशियों को खरीद कर रामादेवी-भौंती हाईवे से जा रहे थे। लक्ष्मण उर्फ लकी पिकअप चला रहा था। आरोप है कि हाईवे पर बर्रा कट फ्लाईओवर पर चकेरी की पीआरवी 7058 के सिपाहियों ने गाड़ी को रोक लिया। तभी हनुमंत विहार थाने की पीआरवी 6504 और 7055 भी आ गईं। तीनों पीआरवी के पुलिसकर्मियों ने धमकी दी। कहा- गाड़ी लेकर जाना है, तो प्रति पुलिसकर्मी 500-500 रुपए देने होंगे। व्यापारी ने पैसे देने से मना किया तो सिपाहियों ने मो. उजैर और लक्ष्मण को गाड़ी से बाहर खींच लिया।

पैसे नहीं देने पर डंडे और लात-घूसों से जमकर पीटा। चालक की आंख में डंडा मार दिया। इसके बाद गाड़ी में रखे 10 हजार रुपए लूट लिए। फिर बर्रा पुलिस ने पिकअप जब्त कर ली। पीड़तिों पर पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज कर लिया।

घायल व्यापारी ने अपना एक वीडियो बनाकर वायरल किया। जिसमें उसने पुलिस पर रुपए लूटने और मारपीट का आरोप लगाया। इस वीडियो का पुलिस कमिश्नर ने संज्ञान लिया। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने मामले की जांच एडीसीपी साउथ योगेश कुमार व डॉयल–112 प्रभारी को सौंपी।

जांच में सामने आया कि पशु व्यापारी की कार को ओवरटेक कर सबसे पहले रोकने वाली पीआरवी 7058 चकेरी थाने की थी।

## आज का राशिफल

ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271



मेष : किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

वृष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा।

मिथुन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

कर्क : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

सिंह : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

कन्या : स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

तुला : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्घि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे।

वृश्चिक : स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

धनु : शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

मकर : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

कुंभ : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

मीन : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

## चंद्रभान गुप्त जैसे नहीं आज के राजनेता , कूट – कूट कर भरा लालच : राकेश मणि पाण्डेय

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभान गुप्त अपने जीवन भर सादगी सेवा और ईमानदारी का प्रतीक रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में जनता की सेवा करने में भी कोई कसर नहीं रखी ,जिसके लिए उनके कार्यकाल को सदैव याद रखा जाएगा ।

यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री स्व० चन्द्रभान गुप्त के 124 वीं जयन्ती पर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हिन्दी मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने कहा कि आज के दौर में नेताओं में अपनी पुश्तों दरपुश्तों की व्यवस्था में लगे हैं और इन्तजार करते है कि उनके खानदान का कोई व्यक्ति या बच्चा कैसे 18 वर्ष का हो उसे विधायक व सांसद बनाया जा सकें। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री और सफल राजनेता रहे स्व० चन्द्रभान गुप्त ने अपने राजनैतिक काल में परिवार को राजनीति में दखल करने का कोई अवसर नहीं दिया।

यहां तक की अपने निजी आवास तक को अस्पतालो को दान कर दिया। अपने कार्यालय में आयोजित स्व० चन्द्रभान गुप्त के 124 वीं जयन्ती पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने कहा कि अब चंद्रभान गुप्त जैसे राजनेता अब नहीं के बराबर रह गये है।

देश और समाज हित में उनके कृतित्व और व्यक्तित्व की गहन चर्चा करते हुए चर्चित श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री राजनेता चंद्रभान गुप्त परिवारवाद, जातिवाद और धनवाद के खिलाफ थे जबकि आज के नेताओं में इसका लालच कूट कूट कर भरा है।

हिंद मजदूर किसान पंचायत की वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश मणि पांडेय ने यह अभी कहा कि हम अपने पूर्वजों के आर्दशों को खोते जा रहे है। लखनऊ को एक वैभवशाली क्षेत्र के रूप में विकसित करने का काम स्व० चन्द्रभान गुप्त जी ने किया और तमाम स्थलों को मोतीलाल ट्रस्ट बनाकर निर्माण किया। चन्द्रभान गुप्त ने लखनऊ को एक अलग पहचान दी। उनके द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में मनोरंजन के क्षेत्र में और रोजगार के क्षेत्र में हस्त उद्योग के क्षेत्र में तमाम योजनाएं किया, जो आज लखनऊ के विकास की नींव है।

उन्होंनेकहा कि चन्द्रभान गुप्त के नाम पर डाक टिकट जारी कर राजनाथ सिंह ने एक सराहनीय कार्य किया है किन्तु लखनऊ में उनके आदर्शों और विचारो के युक्त एक संग्रहालय की स्थापना की जानी चाहिए।

चर्चित श्रमिकनेता राकेश मणि पांडेय के मुताबिक हिन्द मजदूर किसान पंचायत जल्द ही चन्द्रभान गुप्त विचार गोष्ठी लगभग 15 दिनों का चलाने का कार्य प्रारम्भ कर रही है। जिसमें उनके समस्त कृत्यों आदि पर चर्चा करके नई पीढ़ी को एक अवसर प्रदान करेंगी कि वह समाज व देश प्रदेश की सेवा के लिए कृत्य संकल्पित हों।

चन्द्रभान गुप्त सदैव महंगे चुनाव और चुनाव में धन की महत्वता को समाप्त करने की मोहिम में लगे थे। वह चाहते थे कि समाज के ऊर्जावान, योग्य और प्रतिभाशाली बिना किसी धनबल के चुनाव में उतरे और उन्हे सफलता मिले जिससे समाज एक बहतर रूप से विकसित हो सकें। वह प्रलोभन से भी घृणा करते थे। उनकी उपेक्षाये शिक्षा के प्रति अति संवेदनशील थी। इसके लिए कई शिक्षक संस्थाएं भी उनके द्वारा योजित की गयी थी, वह चाहते थे कि एक समान शिक्षा सरकारी माध्यम से बहतर शिक्षा संस्थानों के उपयोग से देश को सुदृढ़ व प्रतिभाशाली बनाया जा सकता है। आज की पीढ़ी को उनके मूल्यों को जानने की आवश्यकता है, जिसके लिए हिन्द मजदूर किसान पंचायत पहल करेंगी।

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की 141वीं बोर्ड बैठक में शहरी विकास के अहम प्रस्तावों पर मुहर

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद विकास प्राधिकरण एमडीए की 141वीं बोर्ड बैठक मंगलवार को दिल्ली रोड स्थित प्राधिकरण कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने की। इसमें उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, बोर्ड सदस्य, नगर निगम अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से मुरादाबाद के सुनियोजित विकास और शहरी प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विचार किया गया और जरूरी निर्णय लिए गए। बागड़पुर क्षेत्र की कुछ भूमि गाटा संख्या 292, 293, 295 के भू-उपयोग में संशोधन का अनुमोदन किया गया, जिससे क्षेत्र विशेष की उपयोगिता बढ़ सकेगी। जगतपुर रामराय मुस्तकम और हुसैनपुर हमीर गांव की भूमि को विशेष अनुमति के तहत ग्रीन बेल्ट में शामिल करने का निर्णय लिया गया है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। नई टाउनशिप योजना हेतु एक राजस्व निरीक्षक और दो लेखपालों की तैनाती अगले छह माह के लिए बढ़ाई गई है। इसके साथ ही सेवानिवृत्त अभियंताओं को मानदेय पर रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। प्राधिकरण के तीन पुराने निष्प्रयोज्य वाहनों के स्थान पर एक नया वाहन खरीदे जाने की स्वीकृति मिली, ताकि निरीक्षण और क्षेत्रीय कार्यों में सुगमता आए। संपत्ति और योजनाओं के हस्तांतरण विकसित योजनाओं को नगर निगम को सौंपने पर विचार किया गया, ताकि रखरखाव और प्रशासनिक जवाबदेही तय हो सके। दिल्ली रोड पर स्थित मुख्य चौराहों और तिराहों के नाम महापुरुषों और क्रांतिकारियों के नाम पर रखने संबंधी प्रस्ताव पास हुआ, जिससे स्थानीय पहचान सशक्त होगी। अदालतों में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्राधिकरण अधिवक्ताओं की फीस और व्ययों का पुनर्निर्धारण किया जाएगा। बैठक में डिजिटल और प्रशासनिक सुधार से जुड़े छोटे स्तर के निर्णय भी लिए गए। जिसमें नागरिक सेवाओं की पारदर्शिता और सुगमता पर ध्यान दिया गया। बैठक के अंत में अध्यक्ष आञ्जनेय कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लिए गए निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से हो ताकि मुरादाबाद के नगर और आसपास के क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# नगर निगम टीम ने चलाया प्लास्टिक उन्मूलन अभियान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




मुरादाबाद। नगर निगम मुरादाबाद की सहयोगी संस्था AIILSG की IEC टीम द्वारा महानगर मुरादाबाद के स्वच्छ सारथी क्लब के एस. के. मेमोरियल जूनियर स्कूल एवं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान चलाया गया। सिंगल यूज़ प्लास्टिक को कहें ना। खरीदारी करते समय हमेशा कपड़े का थैला लेकर चलें। शहर को बनाएं स्वच्छ और हरित। जिम्मेदार नागरिक बनें प्लास्टिक का उपयोग कम करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी की रक्षा करें। प्लास्टिक हटाएं, पर्यावरण बचाएं। नगर निगम टीम द्वारा महानगर में सफाई अपनाओं बीमारी भगाओं अभियान सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से स्कूल और प्राथमिक विद्यालय और शिक्षकों और विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। स्वच्छता है आपकी सेहत की पहली सुरक्षा कवच, हमेशा हाथ धोने की आदत, स्वच्छ शौचालय का उपयोग,घर और आस-पास की साफ़-सफाई मोहल्लें और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना,नालियों व जल स्रोतों को गंदगी से बचाना स्वच्छ व स्वस्थ का सपना मिलकर साकार करें। सफाई अपनाओं बीमारी भगाओं अभियान में जुड़ें और शहर को स्वच्छ बनाएं।

# परामर्श केंद्र द्वारा विवादित पति-पत्नी का कराया समझौता

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के 02 विवादित जोड़ा आपसी कलह भुलाकर साथ रहने के हुए सहमत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केन्द्र अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्श दाता एम पी सिंह व डॉ पूनम बंसल के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र पुलिस लाईन्स मुरादाबाद में मंगलवार को पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान 02 प्रार्थना पत्रों में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। पत्र में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरुआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श द्वारा जोड़ों को नवजीवन की शुरुआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे। और आपस में प्यार से रहेंगे।

# स्व. श्रीमती उषा अग्रवाल की स्मृति में शिलापट का अनावरण

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




मुरादाबाद। मुरादाबाद मंडल में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार स्व. श्रीमती उषा अग्रवाल जी की स्मृति में एक शिलापट का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा मैं स्व. श्रीमती उषा अग्रवाल जी के परिवार और सभी मीडिया बंधुओं को बधाई देता हूँ। उनकी स्मृति में यह शिलापट एक महत्वपूर्ण प्रतीक होगा जो पत्रकारिता के मूल्यों और आदर्शों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि स्व. श्रीमती उषा अग्रवाल जी का योगदान पत्रकारिता के क्षेत्र में अविस्मरणीय रहा है और यह शिलापट उनकी स्मृति को सदैव जीवित रखेगा। कार्यक्रम में अनेक पत्रकार, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्व. उषा अग्रवाल जी के कार्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की और पत्रकारिता में उनके योगदान को याद किया।

## किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज

ठाकुरद्वारा। घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी को पीड़िता के पिता ने पकड़कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि मंगलवार की सुबह करीब चार बजे गांव निवासी मोनू कुमार पुत्र राजपाल ने उसके घर में घुसकर उसकी 14 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। खटपट की आवाज सुनकर वह जाग गया और उसने मोनू कुमार को पकड़ लिया और 112 पुलिस की मदद से उसे कोतवाली पुलिस को सौंप दिया।

## खबरें फटाफट

### सोशल मीडिया पर गालियां देकर फेमस होने वालों पर कार्रवाई की उठी मांग

मुरादाबाद। थाना पाकबड़ा सहित मुरादाबाद के कई क्षेत्रों में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर युट्यूबर इन दिनों चर्चा में है। उसकी वीडियों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लेकिन इनका कंटेंट बेहद आपत्तिजनक और अशोभनीय भाषा से भरा होता है। युट्यूबर द्वारा बनाई जा रही वीडियो में खुलेआम गंदी गालियों का प्रयोग किया जाता है। हैरानी की बात यह है कि ऐसे कंटेंट के बावजूद सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोवर हैं। और यह गालियां देकर अच्छा पैसा भी कमा रहा है। स्थानीय लोगों और समाजसेवियों का कहना है कि इस प्रकार की वीडियो न केवल समाज में अशांति फैला रही हैं। बल्कि युवाओं पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। इससे सोशल मीडिया का माहौल दूषित हो रहा है।

### जूनियर वालीबॉल व खो खो प्रतियोगिता 17 व 18 को


मुरादाबाद। क्षेत्रीय खेल कार्यालय मुरादाबाद द्वारा आयोजित खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर मुरादाबाद में होगा जिसमें विद्यालय की बालिका वर्ग टीम में वालीबॉल बालिका वर्ग और खो-खो बालिका वर्ग 17 व 18 जुलाई को दस बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर मुरादाबाद में आयोजित होंगी। निर्धारित तिथियों में अपने विद्यालय की टीम लाकर प्रतियोगिता में भाग ले उक्त जानकारी प्रदीप कुमार सक्सेना कनिष्क सहायक कार्यालय क्षेत्रीय क्रीड़ा मुरादाबाद द्वारा दी गई।

### व्यक्तियों को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 15 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया। थाना छजलैट- 02, थाना भगतपुर- 03, थाना मैनाठेर- 2, थाना गलशहीद- 04, थाना कांठ- 01, थाना बिलारी- 03 आदि को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# महिला पुलिस दल ने छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। जनपदीय क्षेत्रीय अंतर्गत चल रहे मिशन शक्ति अभियान चरण 05 में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान चरण 05 में मंगलवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया।

## एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों प्रशिक्षण का किया निरीक्षण



मुरादाबाद। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद द्वारा पुलिस अधीक्षक,यातायात के साथ रिजर्व पुलिस लाइन्स, मुरादाबाद में नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के चल रहे प्रशिक्षण के दृष्टिगत कुशल प्रशिक्षण दिये जाने, बेरक, मेस, स्नानागार, क्लासरूम, कंप्यूटर लैब इत्यादि सभी सुविधाओं की समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित कराये जाने, अनुशासन, प्रशिक्षण की गुणवत्ता और संरक्षणात्मक व्यवस्था पर विशेष ध्यान आदि संबंध में समीक्षा गोष्ठी कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मूंढापांडे। वादी निवासी थाना मूढ़ापांडे क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपी द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने व शिकायत करने पर धमकी देने के संबंध में थाना मूंढापांडे पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मूंढ़ापांडे मोहित कुमार पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना मूंढ़ापांडे पुलिस द्वारा पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया। पीडिता के बयानो व साक्ष्यो के आधार पर आरोपी द्वारा पीडिता को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किये जाने के तथ्य प्रकाश में आये। साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त उक्त क्रम में मंगलवार को थाना मूंढापांडे पुलिस द्वारा आरोपी मोहित कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम मिलक सरकडा खास थाना मूंढापांडे जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। मोहित कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम मिलक सरकडा खास थाना मूढापाण्डे जिला मुरादाबाद ।उ0नि0 मदन कुमार थाना मूढापाण्डें जनपद मुरादाबाद,हे0कां0 कुलदीप नागर थाना मूढापाण्डें जनपद मुरादाबाद,कां0 भानू प्रताप सिंह थाना मूढापाण्डें जनपद मुरादाबाद,हे0कां0 संजय सिह थाना मूढापाण्डें जनपद मुरादाबाद।

# 10 किलो चांदी के जेवरात चोरी करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन पुलिस ने थाना क्षेत्र स्थित हरथला में एक शराब की दुकान से 10 किलो चांदी के जेवरात चोरी करने के मामले में मंगलवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य दो आरोपितों की तलाश जा रही है।

थाना सिविल लाइन एसएचओ मनीष सक्सेना ने बताया कि थाना क्षेत्र की हरथला निवासी राजीव वर्मा ने चार दिन पूर्व दर्ज कराए केस में बताया था कि उनकी सोने चांदी के जेवर की दुकान है। 10 जुलाई की रात वह अपने दोस्त थाना क्षेत्र के हड्डी मिल हरथला निवासी दानिश, प्रतीक विहार निवासी अनुज ऊर्फ पप्पू और थाना कुंदरकी क्षेत्र निवासी शकील के साथ बैठा हुआ था। अगले दिन सुबह जब उसने दुकान खोली तो दुकान में से 10 किलो चांदी गायब थी। राजीव वर्मा ने बताया था कि उन्होंने आरोपित रवि गर्ग और उसके साथियों से चांदी के जेवरात वापस लौटने को कहा तो वह धमकी देने लगे।

थाना सिविल लाइन इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना ने बताया कि राजीव वर्मा की तहरीर के आधार पर आरोपित रवि गर्ग, दानिश, अनुज ऊर्फ पप्पू और शकील के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। आज मामले में दानिश और अनुज ऊर्फ पप्पू को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन इनके पास से अभी कुछ बरामद नहीं हुआ है।

# ठाकुरद्वारा में भव्य राजयोग सेवाकेंद्र का हुआ शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



ठाकुरद्वारा। नगर की वी.आई.पी. कालोनी,नगलिया रोड पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान के राजयोग सेवाकेंद्र का भव्य उद्घाटन एवं शुभारंभ समारोह का अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह,अध्यक्ष बार एसोसिएशन योगेन्द्र सिंह ,सचिव मनोज पाल, ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय संचालिका बरेली से पधारी बीके पार्वती दीदी, काशीपुर चंद्रवती दीदी, बीके अनीता दीदी, श्री जगदीश सक्सेना जी एवं नरेंद्र सिंह द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलन कर सेवाकेंद्र का शुभारंभ किया गया। अपने संदेश में उपजिलाधिकरी ने कहा कि यह हमारे क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है कि ठाकुरद्वारा में राजयोग सेवाकेंद्र का शुभारंभ हुआ है। इससे यहां के लोग आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर ध्यान एवं राजयोग के माध्यम से जीवन में शांति, खुशहाली एवं तनावमुक्त जीवन का अनुभव कर सकेंगे। इस अवसर पर बीके पार्वती दीदी ने सभी को तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए सरल और प्रभावी सुझाव दिए तथा बताया कि आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग का अभ्यास करके हम हर परिस्थिति में आंतरिक सुख और शांति पा सकते हैं। बीके चंद्रवती दीदी ने अपने आशीर्वचन में सभी को सकारात्मक विचारधारा एवं श्रेष्ठ कर्म करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने सभी उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान से जुड़े सैकड़ों अनुयायी एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन और व्यवस्था में बीके रणवीर सिंह त्यागी, बीके लक्ष्मी, बीके पंकज, बीके संदीप एवं मनोज जी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन सभी को ईश्वरीय प्रसाद वितरण एवं शुभकामनाओं के साथ किया गया।

## लापरवाही से मासूम की मौत पर परिजनों का हंगामा

मुरादाबाद। जनपद के करुला क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है। अस्पताल में इलाज के लिए लाए गए एक मासूम बच्चें की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है। कि डॉक्टरों की लापरवाही और समय पर इलाज न मिलने के कारण बच्चें की जान गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर भी दी है। परिजनों का कहना है। कि अस्पताल में न तो पर्याप्त मेडिकल सुविधाएं थी।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
facebook

# उत्तर प्रदेश में 'संगम अभियान 5.0' का शुभारंभ: कुपोषण मुक्त बचपन की ओर एक निर्णायक कदम





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने कुपोषण से लड़ाई को नई गति देते हुए 'संगम अभियान 5.0' की शुरुआत की है। महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित यह अभियान राज्य में स्टंटिंग (नाटापन) की दर में कमी लाने, बच्चों में पोषण स्तर सुधारने और कुपोषण मुक्त बचपन के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ 7 जुलाई 2025 को कैबिनेट मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य एवं राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा किया गया था। अभियान के तहत आज प्रदेश के सभी 75 जिलों में 100-100 चयनित आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया।

हर जिले में जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों ने ग्रोथ मॉनिटरिंग, स्टंटिंग की पहचान और पोषण ट्रैकिंग का निरीक्षण किया। इस कार्य हेतु 100 नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है, जिन्हें 14 जुलाई को ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के ब्लॉक और जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो अब हर माह आयोजित होने वाली जिला पोषण समिति की बैठक में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

**मुख्य उद्देश्य:**

- 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों में अत्यधिक कुपोषण और स्टंटिंग की पहचान
- गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को तत्काल उपचार
- ग्रोथ मॉनिटरिंग और न्यूट्रिशन ट्रैकिंग को सशक्त बनाना
- उदाहरण योग्य आंगनवाड़ी केंद्रों को मॉडल के रूप में विकसित करना

संगम अभियान 5.0, सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उत्तर प्रदेश का एक सशक्त और सुनियोजित प्रयास है।

# थाने से न्याय न मिलने पर पीड़ित महिला ने एसपी व डीआईजी से लगाई न्याय की गुहार

गोंडा(कटरा बाजार)। थाना कटरा बाजार क्षेत्र की एक पीड़ित महिला ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक गोंडा व आईजी देवीपाटन मंडल को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी बहन और एक युवक ने मिलकर जमीन व बैंक खाते से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़प लिए और शिकायत करने पर उसे जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की। पीड़िता राजकुमारी ने बताया कि वह तीन बहनों में से एक है और उनके माता-पिता ने अपनी जमीन तीनों बहनों को बराबर बांट दी थी। दानपत्र तैयार करते समय उसकी सगी बहन रजनी देवी और रविंद्र गोस्वामी नामक युवक मौजूद थे। आरोप है कि रविंद्र ने राजकुमारी से तीन लाख रुपये लिए और दानपत्र में कम स्टांप लगाकर स्टांप चोरी की। इसमें केवल 70,000 ही खर्च किए गए, बाकी 2 लाख तीस हजार रुपए दोनों विपक्षियों ने आपस में बांट लिए।

# जरूरतमंद किसानों को समय पर केसीसी ऋण दें बैंक: सूर्य प्रताप शाही

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को विधानभवन में बैंकों और कृषि बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) की अद्यतन स्थिति पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी जताई और जरूरतमंद किसानों को समय पर ऋण न उपलब्ध कराने पर कड़ी चेतावनी दी।

कृषि मंत्री ने निर्देश दिए कि 31 जुलाई 2025 तक विशेष महाभियान चलाकर अधिकतम संख्या में पात्र किसानों को केसीसी का लाभ दिया जाए। उन्होंने सभी बैंकों से अब तक के ऋण वितरण का विवरण प्रस्तुत करने को कहा। जब संतोषजनक उत्तर नहीं मिला, तो उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा, ₹बैंकों को युद्धस्तर पर कार्य करते हुए जरूरतमंद किसानों तक केसीसी का लाभ पहुंचाना होगा।₹ श्री शाही ने अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया की मदद लेने की भी बात कही ताकि किसानों को इसकी पूरी जानकारी समय से मिल सके।

- कृषि मंत्री बोले – 31 जुलाई तक चलाएं विशेष महाभियान, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

बीमा कंपनियों पर भी कृषि मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अभी तक हर तहसील स्तर पर कार्यालय नहीं खोले गए हैं, जिससे किसानों को सहायता नहीं मिल पा रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बीमा कंपनियां तहसील स्तर पर तत्काल कार्यालय स्थापित करें और किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

इस बैठक में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव रवीन्द्र, कृषि सचिव इन्द्रविक्रम सिंह, कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी, सांख्यिकी निदेशक श्रीमती सुमिता सिंह, कृषि विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, बैंक और बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विवाहिता को ससुराल छोड़ने गया युवक दो महीने से लापता, परिजनों को अप्रिय घटना की आशंका



गोंडा। जिले के थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम गोड़वा निवासी युवक रज्जन कुमार दो महीने से लापता है और अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। रज्जन 12 मई 2025 को अपनी भाभी को बिहार के बेगूसराय जिले के गांव लाखों स्थित ससुराल छोड़ने गया था, लेकिन इसके बाद से वह खुद अभी वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रज्जन की हत्या या उसे बंधक बना लिए जाने की आशंका जताई है।

परिजनों ने इस घटना को लेकर कटरा बाजार थाने में 16 मई को गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने के चलते अब पूरा परिवार गहरे मानसिक तनाव और असमंजस में है। परिजनों के अनुसार, रज्जन की भाभी नीशू को उसके मायके बिहार छोड़ने जाना था, जिसे रज्जन बाई ट्रेन छोड़ने गया था। दोनों 12 मई की सुबह निकले और नीशू को बेगूसराय के लाखो गांव छोड़ने के बाद रज्जन वहां दो दिन रूका और फिर वापस आने लगा वापस आते समय हाजीपुर तक उसकी मोबाइल चालू थी और परिजनों से बात होती रही बराबर उसके बाद रज्जन के मोबाइल की लोकेशन और संपर्क दोनों बंद हो गए। उस दिन के बाद से रज्जन की कोई सूचना नहीं मिली।

- हत्या या बंधक बना लिया गया है रज्जन कुमार, लोगों में तरह तरह की चर्चा

परिवार ने जब कई प्रयासों के बाद भी संपर्क नहीं हो पाया, तो 16 मई को कटरा बाजार थाने में लिखित शिकायत दी लेकिन परिजनों के अनुसार, पुलिस ने न तो सीसीटीवी खंगाले, न कॉल डिटेल्स की गहन जांच कराई और न ही रज्जन की तलाश के लिए बिहार पुलिस से समन्वय किया। रज्जन के पिता रामशंकर ने 11 जून को पुलिस अधीक्षक गोंडा को भी लिखित शिकायत सौंपी, लेकिन कोई भी सकारात्मक पहल नहीं हुई। आखिरकार अब उन्होंने देवीपाटन मंडल के पुलिस महानिरीक्षक को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है।

# चुनावी पोस्टरवार से गर्माई राजधानी की सियासत अखिलेश यादव पर निशाने और पलटवार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर पोस्टर पॉलिटिक्स की आगोश में है। राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव को केंद्र में रखकर लगाए गए पोस्टरों ने राजनीतिक हलकों में गर्मी बढ़ा दी है।

एक ओर लगे विरोधी पोस्टर में तंज कसा गया-₹चश्मा हटाइए अखिलेश जी, टोपी मत पहनाइए₹ यह सीधा हमला सपा की पहचान मानी जाने वाली लाल टोपी और अखिलेश यादव की छवि पर था।

इस तंज का जवाब देने में सपा नेताओं ने देर नहीं लगाई। पलटवार करते हुए सपा नेता मो. इखलाक ने राजधानी में कई पोस्टर लगाए, जिनमें लिखा है:

₹टोपी से तंज, चश्मे पे सवाल₹

₹काम पर बहस करो, छोड़ो गुमराह करने की बात₹

₹जिसने थमाई किताब, दिया बच्चों को लैपटॉप₹

₹वो टोपी वाला ही देगा तुम्हे 2027 में शॉक₹




- 'टोपी से तंज, चश्मे पे सवाल', सपा ने पोस्टर में दिया करारा जवाब

सपा समर्थकों का कहना है कि विरोधियों के पास मुद्दों की कमी है, इसलिए वे चश्मा और टोपी पर राजनीति कर रहे हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने काम के दम पर सरकार चलाई और युवाओं को दिशा दी।

राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो 2027 के विधानसभा चुनाव की दस्तक अभी भले दूर हो, लेकिन सियासी बिसात बिछनी शुरू हो चुकी है।

पोस्टरवार इसका शुरुआती संकेत है। राजधानी में जगह-जगह लगे ये पोस्टर न केवल सियासी कटाक्ष हैं, बल्कि आने वाले चुनावी मौसम की झलक भी दिखा रहे हैं।

# छांगुर बाबा मामले में बड़ा खुलासा: धर्मांतरण के लिए दुबई से बुलवाता था मौलाना

**लखनऊ।** छांगुर बाबा मामले में एक और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, वह बड़े पैमाने पर धर्मांतरण की साजिश रच रहा था। इसके लिए वह दुबई से मौलानाओं को बुलवाकर लोगों को इस्लाम की ट्रेनिंग दिलवाता था। प्रशिक्षण के लिए दो आलीशान कोठियों का निर्माण कराया गया था, जिनमें तहखाने जैसी विशेष संरचनाएं बनाई गई थीं।



सूत्रों के अनुसार, छांगुर बाबा ने इस्लाम को सरल रूप में समझाने और प्रचारित करने के लिए शिजर ए तैयबा नामक किताब भी तैयार करवाई थी। यह किताब लोगों को इस्लाम की ओर आकर्षित करने का माध्यम बन रही थी। लेकिन सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि वह हिंदू देवी-देवताओं के विरुद्ध नफरत फैलाने के उद्देश्य से किताबें छापने की योजना बना रहा था।

जांच में यह भी सामने आया है कि इन किताबों का इस्तेमाल विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को भ्रमित करने और उन्हें धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने के लिए किया जाना था। दुबई से बुलवाए गए मौलाना इन लोगों को इस्लामिक शिक्षा देते और उनके विचारों को बदलने का प्रयास करते थे।

प्रशासन द्वारा बनाई गई विशेष जांच टीम इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। जल्द ही अन्य नामों के भी सामने आने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल छांगुर बाबा से गहन पूछताछ की जा रही है और कई अहम दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

# विश्व युवा कौशल दिवस का सीडीओ ने किया शुभारम्भ

गोण्डा । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोण्डा में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस का शुभारम्भ किया गया। जनपद में संचालित राजकीय तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं कौशल विकास प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रशिक्षार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडल / जॉब्स को प्रदर्शित किया गया।



कार्यक्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोण्डा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला एवं रोजगार मेले में सेवायोजित प्रशिक्षार्थियों को नियुक्ति पत्र तथा शिशिक्षु कॉन्ट्रैक्ट वितरित किया गया।

इस कार्यक्रम में जनपद में उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं, जनपद के उद्यमियों तथा स्किल यूथ आइकन को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्किल एवं पर्यावरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला समन्वयक कौशल विकास एवं नोडल प्रधानाचार्य राम सिंह तथा सहायोगी प्रधानाचार्य प्रभुनाथ मिश्रा, प्रधानाचार्य रा०औ०प्र०सं० करनैलगंज गोण्डा, राकेश कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य रा०औ०प्र०सं० मनकापुर गोण्डा एवं अनिल कुमार पाठक प्रधानाचार्य रा०औ०प्र०सं० तरबगंज गोण्डा द्वारा किया गया। कार्यक्रम सभी संस्थानों के कार्यदेशक एवं अनुदेशकगण के उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन कार्यदेशक विजय बरवार द्वारा किया गया।कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, उपायुक्त उद्योग व जिला सेवायोजन अधिकारी, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी भूपेन्द्र प्रकाश आर्य, जिलाध्यक्ष, शिव कुमार सोनी, महामंत्री, मंयक श्रीवास्तव, साइबर सुरक्षा प्रभारी, एमआईएस मैनेजर दीपक खरे तथा अविनाश प्रताप सिंह सहित मीडिया बन्धुओं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

- सेवायोजित प्रशिक्षार्थियों को वितरित किया नियुक्ति पत्र

# सरयू डिग्री कॉलेज के प्रवक्ता अजय कुमार सिंह को पी.एच.डी.की उपाधि मिली



गोंडा (करनैलगंज)। सरयू डिग्री कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग में कार्यरत प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार सिंह ने अपनी शैक्षणिक यात्रा में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि हासिल की है। उन्होंने यह शोध कार्य निर्वाण विश्वविद्यालय,जयपुर से राजनीति विज्ञान विषय के शोध शीर्षक ₹भारत में वर्तमान निर्वाचन प्रणाली एवं आदर्श आचार संहिताः एक अध्ययन₹ पर पूर्ण किया है। डॉ. सिंह की इस उपलब्धि से न केवल कॉलेज परिवार, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है। कॉलेज के प्राचार्य, समस्त प्राध्यापक,सहयोगी मित्र अश्विनी पाण्डेय, डॉ.अन्तिमा सिंह, अमरेश कुमार, अमित सिंह, उमेश पाठक, स्वामीनाथ चौधरी, रघुनाथ, सुरेन्द्र द्विवेदी, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षा प्रेमियों ने उन्हें इस शैक्षणिक उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

बताते चलें कि डॉ. अजय कुमार सिंह शिक्षण के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके शोध कार्य से छात्रों को राजनीति विज्ञान की गहराइयों को समझने में नई दिशा मिलेगी। उन्होंने यह श्रेय अपने पिता काशी प्रसाद सिंह, माता निर्मला सिंह ,बड़े भाई विजय कुमार सिंह, छोटे भाई प्रभात कुमार सिंह,समस्त परिजन, गुरुजन एवं मित्रों को दिया है।

## मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

# लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करें : डीएम नेहा शर्मा

**गोण्डा** । कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की योजनावार समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित विकासखंडों के मत्स्य निरीक्षक एवं परियोजना अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।



समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मत्स्य विभाग की सभी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि लाभार्थी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर समय से आवेदन कर सकें एवं योजनाओं का समुचित लाभ उठा सकें ।उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी ग्राम स्तर तक पहुँचनी चाहिए, जिससे मछली पालन से जुड़े अधिक से अधिक लोग आत्मनिर्भर बन सकें ।मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता रखी जाए एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में मत्स्य पालन के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं, जिन्हें साकार करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने होंगे।बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, नीली क्रांति योजना, बीज उत्पादन, मत्स्य बीमा योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने, लाभार्थियों के अनुभव साझा करने, तथा योजनाओं से जुड़ी कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में जिला मत्स्य अधिकारी सहित विभाग के सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# करनैलगंज में बाइक चोरों का आतंक, पुलिस घटनाओं का खुलासा करने में नाकाम

गोंडा(करनैलगंज)।कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और पुलिस घटनाओं का खुलासा करने में असफल साबित हो रही है।जिससे पुलिस की लापरवाही से आम जनता में असुरक्षा की भावना पनप रही है।

ताजा मामला चचरी चौकी अंतर्गत घरकुईया गांव से जुड़ा है।यहाँ बीते 30 अप्रैल 2025 की रात को एक बाइक चोरी हो गई थी, जिसमें पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। सूरज पुत्र बृजलाल, निवासी गोड़हरिया नंबर तीन थाना कैसरगंज, जनपद बहराइच, अपने रिश्तेदार संगमलाल के यहाँ ग्राम सभा घरकुईया में निमंत्रण में आया था। रात में उसकी नई एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने चुरा ली। सूरज ने आरोप लगाया है कि सीतापति, मनोज और प्रदीप ने मिलकर उसकी बाइक चोरी की और उसे गायब कर दिया। पीड़ित ने चचरी चौकी और थाना करनैलगंज में लिखित शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने अभी तक न तो बाइक बरामद की है और न ही आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की है।

सूरज का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं, और क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि करनैलगंज क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है और पुलिस घटनाओं का खुलासा करने में असफल साबित हो रही है। जिससे पुलिस की लापरवाही से आम जनता में असुरक्षा की भावना पनप रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं और पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए।

# श्रावण मास में मंदिरों की सफाई व्यवस्था में लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी सख्त



गोंडा। श्रावण मास के दौरान जिले में शिव मंदिरों पर उमड़ने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर रुख अपनाया है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे को एक कड़ा पत्र जारी कर लापरवाही पर गहरी नाराज़गी जताई है।

पत्र में जिलाधिकारी ने कहा है कि जनपद के प्राचीन शिव मंदिरों क्रमशः पृथ्वीनाथ, दुखहरननाथ, करोहानाथ, बलेश्वरनाथ, बरखण्डीनाथ आदि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है, विशेषकर श्रावण के सोमवारों को। इसके बावजूद, मंदिर परिसर और मार्गों की सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई है।

- पंचायत राज अधिकारी को भेजा कड़ा पत्र, किसी भी स्तर पर लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्रतिदिन सुबह और शाम 'वार रूम' के माध्यम से सफाई अभियान की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष बल दिया कि शिव मंदिरों के प्रांगण और उनके रास्तों पर किसी भी प्रकार की गंदगी न रहनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान यदि निर्देशों का अनुपालन संतोषजनक नहीं पाया गया, तो प्रतिकूल कार्रवाई की जाएगी ।इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी तथा नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है, जिससे नगर क्षेत्र में भी साफ-सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो सके।

# लखनऊ नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त के खिलाफ पार्षदों का प्रदर्शन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में उस वक्त हंगामे के हालात बन गए, जब बड़ी संख्या में पार्षदों ने नगर आयुक्त के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। नाराज पार्षदों का आरोप है कि नगर आयुक्त जनता की समस्याओं के प्रति उदासीन हैं और जनप्रतिनिधियों की बात सुनना तक गंवारा नहीं करते।



पार्षदों ने कहा कि ₹नगर आयुक्त अब कार्यालय का रास्ता ही भूल चुके हैं।₹ उनका आरोप है कि आयुक्त नियमित रूप से कार्यालय नहीं आते और जब आते भी हैं, तो आमजन या पार्षदों से मुलाकात नहीं करते। इससे शहर की तमाम विकास योजनाएं ठप पड़ी हैं और आम जनता परेशान है।

प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर आयुक्त के इस रवैये से पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की पूरी प्रक्रिया बाधित हो रही है। कई वार्डों में कूड़ा न उठना, जलनिकासी की खराब व्यवस्था और अधूरी पड़ी सड़कें इसकी गवाही दे रही हैं। पार्षदों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही नगर आयुक्त का रवैया नहीं बदला गया और जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित नहीं किया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

- पार्षद बोले–"नगर आयुक्त को अब जनता और जनप्रतिनिधियों की समस्याएं दिखाई नहीं देतीं"

₹ जनता से दूरी, विकास में देरी - यही है लखनऊ का हाल, पार्षदों का सवाल।₹

# अप्राकृतिक संबंध बनाने के विरोध में हुई थी मासूम की हत्या

● पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25000 का इनामी वांछित किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**





फिरोजाबाद। टूंडला कोतवाली क्षेत्र में 11 जुलाई को 13 वर्षीय मासूम बच्चे की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ के दौरान छितरई मोहम्मदाबाद रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी पर 25000 का इनाम घोषित किया था।

पुलिस के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के कच्चा टूंडला का रहने वाला मोहित पुत्र दिनेश कूड़ा बीनने का काम करता था 10 जुलाई की रात को मोहित अपने दोस्तों के साथ मेला देखने आया था। इसी दौरान वह मेले में आसपास खड़े लोगों से पैसे मांगने लगा पैसे मांगने के दौरान ही उसकी मुलाकात आरोपी दीपक यादव से हुई दीपक ने उसे पैसों का लालच देकर उसे एकांत में बुलाया और निमार्णाधीन दुकान की छत पर लेकर चला गया ।

यहां दीपक यादव ने 13 वर्षीय मासूम के साथ यौन दुराचार का प्रयास किया। इस दौरान 13 वर्षीय मासूम द्वारा दीपक यादव का विरोध किया गया। आरोपी ने मासूम के विरोध पर अपना बल प्रयोग करते हुए उसका मुंह और गर्दन दबा दी। मोहित के विरोध के दौरान दीपक ने उस पर ईट से वार भी किया है और बाद में उसकी शर्ट से उसकी गर्दन में फंदा बनाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी दीपक यादव फरार हो गया।

पुलिस ने मौके से किए गए साक्ष्य संकलन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दीपक यादव को 72 घंटे के भीतर खोज निकाला। फिरोजाबाद के अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि टूंडला कोतवाली पुलिस एसओजी और सर्विलांस की टीम लगातार इस हत्यारे की तलाश कर रही थी। पुलिस ने इस पर 25000 का इनाम घोषित किया था। मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी एत्मादपुर कोतवाली क्षेत्र में है है इस दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगातार दबिश दी लेकिन आरोपी पुलिस को चकमा देता रहा। 14 जुलाई की रात हत्यारा दीपक यादव पुलिस की दबिश इसकी सूचना पाकर एत्मादपुर कोतवाली क्षेत्र इलाके से निकलकर निकलकर ग्रामीण क्षेत्र की लिंक रोड से फरार होने की फिराक में था।

पुलिस ने सूचना के बाद हत्या आरोपी की चारों तरफ से घेराबंदी कर ली और मोहम्मदाबाद छितरई रोड पर घेराबंदी के दौरान हत्या आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी पुलिस की जवाबी फायरिंग में हत्या आरोपी दीपक यादव के दोनों पैरों में गोली लगी। जिसे उपचार के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए हत्या आरोपी के विरुद्ध विधि कार्रवाई की जा रही है पकड़ने वाली पुलिस टीम को आरोपी पर घोषित के नाम से सम्मानित किया जाएगा।

# एफएस विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व युवा कौशल दिवस

● कौशल आधारित शिक्षा ही युवाओं को रोजगार के अवसर दे सकती है - वीसी

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

शिकोहाबाद । एफ. एस. विश्वविद्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में कौशल विकास के महत्व को बढ़ावा देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना था । कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. योगेश यादव, डॉ. राहुल यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज एवं महानिदेशक डॉ. अभिनव श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर वाइस चांसलर डॉ. संजीव भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा ही युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान कर सकती है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आधुनिक तकनीकी और व्यावसायिक कौशल सीखकर देश की प्रगति में योगदान दें। इस मौके पर विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट और कौशल का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ताओं ने डिजिटल कौशल, संचार कौशल, उद्यमिता और अन्य विषयों पर व्याख्यान दिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का समस्त स्टाफगण तथा छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

# सिरसा नदी के जीर्णोद्धार से किसानों व स्थानीय लोगों को मिलेगा लाभ

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद । सरकार की नदियों को पुनर्जीवित करने की एक विशेष योजना के क्रम में जनपद फिरोजाबाद में भी विलुप्त नदियों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है । जिसके चलते सिरसा नदी जीर्णोधार एक महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय कार्य माना जा रहा है।

जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन और मुख्य विकास अधिकारी की पहल पर इस नदी को पुनर्जीवित करने हेतु पूरा प्रशासन कृत संकल्पित नजर आ रहा है, प्रशासन की सक्रियता और कर्मठता का परिणाम रहा की, सिरसा नदी जो बीते एक दशक से सुखे के कारण अपने वजूद को बचाने के लिए तरस रही थी । वहीं इस नदी में दशकों बाद जल प्रवाहित होने से आम नागरिकों के साथ-साथ किसानों में भी खुशी की लहर छा गई, जिले में इस नदी का महत्व केवल जल की दृष्टि से ही नहीं है, अपितु इस नदी से जिले की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान भी जुड़ी हुई है। इस नदी की कुल लंबाई 108 किलोमीटर है, यह नदी जनपद के 49 गांवों से होकर गुजरती है, इस नदी के प्रवाह मार्ग में टूंडला, नारखी, शिकोहाबाद और मदनपुर जैसे ब्लॉक पड़ते हैं, जिलाधिकारी के प्रयासों से इस नदी के तटबंधों पर लगभग 75 हजार पौधे लगाए गए हैं, जो इस नदी की भव्यता और दिव्यता को और बढ़ाएंगे। इस नदी के पुनरोद्धार में प्रशासन के साथ-साथ ग्राम प्रधानों एवं जनता का भी संपूर्ण सहयोग मिला, उन्ही के प्रयासों से इस नदी का जीर्णोद्धार हो सका, इस नदी के जीर्णोद्धार से जनपद के किसानों की आय भी दुगनी हो सकेगी, जो हमारे प्रधानमंत्री जी का विजन है, कुछ जगहों पर इस नदी के किनारे घाट बनाने की योजना भी है।

प्रशासन के इस कदम से किसानों की फसलों को पानी मिल सकेगा, जैव विविधता का संरक्षण हो सकेगा, पशु पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता हो सकेगी, साथ ही साथ सुखे का प्रबंध भी हो सकेगा।

# एक पेड़ मां के नाम पर हुआ वृक्षारोपण

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



जसराना । मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी मनीष चन्द्र चौधरी के निदेर्शानुसार विकास खण्ड एका के राष्ट्रीय युवा कॉर्डिनेटर कृष्ण कुमार ने ग्राम पंचायत पेंढ़त के शिव आदर्श कॉलेज कैंपस में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि जसराना विधायक प्रतिनिधि माल्ती देवी यादव रहीं, और उनके संज्ञान में कैंपस में 102 पौधों को रोपा गया, मुख्य अतिथि ने भरोसा दिलाया है कि वे सभी पौधों को सुरक्षित रखने हेतु संकल्प लेंगी। मुख्य अतिथि ने कॉलेज के बच्चों के अनार के पौधे को रोपते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया, महिला मण्डल मधीपुर की अध्यक्ष अंजली ने मुख्य अतिथि को बैज और कैप पहनाकर सम्मानित किया, साथ महिला मंडल की अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुई, सभी ने एक - एक पौधे को रोपते हुए कार्यक्रम का समापन किया, जिसमें उपस्थित विपिन यादव,ऋषभ यादव, मयंक यादव भोला, विमल कांत, रंजीत कुमार, अजय कुमार , प्रिया शर्मा, शिवानी, शिवा, पारस एवं समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आदित्य बने अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । फिरोजाबाद । अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद फिरोजाबाद के आदित्य यादव को पुनः संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया मंगलवार को जैसे ही यह जानकारी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कप्तान सिंह यादव द्वारा दी गई । जैसे ही जानकारी फिरोजाबाद के पदाधिकारी तथा जिला अध्यक्ष के समर्थकों को हुई उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आदित्य यादव को बधाई दी । कोई आदित्य यादव ने कहा कि संगठन ने पुनः जो मुझ पर भरोसा जताया है मैं पूरी ईमानदारी के साथ संगठन के प्रति समर्पित रहूंगा ।

### जेवी इंटर कॉलेज में एनीमिया उन्मूलन के तहत छात्राओं को किया जागरूक



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।टूंडला। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत छात्राओं को आयरन की गोलियों का निशुल्क वितरण किया गया। साथ ही सभी छात्राओं को स्वस्थ से संबंधित जानकारी दी गई। राजा का ताल स्थित अलीनगर कैंजरा जेवी इंटर कॉलेज में मंगलवार को एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जयप्रकाश राजपूत द्वारा आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ छात्रों को में खून की कमी होने पर चक्कर आते हैं। साथ ही दौड़ भाग करने पर सांस फूल जाती हैं। उन्होंने शरीर में कमजोरी के समस्त छात्राओं को उपाय बताए। उन्होंने कहा कि हरी पत्तेदार सब्जियां को ज्यादा खाना चाहिए। मौसम के अनुसार बाजार में उपलब्ध फलों को खाना चाहिए। इस दौरान गुंजन, आरजू, यशवी, समीक्षा, नीतू, प्रिया, करिश्मा, तनीषा, शालू, मल्ती, मानसी, साक्षी आदि उपस्थित रहे।

### अवैध देसी शराब सहित अभियुक्त पकड़ा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।टूंडला। थाना नगला सिंघी पुलिस ने चेकिंग के दौरान नगला कदम जाने वाले मार्ग से सोमवार रात्रि सवा आठ बजे एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पाले राम निवासी नगला कदम थाना नगला सिंघी है। थाना प्रभारी रमित कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अवैध तरीके से शराब की ब्रिकी कर रहा था। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से थैले में 30 ट्रेटा पेग देसी शराब के बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### भूमि विवादों को प्राथमिकता से निपटाएं लेखपाल

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर। जसराना। एसडीएम जसराना ने तहसील सभागार में लेखपालों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान अंश निर्धारण एवं भूमि विवाद के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जाहिर की। एसडीएम ने लेखपालों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि अगर किसी क्षेत्र में शिकायतों की संख्या बढ़ी तो संबंधित लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम राजेश शुक्ला ने बैठक के दौरान लेखपालों को निर्देश देते हुए कहा शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा कृषक दुर्घटना पत्रावली, जायद फसल की खसरा फीडिंग, अंश संशोधन, फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन, आय, जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र, आईजीआरएस शिकायतों की नियमित समीक्षा की जा रही है। कहा कि तहसील क्षेत्र में भूमि विवाद काफी संख्या में आ रहे हैं। ज्यादातर मामले अवैध कब्जे एवं पैमाइश न होने से संबंधित हैं। लेखपालों से कहा कि प्रत्येक माह भूमि से संबंधित तीस विवादों का निस्तारण करते हुए आरआई के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराएं। इस दौरान कहा कि अंश संशोधन को लेकर काश्तकार परेशान है और पोर्टल पर भी काफी संख्या में आवेदन पेडिंग चल रहे हैं। कहा कि प्राथमिकता के आधार पर अंश संशोधन की प्रक्रिया को पूरी कर विवादों को निपटाया जाए। वहीं, कहा कि आईजीआरएस की शिकायतों को भी प्रमुखता से निपटाने का कार्य करें। एसडीएम ने कहा कार्य में लापरवाही बरतने वाले लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक के दौरान तहसीलदार अजय कुमार शर्मा एवं अन्य अधिकारी और लेखपाल मौजूद रहे।

### विद्युत विभाग की छापेमार कार्रवाई में पकड़े गए 6 बिजली चोर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला ।मंगलवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मोहम्मदाबाद टूंडला के क्षेत्र मनी की मढैया, एटा रोड शिवपुरी गली नंबर.2 में मोहम्मादाबाद अवर अभियंता विशाल कुमार,विजिलेंस अवर अभियंता विवेक नारायण सिंह के साथ संयुक्त अभियान में 06 उपभोक्ता विद्युत चोरी से प्रयोग करते हुए पाए गए ।विद्युत चोरी में पाए गए उपभोक्ताओं पर एंटी पावर थेफ्ट फिरोजाबाद में धारा 135 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर जुमार्ना वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

# कौशल विकास मिशन व नोडल आईटीआई की प्रदर्शनी का शुभारंभ



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर सदर विधायक मनीष असीजा द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में सर्वप्रथम कौशल विकास मिशन व नोडल आईटीआई द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तदोपरांत दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती जी को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। सदर विधायक द्वारा कार्यक्रम में 11 स्किल यूथ आइकने, 06 प्रशिक्षण प्रदाता, 01 पी०आई०ए० (डीडीयूजीकेवाई) 02 आईटीआई व जनपद के उद्योगपति सिंहराज यादव (मै० मार्गश्री इण्टरप्राइजेज) को प्रशास्ति पत्र एंव स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त दिनांक 13.07.2025 एंव 14.07.2025 को शॉर्टलिस्टड हुये 11 युवक-युवतियों को ऑफर लेटर वितरित किये गये। कार्यक्रम में सदर विधायक द्वारा उ०प्र० कौशल विकास मिशन व दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की जनपद की उपलब्धियों के विषय में जानकारी ली गयी व विडियो के माध्यम से समस्त योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। तदोपरांत सदर विधायक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लाभार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मोहन लाल गुप्ता, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), नेहा बाजपेयी, जिला समन्वयक, खुशबू शाक्य, जिला रोजगार सहायता अधिकारी व हेमलता यादव, प्रधानाचार्या, कौशल विकास मिशन से जिला कौशल प्रबंधक, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, पंकज यादव व जिला प्रोग्राम मैनेजर, अजीत कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

अन्त में श्रीमती हेमलता यादव, प्रधानाचार्या द्वारा सभी का धन्यवाद करते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया।

# शिवपुराण की कथा के लिए गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

शिकोहाबाद। श्रीशिव महापुराण कथा का आयोजन 15 जुलाई से 21 जुलाई तक मानस भवन मेला बाग में किया जा रहा है। कथाव्यास वृंदावन के आचार्य निशांत मिश्रा भक्तों को शिव पुराण की कथा सुनाएंगे। जिसकी आज मंगलवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा लक्ष्मीनारायण मंदिर पथवारी रोड़ से निकाली गई। कलश यात्रा में 101 पीत वस्त्र धारण कर महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी।

कलश यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू होकर पालीवाल चौराहा, स्टेशन रोड़, मेला बाग होते हुए मानस सेवा भवन पहुंची जहां पर कथा व्यास ने वेदोच्चारण के मध्य कथा स्थल पर कलश को स्थापित कराया । कलश यात्रा के आगे आगे बैंड बाजे चल रहे थे। बैंड बाजों से निकले भजनों पर लोग थिरकते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा में शामिल भक्तगण बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

# राष्ट्रीय धनगर महासभा की बैठक हुई संपन्न



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

टूंडला। राष्ट्रीय धनगर महासभा की एक बैठक एटा रोड सिकरारी स्थित मैरिज होम में आयोजित की गई। बैठक में धनगर जाति के प्रमाण पत्र न जारी करने पर चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा धनगर अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनाए जाने को सात जुलाई को आदेश कर दिए गए हैं। बावजूद इसके तहसीलदार धनगर जाति प्रमाण पत्र नहीं बना रहें हैं। उन्होंने कहा कि तहसीदार साक्ष्य अभाव बताकर आवेदन को रद्द कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष आरवी सिंह धनगर ने कहा कि वर्तमान में बहुचर्चित केंद्रीय राज्य मंत्री व विधायक कई बार धनगर जाति प्रमाण पत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। बैठक में महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि 22 जुलाई को जिला मुख्यालय दबरई पर धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र को लेकर जिलाधिकारी रमेश रंजन को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्यारेलाल धनगर व संचालन किशनवीर धनगर ने किया। बैठक में रामवीर सिंह धनगर, योगेश धनगर, देवेश्वर धनगर, हेमबाबू धनगर, निरंजन धनगर, राघव धनगर, एदल सिंह धनगर, जयप्रकाश सिंह धनगर आदि उपस्थित रहे।

# विक्रेता खाद के लिए किसानों को न करें परेशान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद। खरीफ फसलों की बुबाई का कार्य किसानों द्वारा तेजी से किया जा रहा है। जनपद मे धान की रोपाई और बाजरा की बुबाई किसानों द्वारा की जा रही है। किसानों द्वारा बुबाई करने हेतु उर्वरकों की खरीद की जा रही है। जनपद के खाद विक्रेताओं के यहाँ छापामार कार्यवाही की गयी। शिकोहाबाद और सिरसागंज क्षेत्र मे जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान द्वारा छापामार कारवाही की गयी। उर्वरकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उर्वरकों के कुल 7 नमूने गृहीत किये गए। जिन्हे गुणवत्ता की जाँच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।थोक विक्रेताओं के यहाँ से 4 नमूने और फुटकर विक्रेताओं के यहाँ से 3 नमूने गृहीत किये गए। थोक विक्रेता चिंतामणि ट्रेडर्स सिरसागंज के यहाँ से कैल्शियम नाइट्रेट थोक विक्रेता खैरगढ़ खाद भंडार शिकोहाबाद के यहाँ से डीएपी, थोक विक्रेता एस एस गुप्ता एंड संस सिरसागंज के यहाँ से कैल्शियम नाइट्रेट, थोक विक्रेता एस पी एजेंसी शिकोहाबाद के यहाँ से एन पी एस का नमूना गृहीत किया गया। फुटकर विक्रेता देवराह खाद भंडार सिरसागंज के यहाँ से एनपीके, शंकर खाद भंडार सिरसागंज के यहाँ से डीएपी, भारत ट्रेडिंग सिरसागंज से कैल्शियम नाइट्रेट का नमूना लिया गया। सताक्षी ट्रेडर्स दुकान बंद पाए जाने पर लाइसेंस निलंबित किया गया। सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि किसानों को उर्वरकों के साथ साथ उनको लगाने की विधि और संस्तुत मात्रा की जानकारी और खेती की तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध करायें। किसानो को उर्वरक बिक्री की रसीद अवश्य उपलब्ध कराई जाए।

# पालिका अधिशासी अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को दिलाई शपथ

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



टूंडला। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में शिशु भारती छात्र संसद के पदाधिकारियों व विभाग प्रमुखों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने पद की शपथ ग्रहण की।

पालिका अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि संसद शपथ ग्रहण करते वक्त छात्र-छात्राओं को अपनी जिम्मेदारी का पूरा निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को सदैव प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करना चाहिए। माता-पिता तथा गुरु के ऋण को कभी नहीं भूलना चाहिए। पर्यावरण की ओर सभी को अत्यधिक ध्यान देना चाहिए। प्रधानाचार्य राम मोहन श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया करते हुआ कहा कि पद नहीं दायित्व की जिम्मेदारी समझकर शपथ ग्रहण करें। इस दौरान विद्यालय के व्यवस्थापक पवन कुमार अग्रवाल, सह व्यवस्थापक वृंदावन लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार पौनियां व विद्यालय की छात्र संसद शिक्षिका आकांक्षा दीक्षित, वरिष्ठ शिक्षिका नूतन कुलश्रेष्ठ, मंजू सक्सेना ,देवेंद्र शर्मा, अम्बरीश कुलश्रेष्ठ आदि उपस्थित रहे।

### पालिका अधिशासी अधिकारी ने दिलाई शपथ

प्रधानमंत्री राधिका चैधरी, उप प्रधानमंत्री जानवी, सेनापति ऋषभ शर्मा, उप सेनापति योगेश यादव, सांस्कृतिक मंत्री माही श्रीवास्तव, सह सांस्कृतिक मंत्री काव्या शर्मा, न्यायाधीश कशिश यादव, सरकारी वकील लक्षिता सिंह, प्राइवेट वकील सूर्यांश। अध्यक्ष रोली गर्ग, उपाध्यक्ष अनु शर्मा, मंत्री दीक्षा वर्मा, सह मंत्री आरुषि, सेनापति भीम माहौर, उपसेनापति नैतिक, खोयापाया प्रमुख अरुण यादव, तन्मय दुवे, वंदना, प्रमुख समीक्षा शर्मा, पुस्तकालय प्रमुख प्रज्ञा, जल प्रमुख नितिन, वाचनालय प्रमुख अरुण दीक्षित, विद्युत प्रमुख आदित्य धाकरे, वंदना, प्रमुख हर्षिता, पुस्तकालय प्रमुख लक्ष्य शर्मा, चिकित्सा प्रमुख पलक यादव ने शपथ ग्रहण की।

# बिहार में 'डबल इंजन' खराब, नीतीश नहीं बल्कि कोई और सरकार चला रहा : कन्हैया



**नयी दिल्ली, (भाषा)** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने बिहार में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति तथा अपराध की हालिया घटनाओं को लेकर मंगलवार को प्रदेश की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं, बल्कि कोई और चला रहा है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि बिहार में 'डबल इंजन' पूरी तरह से खराब हो गया है तथा राज्य की मौजूदा स्थिति में ''अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी, टके सेर खाजा'' की कहावत चरितार्थ हो रही है। कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रभारी कुमार ने बिहार में शिक्षा की स्थिति का उल्लेख करते हुए संवाददाताओं से कहा, ''बिहार से एक अजीब घटना सामने आई, जहां (पटना विश्वविद्यालय के) कुछ कॉलेज के प्राचार्यों की नियुक्ति लॉटरी के माध्यम से की गई, जिसके बाद महिला कॉलेज में भी पुरूष प्राचार्य बना दिए गए। इसके बाद कुलपति ने कहा कि बड़े-बड़े लोगों की सिफारिश आती है, इसलिए हमें लॉटरी निकालनी पड़ी।''

उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था मनमाने तरीके से चल रही है तथा ''कट-कमीशन का सिस्टम'' का हावी है। कुमार का कहना था, ''आप किसी भी कॉलेज में छात्रों की संख्या देखेंगे तो स्थिति का पता पता चलेगा। यदि चार कमरों का कॉलेज है तो हजारों छात्रों का पंजीकरण किया गया है। मतलब पैसा दीजिए, डिग्री लीजिए।''कुमार ने कहा, ''हम बिहार सरकार से मांग करते हैं कि राज्य में शिक्षा की दुर्दशा को देखते हुए तुरंत उचित कदम उठाए जाएं, अन्यथा युवा इस सरकार को बदलने के लिए तैयार हैं।''बिहार में अपराध की हालिया घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसा कोई शहर नहीं है, जहां गोलियां न चल रही हों।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''अपराधी खुले तौर पर अपराध कर रहे हैं और बिहार के उप मुख्यमंत्री (सम्राट चौधरी) बेशर्मी के साथ कहते हैं कि संगठित अपराध खत्म हो गया है। बिहार में जो अपराध की स्थिति है, उससे पता चलता है कि ये 'डबल इंजन' एक-दूसरे की उल्टी दिशा में चल रहे हैं।''उन्होंने दावा किया, ''यह नीतीश कुमार का, सरकार चलाने का तरीका नहीं है। इससे साफ है कि नीतीश कुमार नहीं, बल्कि कोई और सरकार चला रहा है।'' कुमार ने कहा, ''मैं बिहार के लोगों से कहना चाहता हूं, जिस सरकार को आपकी चिंता न हो, उसकी कुर्सी छीन लीजिए।''

# बिहार में 'जंगल राज', पानी से ज्यादा आसानी से मिलती है शराब : कांग्रेस



**नयी दिल्ली, (भाषा)** कांग्रेस ने बिहार के पूर्णिया में पिछले दिनों हुई एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या की घटना का हवाला देते हुए सोमवार को राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में 'जंगलराज' होने का आरोप लगाया और दावा किया कि प्रदेश में पीने का पानी और सुरक्षा नहीं मिल रही है, लेकिन शराब आसानी से मिल रही है।

अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने हाल में पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की थी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की पीड़ितों के संबंधियों से फोन पर बात भी करवाई थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के दोषियों को सजा दिलाने के साथ ही अंधविश्वास और 'मॉब लिंचिंग (भीड़ द्वारा पीट पीटकर मार देना)' जैसे अपराधों की रोकथाम के लिए कठोर कानूनों का इस्तेमाल हो तथा शराब की बिक्री रोकी जाए।

बीते छह जुलाई को पूर्णिया जिले में जादू-टोना करने के संदेह में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी और उनके शवों को जला दिया गया था। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस घटना के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

भूरिया ने संवाददाताओं से कहा, ''राहुल गांधी जी के निर्देश पर हम पूर्णिया गए और व्यक्तिगत रूप से उस परिवार से मिले, लेकिन वहां जो हमने देखा, वो बहुत दुखद था। पूरा का पूरा गांव खाली हो गया है, वहां डर का माहौल है। राहुल गांधी जी ने स्वयं पीड़ितों के परिजन से बात की।''उन्होंने सवाल किया कि यदि राहुल गांधी को बिहार के उस परिवार की चिंता है तो बिहार में बैठे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चिंता क्यों नहीं है?

आदिवासी कांग्रेस के प्रमुख ने दावा किया कि हत्या की इस घटना को अंजाम देने वाले शराब के नशे में थे और यह उस राज्य की स्थिति जहां शराब प्रतिबंधित है। भूरिया ने आरोप लगाया कि बिहार में लोगों को पीने का पानीं नहीं मिल रहा है और न ही सुरक्षा मिल रही है, लेकिन शराब जरूर आसानी से मिल रही है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में 'जंगल राज' और 'गुंडाराज' है तथा राजग की सरकार में यह राज्य भारत की 'क्राइम कैपिटल (अपराध की राजधानी)' बन गया है।उन्होंने सवाल किया, '' क्या इस देश में आदिवासियों की जान की कोई कीमत नहीं है? बिहार में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं? यहां अपराधियों के मन में पुलिस व सरकार का खौफ क्यों नहीं है? आखिर बिहार में अपराधियों को संरक्षण क्यों दिया जा रहा है? भाजपा सरकार में अंधविश्वास को बढ़ावा क्यों दिया जाता है? भाजपा सरकार में शिक्षा और सुरक्षा पर बात क्यों नहीं होती है?'' भूरिया का कहना था, ''हमारी मांग है कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और स्थायी सुरक्षा मिले, दोषियों को सजा दी जाए। बिहार सरकार अंधविश्वास, जातीय हिंसा, मॉब लिंचिंग पर कठोर नियम लागू करे, ताकि आगे से ऐसी घटनाएं ना हों। बिहार में शराब की बिक्री पर रोक लगाई जाए?''

# खरगे, राहुल के साथ बैठक में पप्पू यादव हुए शामिल, बोले: कांग्रेस में मुख्यमंत्री के कई चेहरे




**नयी दिल्ली, (भाषा)** निर्दलीय लोकसभा सदस्य राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव सोमवार को यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ बिहार विधानसभा चुनाव से संबंधित एक बैठक में शामिल हुए और कहा कि पार्टी उन्हें राज्य विधानसभा चुनाव में जो भूमिका देगी उसे निभाएंगे।

उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि बिहार में कांग्रेस के पास मुख्यमंत्री पद के चेहरों की कोई कमी नहीं है।यादव ने मुख्यमंत्री पद के कांग्रेस के चेहरों का उल्लेख करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार और सांसद तारिक अनवर के नामों का उल्लेख भी किया। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार और कई अन्य शामिल थे। कांग्रेस मुख्यालय में बिहार चुनाव को लेकर हुई किसी बैठक में पप्पू यादव पहली बार शामिल हुए हैं।

कुछ दिन पहले ही पटना में विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ मार्च के दौरान कन्हैया कुमार के साथ पप्पू यादव को महागठबंधन के नेताओं वाले ट्रक पर नहीं चढ़ने दिया गया था। उस ट्रक पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सवार थे।

इस घटनाक्रम के बाद यादव की राहुल गांधी से पहली बार मुलाकात हुई है। सूत्रों का कहना है कि यादव के खरगे और राहुल के साथ अलग से भी मंथन किया।

# बिहार के 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 83.66 प्रतिशत मसौदा मतदाता सूची में शामिल होंगे: निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली, (भाषा)** निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जारी रहने के बीच सोमवार को कहा कि बिहार के कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 6.60 करोड़ से अधिक के नाम मसौदा मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

निर्वाचन आयोग ने बताया कि बिहार में जारी एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र (ईएफ) भरकर उन्हें जमा करने की अंतिम तिथि में 11 दिन शेष हैं और बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा दो दौर के घर-घर दौरे के बाद बिहार के 7,89,69,844 मतदाताओं में से 6,60,67,208 या 83.66 प्रतिशत के ईएफ एकत्र किए जा चुके हैं। अब तक 1.59 प्रतिशत



मतदाता मृत पाए गए हैं, 2.2 प्रतिशत स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं और 0.73 प्रतिशत एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत पाए गए हैं।

आयोग ने कहा, ''इस प्रकार 88.18 प्रतिशत मतदाता या तो अपना ईएफ जमा कर चुके हैं या उनकी मौत हो गई है या वे अपने पिछले निवास स्थान से स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं।... अब केवल 11.82 प्रतिशत मतदाताओं को ही अपने ईएफ जमा करने हैं और उनमें से कई ने आगामी दिनों में दस्तावेजों के साथ अपने प्रपत्र जमा करने के लिए समय मांगा है।''इसमें कहा गया है कि जो मतदाता अस्थायी रूप से राज्य से बाहर गए हैं, उनके लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर तथा उन व्यक्तियों से सीधे संपर्क करके प्रयास किए जा रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे समय पर अपना ईएफ भर सकें तथा उनका नाम एक अगस्त को प्रकाशित होने वाली मसौदा सूची में भी शामिल हो। ऐसे मतदाता अपने मोबाइल फोन का उपयोग करके ईसीआईनेट ऐप या ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से आसानी से ऑनलाइन ईएफ भर सकते हैं। वे अपने प्रपत्र अपने परिवार के सदस्यों या व्हाट्सऐप या इसी तरह के किसी भी ऑनलाइन माध्यम से संबंधित बीएलओ को भी भेज सकते हैं।

बिहार में गहन पुनरीक्षण के चौथे चरण में मसौदा मतदाता सूची एक अगस्त को प्रकाशित की जाएगी। सूची में उन सभी मतदाताओं को शामिल किया जाएगा जिनके प्रपत्र तय समय सीमा के भीतर प्राप्त हो जाएंगे। जिन लोगों ने 25 जुलाई से पहले कोई गणना प्रपत्र जमा नहीं किया होगा, उनके नाम मसौदा सूची में नहीं दिखाई देंगे। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी संविधान के अनुच्छेद 326 में निर्धारित पात्रता मानदंडों के आधार पर प्रपत्रों की समीक्षा करेंगे जिनके अनुसार मतदाताओं को भारतीय नागरिक होना चाहिए, 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का होना चाहिए और निर्वाचन क्षेत्र का निवासी होना चाहिए।

# बिहार बना 'क्राइम कैपिटल', राहुल गांधी का नीतीश और भाजपा पर तीखा हमला

**नयी दिल्ली, (भाषा)** बिहार में बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार आज ''क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया'' बन गया है, जहां हर गली में डर और हर घर में बेचैनी का माहौल है। राहुल गांधी ने दावा किया कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और राज्य की जनता अपराधियों के डर में जी रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं जबकि भाजपा कोटे के मंत्री ₹कमीशन₹ कमाने में



व्यस्त हैं।राहुल गांधी ने यह बयान उस रिपोर्ट के संदर्भ में दिया जिसमें कहा गया है कि बिहार में महज 11 दिनों में 31 हत्याएं हो चुकी हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, "बिहार बना 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' - हर गली में डर, हर घर में बेचैनी। बेरोज़गार युवाओं को हत्यारा बना रहा है गुंडाराज।" उन्होंने इस स्थिति के लिए राज्य की मौजूदा सरकार को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सत्ता की कुर्सी से चिपके हुए हैं, जबकि भाजपा के मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।राहुल गांधी ने यह भी कहा कि बिहार में सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बल्कि राज्य को बचाने का चुनाव होना चाहिए। उन्होंने यह संकेत दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव केवल राजनीतिक बदलाव तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि यह बिहार की जनता के भविष्य और सुरक्षा से जुड़ा सवाल है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस बार जाति, धर्म और अन्य भटकावों से हटकर विकास, शिक्षा, रोजगार और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को आधार बनाकर फैसला करें।राज्य में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है।

## खेल एक्सप्रेस

### संक्षिप्त खबरें

## कीबोर्ड के योद्धाओं को चुप कराकर खुश हूं: जोफ्रा आर्चर

**लंदन, (भाषा)** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने उन 'कीबोर्ड योद्धाओं' को चुप करा दिया जो कई चोटों से उबरने के बाद रिहैबिलिटेशन के दौरान उनके पीछे पड़े थे। 2021 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे आर्चर ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में भारत की हार का कारण बने। उन्होंने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शून्य पर आउट किया और फिर ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लेकर सोमवार को इंग्लैंड को 22 रन से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आर्चर ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा, ''मुझे लगता है कि मैं (इंग्लैंड की जीत के बाद) थोड़ा भावुक हो गया था। यह सफर काफी लंबा रहा। मैं आपको बता नहीं सकता कि पिछले तीन या चार वर्षों में कितने कीबोर्ड योद्धा मेरे पीछे पड़े हुए थे।'' उन्होंने कहा, ''वापसी में काफ़ी समय लग गया। काफ़ी रिहैबिलिटेशन और ट्रेनिंग करनी पड़ी, लेकिन ऐसे पल ही हैं जो इसे सार्थक बनाते हैं। दर्शकों ने मेरा पूरा हौसला बढ़ाया।'' आर्चर ने कहा, ''कभी-कभी आपको लगता है कि आप वापसी के लिए तैयार हैं, लेकिन जब तक आप ऐसा नहीं करते, तब तक आपको वास्तविकता का पता नहीं चलता। सुरक्षित तरीका ही सबसे अच्छा तरीका है, इसलिए मैं ज्यादा परेशान नहीं था। मैं सफल वापसी करके खुश हूं।''

## डॉसन की आठ साल बाद इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी

**लंदन, (भाषा)** बायें हाथ के स्पिनर लियाम डासन ने आठ साल के अंतराल के बाद मंगलवार को इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी की। उन्हें भारत के खिलाफ 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए चोटिल शोएब बशीर की जगह टीम में शामिल किया गया है। तीसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते समय बशीर के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। यह मैच इंग्लैंड ने 22 रन से जीता था। चोट के बावजूद बशीर ने भारत की दूसरी पारी में गेंदबाजी की और मोहम्मद सिराज को आउट करके अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाने में मदद की। 35 वर्षीय डॉसन ने अपने तीन टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से छह वनडे और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। वह कई वर्षों से हैम्पशर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें 2023 और 2024 में पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था।

## पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय वर्गीस के साथ करार किया

**मोहाली, (भाषा)** पंजाब एफसी ने मंगलवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए इंटर काशी से डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। पच्चीस वर्षीय सेंटर बैक बिजॉय ने टीम के साथ 2028 तक अनुबंध किया है। बिजॉय 2021-22 सत्र में केरला ब्लास्टर्स में शामिल हुए और उस वर्ष उपविजेता रही टीम का हिस्सा थे। इसके बाद वह 2023-24 सत्र के लिए उधार पर आईलीग फ्रेंचाइजी इंटर काशी में शामिल हुए और 2024-25 सत्र में 10 मैच खेले। बिजॉय ने कहा, ''मैं पंजाब एफसी में शामिल होकर बहुत उत्साहित हूं और अपने करियर के इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं। क्लब में रक्षा पंक्ति में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है जो मेरे विकास के लिए बहुत अच्छा है और यह मुझे हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।''

दो मैच से पहले भारतीय तेज गेंदबाजों के लिए भी नए मानक स्थापित किए।

# स्टोक्स ने काम के बोझ के प्रबंधन को लेकर नए मानक स्थापित किए

**लंदन, (भाषा)** लॉर्ड्स टेस्ट में जीत दांव पर लगी थी और ऐसे में अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने काम के बोझ के प्रबंधन को दरकिनार करते हुए पांचवें और अंतिम दिन दो मैराथन स्पैल फेंके जिससे उन्होंने ना केवल अपने खिलाड़ियों के लिए बल्कि अंतिम दो मैच से पहले भारतीय तेज गेंदबाजों के लिए भी नए मानक स्थापित किए।

चौंतीस वर्षीय ऑलराउंडर स्टोक्स को अपने करियर के दौरान चोटों से जूझना पड़ा है और पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के बाद जनवरी में उनकी सर्जरी हुई थी। फिर भी चोटिल होने की आशंका के बावजूद स्टोक्स ने तीसरे टेस्ट में अपनी पूरी ताकत झोंक दी और सोमवार को 9.2 और 10 ओवर के दो लंबे स्पैल करके भारत पर दबाव बनाए रखा। स्टोक्स को ड्रेसिंग रूम से लगातार याद दिलाया जा रहा था



कि उन्हें अपने उम्रदराज होते शरीर का ध्यान रखना है लेकिन इंग्लैंड के कप्तान ने इस पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। मैच में 44 ओवर, विशेषकर पांचवें दिन का अधिक कार्यभार स्टोक्स के शरीर पर असर डाल सकता है लेकिन अपनी फिटनेस बेहतर करने के लिए शराब छोड़ने वाले इंग्लैंड के कप्तान को उम्मीद है कि आठ दिन बाद शुरू होने वाले मैनचेस्टर टेस्ट के लिए वह फिर से तरोताजा हो जाएंगे। टेस्ट मैच जीतने के लिए स्टोक्स की प्रतिबद्धता ने भारतीय खेमे से जुड़े कुछ सवाल भी खड़े किए हैं।

स्टोक्स की तरह चोटिल होने की आशंका वाले क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह पांच में से केवल तीन टेस्ट मैच ही खेलेंगे। दौरे से काफी पहले ही इसकी योजना बना ली गई थी और इस चैंपियन तेज गेंदबाज ने गेंदबाजी के बोझ के प्रबंधन के तहत बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट मैच नहीं खेला था जबकि भारत लीड्स में श्रृंखला का पहला मैच हार गया था। दूसरे टेस्ट में बुमराह की गैरमौजूदगी में भारत ने बड़ी जीत दर्ज की जबकि लॉर्ड्स टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

लार्ड्स में दिल तोड़ने वाली हार के बाद भारत एक बार फिर पिछड़ रहा है और ऐसे में बुमराह के ओल्ड ट्रैफर्ड में श्रृंखला में आखिरी बार खेलने की उम्मीद है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने स्टोक्स का उदाहरण देते हुए कहा कि 'काम के बोझ के प्रबंधन' शब्द को कई बार जरूरत से अधिक महत्व दिया जाता है। पठान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ''बेन स्टोक्स ने पांचवें दिन सुबह 9.2 ओवर का मैराथन स्पैल फेंका। वह कमाल के खिलाड़ी हैं। वह गेंदबाजी भी करते हैं, बल्लेबाजी भी करते हैं और ऋषभ पंत को रन आउट भी किया लेकिन काम के बोझ के प्रबंधन की कोई बात नहीं हो रही। लेकिन भारत के साथ ऐसा नहीं है।''




## महिला विश्व कप से पहले इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा भारत

**दुबई, (भाषा)** भारत इस साल सितंबर-अक्टूबर में अपनी और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप से पहले बेंगलुरु में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। पाकिस्तान अपने अभ्यास मैच और विश्व कप मैच दोनों श्रीलंका में खेलेगा। यह भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आपसी सहमति से तय किया है।

भारत 25 सितंबर को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान पर पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा और 30 सितंबर को चिन्नास्वामी स्टेडियम में टूर्नामेंट शुरू होने से तीन दिन पहले 27 सितंबर को न्यूजीलैंड से उसी स्थान पर खेलेगा। पाकिस्तान 25 और 28 सितंबर को कोलंबो के कोलंबो क्रिकेट क्लब में क्रमशः श्रीलंका और श्रीलंका 'ए' टीम के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा, ''25 से 28 सितंबर तक एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान (दोनों बेंगलुरु), आर प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब (दोनों कोलंबो) में कुल नौ दिन-रात्रि मैच खेले जाएंगे।''

## जडेजा बशीर के खिलाफ जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेल सकते थे: कुंबले

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा को स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ मोहम्मद सिराज को स्ट्राइक देने की जगह खुद जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेलना चाहिए था। संघर्ष से भारत मैच में वापसी करने में काफी हद तक सफल रहा लेकिन उसे 22 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। कुंबले को इस मैच ने चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की याद दिला दी जिसमें सचिन तेंदुलकर ने पीठ दर्द के बावजूद 136 रन की पारी खेली लेकिन भारतीय टीम को 12 रन से हार का सामना करना पड़ा था। सकलैन मुश्ताक द्वारा जवागल श्रीनाथ का आउट होना सिराज के स्टंप्स की गिल्लियों को गिराने वाली गेंद के समान था।

फौजा सिंह ने अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना किया।

# प्रतिबद्धता और जज्बे की अद्भुत मिसाल है फौजा सिंह की कहानी

**नयी दिल्ली, (भाषा)** पुरानी कहावत है कि दोबारा शुरुआत करने में कभी देर नहीं होती और अगर कभी इस बात के प्रमाण की जरूरत पड़े तो एक बार फौजा सिंह के जीवन पर गौर कर लेना जिन्होंने प्रतिबद्धता और जज्बे की अद्भुत मिसाल पेश की।

फौजा सिंह ने 89 वर्ष की उम्र में मैराथन दौड़नी शुरू की और फिर दुनिया भर में अपने जोश और जज्बे का डंका जमाया। उनका सोमवार को 114 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी उम्र के बावजूद, यह एक दिल दहला देने वाला अचानक अंत था। वह जालंधर स्थित अपने पैतृक गांव ब्यास पिंड में टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

फौजा सिंह ने अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना किया। वह जब मैराथन धावक बने तो उन्होंने अपने करियर का एक बड़ा हिस्सा ब्रिटेन में बिताया लेकिन संन्यास लेने के बाद तीन साल पहले वह अपने गांव लौट आए थे।

उनकी जीवनी 'द टर्बन्ड टॉरनेडो' के लेखक खुशवंत सिंह ने कहा, ''हम हमेशा उनसे कहते थे कि भारत में दौड़ने वाले उनकी उम्र के



व्यक्ति को हमेशा टक्कर लगने का खतरा बना रहता है, क्योंकि यहां वाहन चलाने का तरीका बहुत लापरवाही वाला है। दुर्भाग्यवश आखिर में ऐसा ही हुआ।''

फ़ौजा की असली कहानी तब शुरू हुई जब ज़्यादातर लोगों के लिए समय धीमा पड़ जाता है, खासकर उन लोगों के लिए जो ज़िंदगी की कई त्रासदियों से जूझ चुके हैं। वह भी जीवन के इन थपेड़ों से जूझ रहे थे। फौजा सिंह 90 के दशक के मध्य में अपने छोटे बेटे की मौत से काफी व्यथित हो गए थे। इसके बाद जब उनकी पत्नी और बेटी का भी निधन हो गया तो उन्हें इंग्लैंड के एसेक्स में एक स्थानीय क्लब में दौड़ने से सांत्वना मिली।

खुशवंत ने बताया, ''गांव वालों ने उनके एक बेटे से कहा कि वह उन्हें ब्रिटेन ले जाए, क्योंकि वह शमशान घाट जाते रहते थे और घंटों वहीं बैठे रहते थे। इसलिए वह इलफोर्ड (पूर्वी लंदन का एक शहर) चले गए।'' फौजा सिंह ने वहां पहुंचने के बाद ही दौड़ना शुरू किया। इसके बाद वह अंतरराष्ट्रीय स्तर के धावक बन गए और उन्होंने अपने दमखम और जज्बे से दुनिया भर के लोगों को हैरान कर दिया। उन्होंने लंदन, न्यूयॉर्क और हांगकांग की प्रसिद्ध मैराथनों सहित अन्य मैराथनों में भाग लिया और कमजोर पैरों के साथ पैदा हुए 90 वर्ष से अधिक उम्र के इस व्यक्ति ने इस दौरान कुछ अच्छा समय भी निकाला जिससे पेशेवर धावक भी हैरान थे।

वह 2012 लंदन ओलंपिक में मशाल वाहक भी बने और खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया।



उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया है तथा दो करोड़ युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनमें से 50 लाख युवा अब तक लाभान्वित हो चुके हैं।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर आए हुए आगंतुकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुना व उचित कार्रवाई सुनिश्चित किया।






## कुशल युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ**, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि कुशल युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं और ''डबल इंजन'' सरकार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 75 जनपदों के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

योगी ने इस अवसर पर अपने संविधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा, ''कुशल युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं।'' उन्होंने कहा, ''डबल इंजन (केंद्र और राज्य) सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। योगी ने प्रदेश के युवाओं को विश्व युवा कौशल दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया है तथा दो करोड़ युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनमें से 50 लाख युवा अब तक लाभान्वित हो चुके हैं।

योगी ने उत्तर प्रदेश में निवेश के क्षेत्र में हुई प्रगति का भी जिक्र करते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों में कानून-व्यवस्था में सुधार और सरकार की सकारात्मक नीति के कारण 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये निवेश लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) और 'मुख्यमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान' जैसी योजनाओं के माध्यम से परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया गया है। उन्होंने बताया कि ओडीओपी के तहत डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है, जबकि विश्वकर्मा योजना के तहत एक लाख से अधिक हस्तशिल्पियों और कारीगरों को प्रशिक्षण और टूलकिट प्रदान की गई हैं। उन्होंने युवाओं से हताश न होने और निरंतर प्रयास करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हताशा और निराशा में जीवन नहीं है तथा सही प्रशिक्षण और मेहनत से आप सफलता की नयी कहानी लिख सकते हैं।

योगी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति युवाओं को एक साथ डिग्री और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा देती है।

कार्यक्रम के दौरान योगी ने 15 युवाओं को 'यूथ आईकॉन' सम्मान दिया और 11 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके अलावा, प्रदेश के लिए पांच ''स्किल रथ'' हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए।

## कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी पर परमार्थ निकेतन में गूंजा भारत माता की जय का उद्घोष

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ऋषिकेश,** । भारत के लिए यह क्षण गौरव का, विज्ञान के लिए यह एक युगांतकारी उपलब्धि और युवाशक्ति के लिए यह प्रेरणा की पराकाष्ठा है। भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु शुक्ला, जिनका 20 दिन का अंतरिक्ष अभियान भारत के लिये अत्यंत गौरव का विषय है और वे अब सकुशल पृथ्वी पर लौट आए हैं। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के माध्यम से उन्होंने 23 घंटे का लंबा सफर तय कर कैलिफोर्निया के तट पर सुरक्षित लैंडिंग की।परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में इस ऐतिहासिक क्षण को एक विशेष आध्यात्मिक आयाम मिला, जब परमार्थ गंगा आरती कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी और इस मिशन की सफलता को समर्पित की गई। इस अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि यह केवल एक अंतरिक्ष यात्रा नहीं, बल्कि भारत के आत्मबल, वैज्ञानिक चेतना और युवाशक्ति का महोत्सव है। शुभांशु धरती पर उतरे हैं, पर भारत अंतरिक्ष में पहुंच गया है। आज का मिशन सिर्फ आसमान नहीं, विज्ञान और राष्ट्र के आत्मविश्वास को भी छू रहा है।स्वामी जी ने कहा कि जिस प्रकार 1984 में विंग कमांडर राकेश शर्मा जी ने 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा' कहकर करोड़ों भारतीयों का सीना गर्व से चैड़ा किया था, आज 2025 में कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने उस गौरवगाथा को एक नवीन अध्याय प्रदान किया है।स्वामी जी ने कैप्टन शुभांशु शुक्ला को बधाई देते हुए कहा कि इस बार कैप्टन शुभांशु पायलट बनकर गए, अगली बार वह 'कमांडेंट' बनकर गगनयान में नेतृत्व करेंगे। यह मिशन सीमाओं को लांघने का नहीं, बल्कि अंतरिक्ष से संवाद करने और मानवता के हित में शोध करने का मिशन है। इस गगनचुंबी उपलब्धि में 18 दिन का अंतरिक्ष प्रवास, 1.3 करोड़ किलोमीटर का अंतरिक्ष सफर, 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग और शोध निहित है तथा यह भारत की ओर से युवा वैज्ञानिक प्रतिभा का सशक्त प्रतिनिधित्व करता है।परमार्थ निकेतन की गंगा जी की आरती में श्रद्धालुओं ने सहभाग कर कैप्टन शुभांशु जी को शुभकामनाएँ, आशीर्वाद और भारत माता की जय के नारों से नमन किया।



आज की परमार्थ गंगा आरती इस ऐतिहासिक मिशन को समर्पित

इस अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने भारत के माननीय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा आज भारत का युवा न केवल डिजिटल क्रांति में अग्रणी है, बल्कि अब अंतरिक्ष विज्ञान में भी दुनिया को दिशा दे रहा है। यह भारत के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर है। स्वामी जी ने इस मिशन को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि कैप्टन शुभांशु हर उस युवा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जो सीमाओं के पार अपने सपनों को उड़ान देना चाहते हैं। अंतरिक्ष से धरती पर लौटना केवल भौतिक यात्रा नहीं, आत्मबल की अभिव्यक्ति है। यह ऐतिहासिक यात्रा इस बात का संकेत है कि भारत अब 'स्पेस टेक्नोलॉजी' के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और अग्रणी राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा हो चुका है। गंगा आरती में सभी ऋषिकुमारों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना की कि यह मिशन न केवल सुरक्षित रहे, बल्कि मानवता के कल्याण में नवाचार और खोजों के नए द्वार खोले। गंगा आरती के दौरान स्वामी जी ने कहा भारत की प्राचीन धरोहर, वैज्ञानिक दृष्टि और आध्यात्मिक ऊर्जा, सब कुछ एक साथ जब चलता है, तब ऐसे मिशन सफल होते हैं। शुभांशु जी को बारंबार शुभकामनाएं, आशीर्वाद और अभिनंदन किया। पूरा परमार्थ गंगा तट कैप्टन शुभांशु जिंदाबाद। भारत माता की जय। जय हिन्द। से गूंज उठा।

## अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की धरती पर वापसी :योगी समेत नेताओं ने बधाई दी

**लखनऊ**, (भाषा) अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन के प्रवास के बाद 'ग्रुप कैप्टन' शुभांशु शुक्ला की पृथ्वी पर सकुशल वापसी के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मायावती समेत कई नेताओं ने उनका स्वागत किया और इसे देश को उत्साहित करने वाला बताया।

योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पृथ्वी पर आपका स्वागत है।' उन्होंने कहा, 'ऐतिहासिक एक्सिओममिशन4 मिशन को सकुशल संपन्न कर सफल वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला जी एवं उनकी टीम को हार्दिक बधाई।'' योगी ने कहा, ''आपकी उपलब्धि साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक है। आज हर भारतीय, विशेषकर उत्तर प्रदेश वासी गौरवान्वित है। भारत आपके स्वागत को उत्सुक है।'

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर लिखा, ''शुभांशु का 'शुभ' आगमन। अंतरिक्ष की ऊंचाइयों को छूकर, देश और प्रदेश दोनों का मान बढ़ाने वाले ग्रुप कैप्टन श्री शुभांशु शुक्ला जी के शुभ आगमन पर हृदय से स्वागत एवं ढेर सारी शुभकामनाएं।'' उन्होंने कहा, ''आपकी यह उपलब्धि देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा है और उनके सपनों को एक नई उड़ान देने वाली है।''



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ''एक्स'' पर कहा, ''धरती पर आपका स्वागत है ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला जी।'' पाठक ने कहा, ''आज हर भारतीय के लिए गौरव का पल है। 20 दिन तक अंतरिक्ष में बिताने के बाद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला जी धरती पर सकुशल वापस लौट आए हैं। आपकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी देशवासी और विशेष कर उत्तर प्रदेशवासी गौरवान्वित हैं।''

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने 'एक्स' पर कहा, ''भारत के शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष में विभिन्न अध्ययनों के बाद आज उनकी धरती पर सकुशल वापसी की ख़बर ख़ासकर युवाओं को प्रोत्साहित एवं देश को उत्साहित करने वाली है।'' उन्होंने कहा, ''इस सफलता के लिए मूलतः लखनऊवासी श्री शुक्ला एवं उनके परिवार समेत देश के सभी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों एवं उनकी संस्थाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उम्मीद है कि इस प्रकार के अनुभवों से देश के करोड़ों जनता को ज़रूर लाभ मिलेगा।'' शुक्ला और ड्रैगन 'ग्रेस' कैप्सूल में सवार तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों ने मंगलवार को कैलिफ़ोर्निया के सैन डिएगो तट पर सुरक्षित रूप से उतरकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से 22.5 घंटे की वापसी यात्रा पूरी की।

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में यात्री वाहन के खाई में गिरने से सात लोगों की मौत, 17 घायल

जम्मू, (भाषा) जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को एक यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला और एक नाबालिग लड़की समेत सात लोगों की मौत हो गई जबकि 17 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि वाहन में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना डोडा शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई।

अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे 'टेंपो ट्रैवलर' के चालक ने डोडा-भर्थ मार्ग के एक मोड़ पर वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हो गया।

अधिकारियों के मुताबिक मोहम्मद अशरफ (35), मंगता वानी (51), अत्ता मोहम्मद (33), तालिब हुसैन (35) और रफीका बेगम (60) को डोडा के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। जबकि पांच वर्षीय उज्मा जान और शकूर दीन (30) ने जम्मू के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## दिल्ली के हरिधाम आश्रम में श्रावण मास में भव्य पार्थिव शिवलिंग पूजन और रुद्राभिषेक समारोह





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**दिल्ली**: दिल्ली स्थित हरिधाम आश्रम में श्रावण मास के पावन अवसर पर परम पूज्य नित्य स्मरणीय आनंद पीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य में भूत भावन, आशुतोष, अवढरदानी भगवान महादेव की विशेष पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अनुष्ठान में 1,25,000 पार्थिव शिवलिंग पूजन, रुद्राभिषेक और षोडशोपचार अर्चन का कार्यक्रम निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। हरिधामेश्वर महादेव के पवित्र प्रांगण में श्री रुद्राष्टाध्यायी के पाठ और वेद मंत्रों की पवित्र ध्वनि से पूरा वातावरण भक्ति-भाव से गुंजायमान है।

इस अनुष्ठान का उद्देश्य लोक कल्याण और समाज में सुख-शांति की स्थापना है। पूज्य स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज ने श्रावण मास में शिव पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मास भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर है। उन्होंने काँवड़ यात्रा के महत्व को भी रेखांकित किया और कर्म व फल के सिद्धांत को श्रद्धालुओं के समक्ष सरल शब्दों में समझाया।

इस पुण्य कार्य में बड़ी संख्या में सन्यासी और शिव भक्त शामिल हुए। विशेष रूप से आदरणीय ज्ञानेंद्र जी गर्ग एवं आदरणीया पुष्पा गर्ग जी (परिवार मस्टर्ड ऑइल), श्री बिल्लू नीलम अग्रवाल जी, श्री हरीश सिंगला जी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने इस आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज की। भक्तों ने पूज्य गुरुदेव के मार्गदर्शन में शिवलिंग पूजन और रुद्राभिषेक में हिस्सा लेकर भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम अनुभव किया। हरिधाम आश्रम में यह अनुष्ठान निरंतर जारी है और भक्तों में इसे लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज में एकता, भक्ति और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने का भी एक सशक्त माध्यम है। पूज्य स्वामी जी ने सभी भक्तों से इस पवित्र कार्य में सहभागी बनने और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का आह्वान किया।

## दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज एक स्कूल में बम की धमकी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट थॉमस स्कूल को मंगलवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद दोनों परिसरों में आपातकालीन सेवाएं तुरंत पहुंचीं और अधिकारियों द्वारा पूरे परिसरों में सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंथिया ने बताया कि सेंट स्टीफन कॉलेज की ओर से कहा गया है कि कॉलेज को सुबह सवा सात बजे बम की धमकी मिली थी। पुलिस के एक बयान में बंथिया के हवाले से कहा गया, ''मेल में कहा गया कि कॉलेज परिसर और पुस्तकालय में चार परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और दो आरडीएक्स (विस्फोटक) लगाए गए हैं, जो अपराह्न दो बजे तक फट जाएंगे।''

## शुभांशु शुक्ला ने भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया: राजनाथ

नयी दिल्ली, (भाषा) रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि शुभांशु शुक्ला ने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि ''भारत की आकांक्षाओं को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।''

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 20 दिनों की अंतरिक्ष यात्रा के बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं।

लखनऊ से लोकसभा सदस्य सिंह ने शुक्ला के पिता से फोन पर बात करके उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि देश को उनके बेटे की उपलब्धियों पर गर्व है।

कैमरों की ओर देखकर मुस्कुराते हुए और हाथ हिलाते हुए शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को ड्रैगन ग्रेस अंतरिक्षयान से बाहर निकले और अंतरिक्ष यात्रा पूरी करने के बाद ताजी हवा में पहली सांस ली।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे दक्षिणी कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट पर समुद्र में उतरा, जिससे 20 दिन की अंतरिक्ष यात्रा पूरी हुई। इसमें से 18 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बिताये गए।

भारतीय वायुसेना के 39 वर्षीय अधिकारी और परीक्षण पायलट शुक्ला ने 'एक्सिओम-4' मिशन के तहत अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा पूरी की। यह एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान थी, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का समर्थन प्राप्त था तथा यह एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित थी।

सिंह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफलतापूर्वक वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक उनकी यात्रा और वापसी सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए एक गौरवशाली कदम है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपार सफलता की कामना करता हूं।''





भारतीय वायुसेना ने भी शुक्ला का स्वागत करते हुए 'एक्स' पर एक बधाई संदेश पोस्ट किया। वायुसेना ने पोस्ट किया, ''पृथ्वी पर आपका स्वागत है, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला। भारतीय वायुसेना के सभी वायु योद्धा एक्सिओम-4 मिशन के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर आपको हार्दिक बधाई देते हैं।'' भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने एक डिजिटल पोस्टर भी साझा किया जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री की प्रोफाइल तस्वीर और एक कैप्शन था - 'साहस, शक्ति और प्रेरणा की एक यात्रा'। इस पर 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा' का नारा भी तिरंगे रंग की थीम में लिखा गया था।

जब लखनऊ में जन्मे शुक्ला को लेकर अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर उतरा तो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उस क्षण का जश्न ''भारत माता की जय'' के नारे और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मनाया गया।

शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला और मां आशा देवी ने अपने खुशी के आंसू पोंछे, जबकि उनकी बहन सुचि मिश्रा ने नम आंखों और हाथ जोड़कर अपने भाई का स्वागत किया। यह यात्रा भारत के लिए एक मील का पत्थर है: शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने और 1984 में राकेश शर्मा की ऐतिहासिक उड़ान के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले केवल दूसरे भारतीय।

राकेश शर्मा की अंतरिक्ष उड़ान के ठीक एक साल बाद, 10 अक्टूबर 1985 को जन्मे शुक्ला लखनऊ के एक मध्यमवर्गीय परिवार में पले-बढ़े, जिनका विमानन क्षेत्र या अंतरिक्ष से कोई सीधा संबंध नहीं था। हालांकि, बचपन में एक एयरशो देखने की यात्रा ने उनमें एक चिंगारी जला दी थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रक्षा मंत्री ने उनके पिता से बात की और उन्हें बताया कि देश को उनके बेटे की उपलब्धियों पर गर्व है।

## उन्नत प्रौद्योगिकी से लोगों के जीवन आ रहा बदलाव, लेकिन इसके दुरुपयोग से सावधान रहने की जरूरत: मुर्मू

कटक, (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लोगों की सोच और कार्यशैली में व्यापक बदलाव आने का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के दुरुपयोग के प्रति सावधान रहने की सलाह भी दी। मुर्मू ने यहां रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के 13वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि विश्वविद्यालय इन प्रौद्योगिकियों का अच्छा उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, ''यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, 3डी प्रिंटिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग ने हमारी सोच और कार्यशैली में व्यापक बदलाव ला दिया है।'' हालांकि, मुर्मू ने सभी को इन उन्नत प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग के प्रति सावधान रहने की सलाह दी।


स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।